धान आधारित फसल प्रणाली में चार धान फसल प्रणालियाँ (धान–गेहूँ, धान–चना, धान–गेहूँ–मूँग और धान–गेहूँ–धान–चना) का अध्ययन तीन पोषक तत्व प्रबंधन के स्तरों नियंत्रित, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (फसल अवशेष + जैव उर्वरक जिसमें राइजोबियम का प्रयोग दलहनी फसलों के लिए एवं फास्फेट घुलनशील जीवाणु का प्रयोग खाद्यान्न फसलों के लिए + गोबर की खाद 5 टन प्रति हे. + 50 प्रतिशत एन.पी.के.) और अकार्बनिक उर्वरक (एन.पी.के., गंधक, जस्ता और बोरॉन की संस्तुत मात्रा) का मूल्यांकन किया गया। विभिन्न फसल प्रणालियों में सबसे अधिक उपज धान–गेहूँ–मूँग (4,530 कि.ग्रा. चना समतुल्य उपज/हे.) प्राप्त हुआ है जबकि सबसे कम धान–गेंहूँ (2,871 कि.ग्रा. चना समतुल्य उपज/हे) प्राप्त हुआ। पोषक तत्व प्रबंधनों में सबसे अधिक उपज समेकित पोषक प्रबंधन तकनीक (4,235 कि.ग्रा. चना समतुल्य मूल्य/हे) प्राप्त हुआ है एवं सबसे कम नियंत्रित प्रयोग (1,966 कि.ग्रा. चना समतुल्य उपज/हे.) में प्राप्त हुआ। इसी प्रकार, सबसे ज्यादा शुद्ध लाभ (₹ 65,871/हे.) एवं लाभ लागत अनुपात (1.81) धान–गेंहूँ–मूँग फसल प्रणाली में प्राप्त हुआ जबकि सबसे कम धान–गेंहूँ (₹ 36,554/हे. और 1.62) में प्राप्त हुआ। पोषक तत्व प्रबंधनों में सबसे अधिक शुद्ध लाभ एवं लागत अनुपात समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (₹ 60,231/हे. और 1.92) में प्राप्त हुआ है। फसल प्रणाली के प्रत्येक फसल का उत्पादन समेकित पोषक तत्व प्रबंधन में अधिक हुआ है। धान (4,531 कि.ग्रा./हे.), गेंहूँ (4,702 कि.ग्रा./हे.), चना (1820 कि.ग्रा./हे.) एवं मूँग (1,386 कि.ग्रा./हे.) का अधिकतम उत्पादन समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के अन्तर्गत प्राप्त हुआ जो नियंत्रित प्रबंधन से बहुत अधिक है।

रबी फसलों में खरपतवारों के प्रकोप का भी अध्ययन किया गया। जाँच में सबसे ज्यादा खरपतवारों की संख्या (592/वर्ग मीटर) धान–गेंहूँ–मूँग फसल प्रणाली में पायी गयी तथा सबसे कम धान–गेंहूँ (363/वर्ग मीटर) में प्राप्त हुई। जबकि पोषक तत्व प्रबंधनों में सबसे अधिक नियंत्रित प्रबंधन (206/वर्ग मीटर) में पाया गया। खरपतवारों द्वारा गेंहूँ एवं चना की उपज में 46.8 एवं 42.3 का ह्रास दर्ज किया गया। मृदा एन्जाइम के अध्ययन में सबसे अधिक फोस्फेटेज (अम्लीय एवं क्षारीय), बीटा–ग्लूकोसाइडेज, एराइल सल्फेटेज, जीवाणु जीवभार कार्बन एवं नत्रजन की गतिविधियाँ व उपज धान–गेंहूँ–मूँग फसल प्रणाली में अधिक प्राप्त हुई है जबकि पोषक तत्व प्रबंधन में यह समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के अन्तर्गत मिला है।



/kku] xgw] puk ,oa e`x Qly ij ik"kd rRo izca/ku dk izHkko

fofHkUu ik"kd rRo izcU/ku dh mipkjksa ds vUrxZr Qlyksa dh mRikndrk ¼fd-xk-@g-½



fofHkUu izca/ku i)fr;ksa dh rgr Qly i.kkyh dh mRikndrk ¼fd-xk- puk ler`Y;@g-½

eDdk rFkk cktjk vk/kkfjr Qly i.kkyh

मक्का के चार फसल अनुक्रम, मक्का–गेंहूँ, मक्का–गेंहूँ–मूँग, मक्का–गेंहू–मक्का–चना (द्विवर्षीय) एवं अरहर–गेंहूँ तथा इसी तरह बाजरा के चार फसल अनुक्रम बाजरा–गेंहूँ, बाजरा–गेंहूँ–मूँग, बाजरा–गेंहूँ–बाजरा–चना (द्विवर्षीय) एवं अरहर–गेंहूँ के साथ तीन पोषक तत्व प्रबंधन प्रणालियों यथा नियंत्रित (उर्वरक रहित), समेकित (फसल अवशेष), जैव उर्वरक जिसमें दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम एवं अनाज वाली फसलों के लिए एजोटोबेक्टर, फॉस्फेट घोलक जीवाणु 5 टन/हे. गोबर की खाद संस्तुत रसायनिक उर्वरक (नत्रजन, फॉस्फोरस, पोटाश, गंधक, जस्ता एवं बोरॉन) का मूल्यांकन किया गया। प्रयोग में पूर्ववर्ती फसलों का आगामी फसल की पैदावार पर सराहनीय प्रभाव देखा गया। विभिन्न फसल चक्रों

lkj.kh 1% eDdk vk/kkfjr Qly i)fr e ?kVd Qly dh mit ¼fd-xk-@g-½

lkjh{k.k		eDdk	vjgj	xgw	e|x
Qly pØ	lkk"kd rRo i:c/ku				
मक्का–गेंहूँ	नियंत्रित	1657	–	1666	–
	रासायनिक	3860	–	2992	–
	समेकित	2979	–	2516	–
मक्का–गेंहूँ–मूँग	नियंत्रित	2390	–	1806	942
	रासायनिक	4162	–	3287	1014
	समेकित	3602	–	2972	1123
मक्का–गेंहूँ–मक्का–चना (द्विवर्षीय)	नियंत्रित	2325	–	1796	–
	रासायनिक	3961	–	3162	–
	समेकित	3305	–	2826	–
अरहर–गेंहूँ	नियंत्रित	–	814	1568	–
	रासायनिक	–	964	2346	–
	समेकित	–	1013	2139	–

lkj.kh 2% cktjk vk/kkfjr Qly i)fr e ?kVd Qly dh mit ¼fd-xk-@g-½

lkjh{k.k		cktjk	vjgj	Xkgw	e|x
Qly pØ	lkk"kd rRo i:c/ku				
बाजरा–गेंहूँ	नियंत्रित	1919	–	1736	–
	रासायनिक	3705	–	3021	–
	समेकित	2853	–	2493	–
बाजरा–गेंहूँ–मूँग	नियंत्रित	2703	–	1807	961
	रासायनिक	4076	–	3195	1055
	समेकित	3448	–	2599	1192
बाजरा–गेंहूँ–बाजरा–चना (द्विवर्षीय)	नियंत्रित	2324	–	1789	–
	रासायनिक	4005	–	3045	–
	समेकित	3138	–	2517	–
अरहर–गेंहूँ	नियंत्रित	–	814	1568	–
	रासायनिक	–	964	2346	–
	समेकित	–	1013	2139	–

में मक्का–गेंहूँ–मूँग में मक्का एवं गेंहूँ की सर्वाधिक पैदावार दर्ज की गयी (सारणी 1)। इसी तरह बाजरा एवं गेंहूँ की पैदावार में संतोषप्रद वृद्धि बाजरा–गेंहूँ–मूँग फसल चक्र में दर्ज की गई (सारणी 2)।

विभिन्न फसल पद्धतियों के अंतर्गत अरहर समतुल्य उपज का क्रम, मक्का–गेंहूँ–मूँग (3018 किग्रा./हे.), मक्का–गेंहूँ–मक्का–चना (1851 किग्रा./हे.), मक्का–गेंहूँ (1672 किग्रा./हे.) एवं अरहर–गेंहूँ (1625 किग्रा./हे.) रहा। इसी तरह बाजरा आधारित फसल पद्धतियों में सर्वाधिक अरहर समतुल्य उपज (2979 किग्रा./हे.) बाजरा–गेंहूँ–मूँग फसल चक्र में दर्ज की गई। बाजरा–गेंहूँ–बाजरा–चना, बाजरा–गेंहूँ एवं अरहर–गेंहूँ फसल चक्र में क्रमशः 1754, 1647 एवं 1626 किग्रा./हे. अरहर समतुल्य उपज दर्ज की गई।



विभिन्न पोषक तत्व प्रबन्धन उपचारों के अंतर्गत एकीकृत पोषक तत्व एवं नियंत्रित उपचारों की तुलना में संस्तुत रसायनिक उर्वरकों द्वारा उपचारित करने पर मक्का (डीकेसी 7074), बाजरा (प्रोएग्रो 9450) एवं गेंहूँ (एचडी 2967) की सर्वाधिक उपज दर्ज की गई। जबकि अरहर (उपास 120) एवं मूँग (आईपीएम 2–3) की सर्वाधिक उपज एकीकृत पोषक तत्व उपचार के अन्तर्गत पायी गई।

प्रयोगों से सिद्ध हुआ है कि दलहन फसल को अनाज आधारित फसल पद्धति में शामिल करने पर घटक फसलों एवं फसल तंत्र उत्पादकता में सार्थक वृद्धि होती है। इस प्रकार देखा गया है कि सर्वाधिक अरहर समतुल्य उपज मक्का–गेंहूँ–मूँग (3018 किग्रा./हे.) एवं बाजरा–गेंहूँ–मूँग (2979 किग्रा./हे.) फसल पद्धति में पायी गयी। विभिन्न पोषक तत्व प्रबंधन क्रियाओं में सर्वाधिक अरहर समतुल्य उपज रसायनिक उर्वरकों की संस्तुत मात्रा के प्रयोग करने पर मक्का (2420 किग्रा./हे.) एवं बाजरा (2367 किग्रा./हे.) आधारित फसल पद्धतियों में दर्ज की गयी।

ik"kd rRo çca/ku

nyguh Qlyksa esa lw{e rRoksa dk tSoik"Vhdj.k

दलहनी फसलों के दानों में सूक्ष्म तत्वों के शुदृढ़ीकरण हेतु जैव पौष्टीकरण के विभिन्न उन्नत तरीकों जैसे– सस्य जैव पौष्टीकरण (उर्वरक पौष्टीकरण) का अध्ययन किया गया। परिणामों से ज्ञात हुआ है कि उर्द एवं मूँग की फसल में जस्ता के घोल का पर्णीय छिड़काव करने पर इनके दानों में जस्ता की सान्द्रता में वृद्धि अर्जित की गई। जबकि मसूर, चना, मटर एवं राजमा की फसल में जस्ता के अधिक सान्द्रता के घोल (0.8–1.0%) का पर्णीय छिड़काव करने पर इनकी मात्रा में सार्थक वृद्धि पाई गई। इसी प्रकार जस्ता द्वारा बीज को लेपित करके बुवाई करने पर भी इसकी सान्द्रता में महत्वपूर्ण वृद्धि पाई गई। साथ ही यह भी पाया गया कि मसूर एवं मटर के बीज को 3 ग्रा. जस्ता/किग्रा. बीज की दर से लेपित करने की तुलना में चना, राजमा एवं उर्द के बीजों को 5 ग्रा. जस्ता/किग्रा. बीज की दर से लेपित करने पर इनके बीजों में जस्ता की सान्द्रता में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि बीज के अलावा तना, पत्ती, जड़ इत्यादि भागों में भी पाई गई। इसके अतिरिक्त, बीज अन्तः शोषण (नियंत्रित, 0.025, 0.05, 0.075, 0.10, 0.125, 0.150 एवं 0.175 प्रतिशत घोल) के द्वारा भी दलहन के सभी बीजों (रबी दलहन एवं खरीफ दलहन) में जस्ते की सान्द्रता में 7–13 प्रतिशत तक वृद्धि अर्जित की गई। जिंक अन्तः शोषण का सर्वाधिक प्रभाव राजमा में एवं सबसे कम मसूर तथा मूँग में देखा गया। इसका मुख्य कारण यह हो सकता है कि मसूर एवं मूँग द्वारा जिंक का अन्तर्ग्रहण कम या धीरे हुआ हो एवं फसल पकने तक जस्ते का दानों में स्थानांतरण बहुत ही कम हुआ हो। इसी प्रकार जस्ते को मृदा में प्रयुक्त करने पर भी दलहन के दानों में जस्ता की सान्द्रता में सार्थक वृद्धि पाई गई। मटर एवं राजमा में 3.5 मि.ग्रा./कि.ग्रा. मृदा एवं उर्द, मूँग तथा चना में 3.0 मि.ग्रा./कि.ग्रा. मृदा तक जस्ता प्रयुक्त करने तक अनुक्रिया दर्ज की गई। इस मात्रा से ज्यादा प्रयोग करने पर दलहन में कोई और अधिक सार्थक वृद्धि नहीं पाई गई।





eDdk&puk Qly i)fr esa vkxkeh ih<h dh mRikndrk dk eY;kadu

मक्का एवं चना की उत्पादकता, लाभप्रदता, संसाधन उपयोगिता दक्षता (जल, पोषक तत्व एवं ऊर्जा) एवं कारक उत्पादकता बढ़ाने हेतु मक्का–चना अनुक्रम में अन्तः फसलों एवं विशिष्ट उर्वरकों का परीक्षण किया गया। एकल मक्का एवं मक्का के साथ अन्तः फसलों को एवं चना को *बेड प्लांटर* द्वारा निर्मित स्थायी शैय्या पर बोया गया एवं किसी भी प्रकार का कर्षण नहीं किया गया। मक्का एवं मक्का के साथ उर्द एवं सोयाबीन की अन्तः फसलों को विभिन्न प्रकार के विशिष्ट उर्वरकों जैसे– एक उर्वरकों द्वारा संस्तुत मात्रा, नत्रजन का नीम लेपित यूरिया द्वारा अनुपूरण, कंपनी द्वारा निर्मित विशिष्ट उर्वरक, मक्का फार्मूला इत्यादि का मूल्यांकन किया गया। इसी तरह रबी में भी एकल एवं विशिष्ट उर्वरकों जैसे– चना फार्मूला, कम्पनी द्वारा निर्मित विशिष्ट उर्वरक, नीम लेपित यूरिया इत्यादि का परीक्षण किया गया। मक्का फार्मूला (6:5.4:10:6:1:0.6:0.2) एवं चना फार्मूला (5.5:4.6:4.5:8.3:1.4:0.8:0.08:0.034) का निर्माण संस्थान की प्रयोगशाला में ही किया गया। इस अध्ययन में एकल मक्का एवं मक्का के साथ उर्द एवं सोयाबीन को अन्तः फसल के रूप में उगाया गया परन्तु उर्वरकों की मात्रा एकल मक्का के हिसाब से ही प्रयुक्त की गई। अन्तः फसल (उर्द या सोयाबीन) को उर्वरकों की अतिरिक्त मात्रा नहीं दी गई। परीक्षणों से सिद्ध हुआ है कि एकल मक्का एवं मक्का सोयाबीन की तुलना में, मक्का उर्द के अन्तः फसल लेने पर मक्का की उपज में सार्थक वृद्धि अर्जित की गई। इससे सिद्ध होता है कि उर्द को मक्का के साथ अन्तः फसल के रूप में लेने पर मक्का की उपज पर कोई नकारात्मक असर/प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि मक्का की उपज में सकारात्मक वृद्धि होती है। हालांकि, चना को अनुक्रम में आगामी फसल के रूप में एकल मक्का के पश्चात् बुवाई करने पर चने की पैदावार अधिक पाई गई। जिसके कारणों की अभी खोज करना जारी है। उर्द एवं सोयाबीन को अन्तः फसल के रूप में लेने पर अतिरिक्त उपज प्राप्त हुई। दूसरी तरफ प्रयोगशाला में निर्मित मक्का फार्मूला के प्रयोग करने पर दानों की उपज में सार्थक वृद्धि अर्जित की गई।

साथ यह भी विधित हुआ कि एकल उर्वरकों के बजाय विशिष्ट उर्वरकों के प्रयोग करने पर भी उपज में सार्थक वृद्धि होती है। अन्य उर्वरकों (एकल एवं कम्पनी द्वारा निर्मित विशिष्ट उर्वरक) की तुलना में मक्का फार्मूला के प्रयोग करने पर मक्का के साथ–साथ उर्द एवं सोयाबीन (अन्तः फसलों) की उपज में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। मक्का के बाद जब चना के आगामी फसल के रूप में अनुक्रम में बोने पाया गया कि चना फार्मूला के प्रयोग करने पर चना की उपज में अन्य उर्वरक प्रबंधन की तुलना में वृद्धि पाई गई।

परीक्षणों से सिद्ध हुआ है कि मक्का उर्द अन्तः फसल लेने पर फसल पद्धति तंत्र उत्पादकता, मक्का समतुल्य उपज (65.60 कु./हे.) एवं चना समतुल्य उपज (46.85 कु./हे.) में संतोषप्रद वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, मक्का फार्मूला एवं चना फार्मूला के प्रयोग करने से मक्का समतुल्य उपज (75.01 कु./हे.) एवं चना समतुल्य उपज (53.64 कु./हे.) में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई। यह परीक्षण दर्शाता है कि पोषक तत्वों की इच्छित मात्रा को संतुलित रूप से पौधे की मांग या आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जाए तो पैदावार में संतोषप्रद वृद्धि होती है।

l:lk/ku mi;kx n{krk

vjgj&xgw Qly i)fr e l:lk/kuk dh i:;kx n{krk

अगेती अरहर की बुवाई 5 एवं 15 जून की अपेक्षाकृत 25 मई को करने पर पौधों की लंबाई एवं द्वितीयक शाखाओं की संख्या में सार्थक वृद्धि पाई गयी। जबकि, पर्ण क्षेत्र, पर्णहरित की मात्रा, प्राथमिक शाखाओं की संख्या, प्रति पौधे फलियों की संख्या, प्रति फली में दानों की संख्या एवं 1000 दानों के भार में अधिक वृद्धि 5 जून को बुवाई करने पर पाई गयी (सारणी 3)। इसके अतिरिक्त, अगेती अरहर की घनी बुवाई करने (40×15 से.मी.) पर फलियाँ एवं शाखाऐं कम बनीं एवं पौधों की लम्बाई अनावश्यक बढ़ी जिससे पैदावार में कमी दर्ज हुई। अतः अध्ययनों से ज्ञातव्य है कि अगेती अरहर की उत्पादकता में बुवाई का समय एवं फसल ज्यामिति का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी प्रकार, लंबाई के अलावा अन्य वृद्धि एवं उपज गुणधर्मों में अरहर की बुवाई व्यापक/वृहत् दूरी पर (60×15 से.मी.) करने पर अधिकता दर्ज की गई। साथ ही अरहर की बुवाई 5 जून को 50×15 से.मी. ज्यामिति पर करने पर अरहर की दाना उपज, भूसा उपज एवं जैव भार उपज में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा फसल पद्धति का अरहर समतुल्य उपज मूल्यांकन करने पर ज्ञात हुआ कि सर्वाधिक उपज 25 मई को अरहर की बुवाई करने एवं कटाई उपरान्त गेंहूँ की बुवाई करने पर दर्ज की गई। अरहर की बुवाई जल्दी करने पर गेंहूँ को परिपक्वता में अधिक समय मिल जाता है, परिणामस्वरूप उपज अधिक होती है। इसी तरह अरहर की बुवाई उठी हुई क्यारी/शैय्या पर करने एवं तत्पश्चात गेंहूँ की आगामी फसल उसी उच्च शैय्या (50×15 से.मी.) पर गेंहूँ की तीन पंक्तियाँ बुवाई करने पर अधिक उपज दर्ज की गई (सारणी 4)। अगेती अरहर एवं गेंहूँ की बुवाई परंपरागत कर्षण द्वारा करने पर अरहर की उपज में औसतन 2 कु./हे. की अधिक पैदावार दर्ज की गई, जो कि शून्य कर्षण की तुलना में अधिक रही। जबकि, बुवाई समय, फसल ज्यामिति एवं कर्षण क्रियाओं का उपज सूची पर कोई प्रभाव दर्ज नहीं किया गया।

lkj.kh 3% cokbZ le;] Qly T;kfefr ,oa d"k.k fodYiksa dk vjgj dh of) ,oa mit ?kVdksa ij izHkko

mipkj	ik/k dh yckbZ ¼lseh-½	i.kZ {ks= lwph ¼cokbZ dh 120 fnu ckn½	i.kgfjr dh ek=k ¼cokbZ dh 120 fnu ckn½	izFkfed 'kk[kk,¡@ik/kk	f}rh;d 'kk[kk,¡@ik/kk	Qfy;k@ik/kk	nkuk@Qyh	1000&nkuksa dk Hkkj ¼xzke½
बुवाई का समय (अरहर)								
25 मई	203.6	2.73	43.6	13.7	8.2	153.3	2.6	7.6
05 जून	198.4	2.79	44.7	14.2	7.9	164.6	3.1	7.9
15 जून	182.7	2.32	37.8	11.3	4.4	112.8	2.3	6.5
सी.डी. (पी.=0.05)	13.4	0.17	2.3	0.78	0.43	11.8	0.21	0.57
फसल ज्यामिति (अरहर)								
40×15 से.मी.	206.3	2.43	38.3	9.6	3.1	106.8	2.1	6.3
50×15 से.मी.	192.2	2.67	42.1	14.2	8.2	157.4	2.7	7.6
60×15 से.मी.	186.4	2.74	45.7	15.4	9.3	166.5	3.2	8.1
सी.डी. (पी.=0.05)	4.3	0.04	0.78	0.32	0.26	4.7	0.07	0.16
कर्षण विकल्प (गेंहूँ)								
शून्य कर्षण	188.3	2.57	40.3	11.8	6.1	124.8	2.4	7.1
परंपरागत कर्षण	201.6	2.65	43.8	14.3	7.6	162.3	2.9	7.5
सी.डी. (पी.=0.05)	3.2	0.04	0.45	0.14	0.08	2.9	0.04	0.13

अगेती अरहर की बुवाई 5 जून को करने पर नत्रजन, फॉस्फोरस, पोटाश, गंधक एवं जस्ता इत्यादि पोषक तत्वों की मात्रा एवं उद्ग्रहण में सार्थक वृद्धि पाई गई। यह सार्थक वृद्धि पौधों को 5 जून को बुवाई करने पर अनुकूल परिस्थिति उपलब्धता के कारण हो सकती है। क्योंकि अरहर की बुवाई 25 मई (बहुत जल्दी) करने पर अत्यधिक तापमान की वजह से पौधों की वृद्धि धीमी होती है एवं बुवाई 15 जून (बहुत देरी) से करने पर देरी होने के कारण फूल बनते समय अधिक ठंडक आ जाती है एवं परिपक्वता में देरी के कारण जैवभार में कमी आती है तथा पोषक तत्वों का उद्ग्रहण कम हो पाता है। दूसरी ओर, फसल ज्यामिति का भी पोषक तत्वों की मात्रा एवं उद्ग्रहण पर सार्थक प्रभाव देखा गया। अगेती अरहर की बुवाई 60×15 सेमी. पर करने पर प्रति पौधा द्वारा पोषक तत्वों की मात्रा एवं उद्ग्रहण में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई।

जबकि, प्रारंभिक (नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश), द्वितीयक (गंधक) एवं सूक्ष्म (जस्ता) पोषक तत्वों की कुल मात्रा का उद्ग्रहण अरहर की बुवाई 50×15 से.मी. पर करने पर पाया गया। क्योंकि इस फसल ज्यामिति (50×15 से.मी.) के अन्तर्गत अधिक उपज होने एवं अधिक जैवभार की पैदावार होने के कारण पोषक तत्वों के उद्ग्रहण में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह कर्षण क्रियाओं का भी पोषक तत्व उद्ग्रहण पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है।

lkj.kh 4% cokbZ le;] Qly T;kfefr ,oa d"kZ.k fodYiksa dk vjgj dh mit ,oa inksa ij izHkko

mipkj	nkuksa dh mit ¼fd-@g-½	Hkwlk dh mit ¼fd-@g-½	tSoHkkj mit ¼fd-@g-½	inksa lph
बुवाई का समय (अरहर)				
25 मई	14.62	48.90	63.52	23.04
05 जून	15.93	49.69	65.62	24.29
15 जून	13.34	44.11	57.45	23.22
सी.डी. (पी.=0.05)	1.25	3.91	5.16	असार्थक
फसल ज्यामिति (अरहर)				
40×15 से.मी.	12.62	41.05	53.67	23.52
50×15 से.मी.	16.85	54.78	71.64	23.52
60×15 से.मी.	14.41	46.87	61.28	23.51
सी.डी. (पी.=0.05)	0.73	2.41	3.14	असार्थक
कर्षण विकल्प (गेंहूँ)				
शून्य कर्षण	13.63	44.32	57.95	23.51
परंपरागत कर्षण	15.63	50.82	66.45	23.53
सी.डी. (पी.=0.05)	0.39	1.30	1.69	असार्थक



ldj vjgj&xgw Qly i)fr dh fy, lHkkouk lq{k.k

संकर अरहर–गेंहूँ पद्धति की अधिक उत्पादकता एवं उच्च लाभप्रदता के साथ संसाधन संरक्षण हेतु कानपुर की *टीपिक अस्टोक्रेप्ट* मृदा में अगेती संकर अरहर (आईपीएच 09–5) एवं गेंहूँ (उन्नत हालना) अनुक्रम में परीक्षण किया गया। परीक्षण के अन्तर्गत विभिन्न फसल ज्यामितियाँ (50×20, 60×20 एवं 70×20 सेमी.) तथा बुवाई का समय (1 जून, 15 जून एवं 30 जून) की जाँच की गई। अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि अगेती संकर अरहर की बुवाई 1 जून को करने पर पौधों की लंबाई, पर्णक्षेत्र सूची, पर्णहरित की मात्रा, शाखाऐं, फली, दाने एवं 100–दानों के भार में 15 जून एवं 30 जून बुवाई की तुलना में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार, फसल ज्यामिति का भी अरहर की वृद्धि एवं उपज गुणधर्म पर सार्थक प्रभाव देखा गया। संकर अरहर की बुवाई अधिक दूरी (70×20 से.मी.) पर करने के बजाय कम दूरी/सघन (50×20 से.मी.) पर करने से पौधों की लंबाई में सर्वाधिक वृद्धि (225.2 से.मी.) पाई गई। जबकि, संकर अरहर की बुवाई अधिक दूरी (70×20 से.मी.) पर करने पर पर्ण क्षेत्र सूची, पर्णहरित की मात्रा, शाखाऐं, फलियों, दानों एवं 100–दानों के भार में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई। इस वृद्धि का कारण पौधों की उचित दूरी, (70×20 से.मी.) पर बुवाई करने पर सूर्य के प्रकाश, मृदा नमी एवं पोषक तत्वों की उपलब्धता एवं प्रकाश संश्लेषकों के प्रवाह में सार्थक वृद्धि पाई गई।



संकर अरहर की बुवाई 15 एवं 30 जून की तुलना में 1 जून को करने पर सर्वाधिक उपज (20.26 कु./हे.) दर्ज की

गई। इसी प्रकार अरहर की बुवाई 50×20 से.मी. एवं 60×20 से.मी. की दूरी की तुलना में 70×20 से.मी. की दूरी पर करने से उपज में अधिक बढ़वार (19.19 कु./हे.) हुई। इसके अलावा, 1 जून को बोई गई अरहर की कटाई के पश्चात् गेंहूँ की बुवाई करने पर फसल पद्धति उत्पादकता तंत्र (अरहर समतुल्य उपज) में सार्थक वृद्धि (35.04 कु./हे.) पाई गई। इसी तरह 70×20 से.मी. फसल ज्यामिति पर बोई गई अरहर की कटाई उपरान्त गेंहूँ की बुवाई करने पर 33.88 कु./हे. अरहर समतुल्य उपज दर्ज की गई। साथ ही संकर अरहर–गेंहूँ अनुक्रम में गेंहूँ को कुल संस्तुत उर्वरकों की मात्रा देने पर गेंहूँ एवं अरहर उपज में अर्थपूर्ण वृद्धि पाई गई। अरहर की फसल ज्यामिति एवं बुवाई समय का अरहर की लंबाई एवं उपज पर पारस्परिक प्रभाव दर्ज किया गया। इससे विधित है कि संकर अरहर की बुवाई जल्दी (1 जून) एवं पर्याप्त दूरी (70×20 से.मी.) पर करने से उपज में वृद्धि होती है, बजाय सघन एवं अत्याधिक देरी से बुवाई करने पर।



ty çc/ku

e/; Hkkjr e nygu vk/kkfjr Qly i)fr;k e lq/kkj mi;qfxrk n{krk dk c<kuk ¼lk;kchu $ nygu vUr% Qly½

वर्षा ऋतु में अजैविक बलाघात जैसे– जल भराव एवं भारी मिट्टी के कारण फसल के अनुमाप कार्य–निष्पादन हेतु भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय केन्द, फन्दा, भोपाल में एक परीक्षण किया गया। यह परीक्षण सोयाबीन–मसूर फसल पद्धति पर दोहरे उद्देश्यों सोयाबीन– मसूर की तंत्र उत्पादकता को बढ़ाने, तथा संरक्षित कृषि प्रणाली में सोयाबीन–मसूर फसल पद्धति को स्थापित करने हेतु किया गया।

अध्ययन के अन्तर्गत प्रक्षेत्र की मिट्टी का भी परीक्षण किया गया। परीक्षण मृदा का पी.एच. मान 7.87, उपलब्ध नत्रजन 198 कि.ग्रा./हे. (कम), मृदा कार्बन 0.42 प्रतिशत (कम), उपलब्ध फास्फोरस 15.5 कि.ग्रा./हे. (मध्यम) एवं उपलब्ध पोटाश 368 कि.ग्रा./हे. (अधिक) पाया गया। इस परीक्षण में अगेती अरहर (टीजेटी 501), मक्का (रासी 4242), ज्वार (कर्नल 6363), उर्द (आईपीयू 2–43) एवं तिल (जी2) को सोयाबीन के साथ 2:2 अनुपात में विस्थापित श्रृंखला के रूप में अन्तः फसल ली गई। यह फसलें दो तरह के भू–विन्यास समतल एवं चौड़ी क्यारी एवं नाली (बीबीएफ) पर उगाई गयी। खरीफ फसलों की कटाई के उपरान्त रबी (शीतकाल) के मौसम में मसूर (आईपीएल 316) उगाई गई। परीक्षण से पाया गया कि खरीफ एवं रबी दोनों ही ऋतुओं में फसलों की बुवाई समतल क्यारी में करने के बजाय चौड़ी क्यारी एवं नाली विधि द्वारा करने पर फसल उत्पादकता में सार्थक वृद्धि पाई गई (सारणी 5)। इसी तरह जब खरीफ एवं रबी (सोयाबीन + अन्तः फसल–मसूर) फसलों की कुल तंत्र उत्पादकता की तुलना की गई तो पाया गया कि सर्वाधिक कुल तंत्र उत्पादकता सोयाबीन + अरहर–मसूर फसल पद्धति में दर्ज की गई। इसके पश्चात् सोयाबीन+उर्द–मसूर में दर्ज की गई। तथापि, अरहर एवं ज्वार की कटाई देर से होने (नवंबर का अंतिम सप्ताह) के कारण मसूर की बुवाई देर से हुई जिसके कारण मसूर की उपज के साथ–साथ फसल तंत्र उत्पादकता में भी सार्थक कमी अंकित की गई। इसके अलावा बारानी मसूर (सिंचाई रहित) के बजाय फली बनते समय एक पूरक सिंचाई देने पर मसूर की उपज में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई। इस अध्ययन से सिद्ध होता है कि मध्य भारत में सोयाबीन आधारित फसल पद्धतियाँ (जैसे–अल्पकालीन अरहर एवं उर्द के साथ अन्तः फसल) की टिकाऊ खेती करने की अपार सम्भावनाएँ हैं।

मध्य भारत में फसल पद्धति सघनता को बढ़ाने हेतु निम्नांकित उपाय अपनाए जा सकते हैं :

- अगेती अरहर +सोयाबीन, अन्तः फसल की बुवाई मानसून की पहली बरसात होते ही जून मध्य या अंतिम जून तक कर देनी चाहिए।
- अगेती अरहर की शीघ्र पकने वाली किस्में जैसे– टीजेटी 501, टीटी 401, जेकेएम 189 को उगाएँ।
- फसल को चौड़ी क्यारी एवं नाली (बी.बी.एफ.) शैय्या पर उगाएँ।
- अरहर को 50–70 से.मी. दूरी पर उगाएँ।
- अनुक्रम में रबी दलहन (मसूर) की बुवाई दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक कर दें ताकि देरी से बुवाई की वजह से उपज में कमी न आए।
- एक पूरक सिंचाई की व्यवस्था अवश्य करें ताकि अधिक उपज ली जा सके।

lkj.kh 5% lk;kchu ,oa vUr% Qlyksa ij fofHkUu mipkjksa dk mit ij izHkko ¼fd-xk-@g-½

mipkj	lk;kchu ¼cht mit½	lk;kchu ¼pkjk mit½	vjgj ¼cht mit½	Tokj ¼cht mit½	mnl ¼cht mit½	eDdk ¼chTk mit½	fry ¼chTk mit½	lk;kchu lerY; mit ¼vUr%Qly½	lk;kchu lerY; mit ¼lk;kchu$vUr% Qly½
भू–विन्यास									
समतल	1047	2376	1926	799	556	751	363	1199	2247
चौड़ी क्यारी एवं नाली (बीबीएफ)	1270	2683	2495	1003	694	799	424	1507	2777
क्रांतिक अन्तर	183	279	333	198.7	126	38.9	47.5	109	146
अन्तः फसल (2:2)									
अरहर	1123	2506	2210	–	–	–	–	4022	5145
मूँग	1232	2387	–	901	–	–	–	528	1759
उर्द	1123	2613	–	–	625	–	–	1126	2249
मक्का	1104	2387	–	–	–	775	–	381	1485
तिल	1212	2631	–	–	–	–	393	709	1921
क्रांतिक अन्तर	असार्थक	असार्थक	–	–	–	–	–	221	291

इस अध्ययन का सार यह है कि अनाज, तिलहन को दलहन के साथ अन्तः फसल के रूप में लेने पर खरीफ एवं रबी (सोयाबीन+अन्तः फसल–मसूर) की उत्पादकता में सार्थक वृद्धि, सोयाबीन+अरहर–मसूर फसल पद्धति अपनाने पर पाई गई। साथ ही समतल क्यारी में बुवाई की अपेक्षाकृत चौड़ी क्यारी एवं नाली (बीबीएफ) पर दोनों ही ऋतुओं (खरीफ एवं रबी) में बुवाई करने पर उपज में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा बारानी मसूर (बगैर सिंचाई के, वर्षा आधारित) की तुलना में एक सिंचाई (पूरक) करने पर मसूर की उपज में सार्थक वृद्धि पाई गई।

e/; Hkkjr e lk;kchu$vjgj ¼2%2 ijd Ükl[ky½] vjgj ,oa lk;kchu d i'pkr elj dh Qly dk in'ku



v/;;u d vrxr Qly i.kkyh dk le; pØ



lk;kchu $vjgj&elj Qly i)fr }kjk ldy vk; ¼₹ ifr gDVs;j½

lery D;kjh dh rqyuk e pkMh D;kjh ,oa ukyh ¼ch-ch-,Q-½ dk ty fudkl ,oa enk lj{k.k e ykHk

e/; Hkkjr e nygu vk/kkfjr Qly i)fr;k e lq/kkj i;kx n{krk dk c<kuk ¼lk;kchu& nygu i)fr½

सोयाबीन आधारित फसल पद्धति की विविधता एवं जैव– सघनता को बढ़ाने हेतु दलहन को फसल पद्धति में शामिल करके उत्पादकता बढ़ाने हेतु फन्दा, भोपाल में परीक्षण किया गया। इस परीक्षण के मुख्य उद्देश्य (अ) प्रति हेक्टेयर फसल उत्पादकता (ब) प्राकृतिक संसाधनों की उपयोगिता दक्षता एवं (स) आय में वृद्धि करना था। इस परीक्षण में समतल क्यारी तथा चौड़ी क्यारी एवं नाली (बी.बी.एफ.) को मुख्य भूखण्ड में आवंटित किया गया एवं बीज द्वारा जल के अन्तःशोषण, अन्तःशोषण+उर्वरक, अन्तःशोषण+यूरिया एवं बगैर अन्तःशोषण उपचारों को उप–भूखण्ड में आवंटित किया गया।

परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि खरीफ में सोयाबीन की बुवाई समतल क्यारी पर करने के बजाय चौड़ी क्यारी एवं नाली (बी.बी.एफ.) पर करने से उपज में 12.9 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई (सारणी 6)। इसी तरह भूसे में 12.7 एवं शुष्क भार में 12.8 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा भी सोयाबीन की बुवाई चौड़ी क्यारी एवं नाली पर करने से वृद्धि एवं उपज घटकों में भी सार्थक वृद्धि अर्जित की गई। इसी तरह मसूर की बुवाई भी समतल क्यारी की तुलना में चौड़ी क्यारी एवं नाली पर करने से उपज में 17.9 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इस प्रकार कुल तंत्र उत्पादकता (सोयाबीन+मसूर) में 15.3 प्रतिशत तक वृद्धि पाई गई।

मसूर के बीजों को 4 घण्टे तक पानी में अंन्तःशोषण करके बुवाई करने पर भी उपज में वृद्धि पाई गई। इसके अलावा मसूर के बीजों को जल द्वारा अंन्तःशोषित करके एवं पलवार बिछाने पर उपज 974 कि.ग्रा./हे. दर्ज की गई। परिणामस्वरूप, सोयाबीन–मसूर फसल पद्धति में सर्वाधिक सोयाबीन समतुल्य उपज (2195 कि.ग्रा./हे.) दर्ज की गई।

nyguh Qlyksa dh mPp mRikndrk gsrq d'ky ty izca/ku

elj e tSfodh ,oa QkWokjk fl apkbZ dk izHkko

सस्य विज्ञान के परीक्षण में मसूर (आईपीएल 316) का 2016–17 में अध्ययन किया गया। इस परीक्षण की बुवाई मध्य नवम्बर में की गई तथा इसमें खाद की मात्रा सामान्य दी गयी। जिसमें पाँच उपचार तथा तीन तरह की जुताई पर प्रयोग किया गया। इसमें पारम्परिक कर्षण कम कर्षण तथा शून्य कर्षण के तीन उपचारों पर प्रयोग किया गया तथा उसमें सिंचाई दो प्रकार से की गयी (बाढ़ सिंचाई एवं फौव्वारा सिंचाई)। ये दोनों सिंचाई दो बार दी गयीं। इसमें एक सिंचाई

lkj.kh 6% Hk&foU;kl mipkjksa dk lk;kchu mit ,oa mit dkjdksa ij izHkko ¼izFke o"kZ½

mipkj	Ckht mit ¼fd-xk-@lykV½	Ckht mit ¼fd-xk-@g-½	Hkwlk mit ¼fd-xk-@g-½	tSoHkkj mit ¼fd-xk-@g-½	cht@ik/kk	ik/kk dh yEckbZ ¼lseh-½	'kk[kk,¡@ik/kk ¼izfr½	Qfy;k@ik/kk	cht@ik/kk
भू–विन्यास (खरीफ)									
समतल	13.47	962	1537	2499	63.0	31.5	2.64	25.2	2.78
चौड़ी क्यारी एवं नाली (बीबीएफ)	15.20	1086	1732	2818	72.8	33.9	3.06	28.9	3.22
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	1.72	122	170	294	7.39	2.0	0.29	2.8	0.28

भू–खण्ड आकार (140 वर्ग मीटर)

lkj.kh 7% Hk&foU;kl] d"k.k ,oa ty vUr%'kks"k.k dk eljh dh mit ,oa mit dkjdk ij izHkko

mipkj	Ckht mit ¼xk-@lYkkV½	Ckht mit ¼fd-xk@g-½	pkjk mit ¼fd-xk-@g-½	tSoHkkj ¼fd-xk-@g-½	lk;kchu lerqY; mit ¼jch½	lk;kchu lerqY; mit ¼[kjhQ$jch½
भू–विन्यास (खरीफ)						
समतल	1096	783	1064	1847	942	1904
चौड़ी क्यारी एवं नाली (बीबीएफ)	1292	923	1245	2168	1110	2196
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	164	117	167	282	140	177
अन्तः शोषण (मसूर)						
नियंत्रित	1067	763	1036	1799	917	1941
जल अन्तः शोषण	1202	858	1167	2025	1033	2057
जल अन्तः शोषण+पलवार	1363	974	1323	2296	1171	2195
जल अन्तः शोषण + उर्वरक	1177	841	1147	1987	1012	2035
जल अन्तः शोषण+यूरिया	1160	828	1101	1930	997	2021
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	147	105	149.8	253	127	127

lkj.kh 8% Hk&foU;kl] d"k.k ,oa ty vUr%'kks"k.k dk lk;kchu ,oa eljh dh mit ij izHkko

mipkj	lk;kchu cht mit ¼fd-xk-@g-½	eljh cht mit ¼fd-xk-@lykV½	eljh cht mit ¼fd-xk-@g-½	eljh dh lk;kchu lerqY; mit ¼fd-xk-@g-½	iqjkyh dh dy lk;kchu lerqY; mit ¼fd-xk-@g-½
भू–विन्यास					
समतल	1574	880	887	1263	2837
चौड़ी क्यारी एवं नाली (बीबीएफ)	1894	946	947	1348	3241
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	156	44.3	39.4	56.3	385.6
कर्षण					
शून्य कर्षण	–	950	950	1353	3173
सूक्ष्म कर्षण	–	876	884	1258	2905
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	–	47.3	42.2	60.2	215
बीज का जल अन्तःशोषण					
नियंत्रित	–	783	801	1140	2816
जल अन्तःशोषण	–	932	932	1330	3051
बीज का जल अन्तःशोषण+पलवार	–	1008	1002	1426	3266
बीज का जल अन्तःशोषण+उर्वरक	–	925	928	1321	3023
बीज का जल अन्तःशोषण+यूरिया	–	917	921	1310	3038
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	–	93.1	83.2	118	230

lkj.kh 9% elj dh mit ,oa mit dkjdksa ij d"k.k ,oa fl apkbZ dk izHkko

mipkj	Ckh t mit ¼fd-xk-@g-½	Hkl k mit ¼fd-xk-@g-½	t oHkkj ¼fd-xk-@g-½	mit lpdkd (%)	Qyh@ik/kk	cht@ik/kk	100&cht ka dk Hkkj ¼xk-½
d"k.k							
शून्य कर्षण	1826	2837	4663	39.4	110	1.79	2.87
सूक्ष्म कर्षण	1805	2771	4576	39.6	112	1.88	2.95
पारम्परिक कर्षण	1768	2424	4192	42.4	103	1.72	2.89
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	असार्थक	असार्थक	असार्थक	असार्थक	असार्थक	असार्थक	असार्थक
fl apkbZ le; lkj.kh							
बाढ़ सिंचाई (शाखा)	1714	2355	4069	42.2	94	1.79	2.97
बाढ़ सिंचाई (शाखा+फली)	1837	2809	4646	39.8	114	1.84	2.89
फौव्वारा सिंचाई (शाखा)	1697	2397	4094	41.7	97	1.79	2.91
फौव्वारा सिंचाई (शाखा+फली)	1881	2940	4821	39.2	120	1.85	2.88
फौव्वारा सिंचाई (शाखा बनने से लेकर फली बनने तक)	1870	2886	4756	39.5	118	1.72	2.86
क्रांतिक अन्तर (पी=0.05)	144	217	231	असार्थक	11.4	असार्थक	असार्थक

शाखा बनते समय तथा एक सिंचाई फली बनते समय की गयी। इसके फलस्वरूप शून्य कर्षण के उपचार में अच्छा प्रभाव देखने को मिला तथा इसमें शाखा बनते समय एवं फली बनते समय सिंचाई का अच्छा प्रभाव देखने को मिला (सारणी 7 व 8)।

परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि शून्य कर्षण वाले उपचार में शाखा बनते समय तथा दाना भरते समय फौव्वारा द्वारा सिंचाई करने पर उपज में वृद्धि पाई गयी तथा प्रति पौधा जैवभार एवं बीज की पैदावार भी अधिक देखी गयी और इसके 100 दाने का भार भी अधिक रहा। जैवभार में, फली प्रति पौधा में तक की वृद्धि पाई गयी इसके फलस्वरूप कुल उत्पादन में भी अच्छी वृद्धि अर्जित की गई (सारणी 9)।

फौव्वारा विधि द्वारा शाखा बनते समय एवं फलियाँ बनते समय सिंचाई करने पर लगभग 1800 कि.ग्रा./हे. तक मसूर की उपज दर्ज की गई। सामान्यतः यह देखा गया है कि पलेवा करके बुवाई करने (मध्य नवम्बर) मसूर की बुवाई करने पर इसकी वृद्धि एवं विकास करीब दो माह तक लगातार होता रहता है। क्योंकि इस काल में जल वाष्पीकरण की धीमी गति

lkj.kh 10% elj dh mit ,oa mit dkjdksa ij d"k.k ,oa fl apkbZ le;&lkj.kh dk izHkko

mipkj	'kk[kk@ik/kk	l [kk otu ¼xk-@ik/kk½	ik/k dh yEckbZ ¼l-eh-½	nkuk dh mit ¼xk-@ik/kk½
d"k.k				
शून्य कर्षण	5.60	16.1	46.5	5.37
सूक्ष्म कर्षण	5.57	11.0	45.4	5.34
पारम्परिक कर्षण	4.88	10.1	45.3	4.69
क्रान्तिक अन्तर (पी=0.05)	असार्थक	असार्थक	असार्थक	असार्थक
fl apkbZ le; lkj.kh				
बाढ़ सिंचाई (शाखा)	4.64	9.6	44.7	4.48
बाढ़ सिंचाई (शाखा+फली)	5.58	10.8	45.6	5.32
फौव्वारा सिंचाई (शाखा)	5.00	9.8	45.0	4.56
फौव्वारा सिंचाई (शाखा+फली)	5.69	11.6	46.5	5.54
फौव्वारा सिंचाई (शाखा बनने से लेकर फली बनने तक)	5.84	11.9	46.6	5.77
क्रान्तिक अन्तर (पी=0.05)	0.74	1.4	असार्थक	0.83

(नवम्बर में 1.30 मि.मी. प्रतिदिन एवं दिसम्बर में 0.94 मि.मी. प्रतिदिन) होने के कारण नमी का ह्रास कम होता है। परिणामस्वरूप सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है। इसके पश्चात् फलियाँ बनते समय सिंचाई (फौव्वारा या बाढ़ द्वारा) की आवश्यकता पड़ती है। इसी कारण शाखाएं एवं फलियाँ बनते समय सिंचाई करने पर फसल वृद्धि एवं उपज में सार्थक वृद्धि अर्जित की गई (सारणी 10)।

इस प्रकार देखा गया कि फौव्वारा विधि द्वारा सिंचाई करने पर औसतन 173–184 कि.ग्रा./हे. तक दाने की उपज में वृद्धि दर्ज की गई। परिणामों से यह ज्ञात हुआ कि शाखाएं एवं फलियाँ बनते समय फौव्वारा द्वारा सिंचाई करने पर मसूर की वृद्धि, विकास एवं दाने की उपज के साथ–साथ जल उपयोगिता दक्षता में भी सार्थक वृद्धि पाई गई। ध्यान देने योग्य बिन्दु यह भी है कि फौव्वारा विधि द्वारा सिंचाई की तुलना में बाढ़ द्वारा सिंचाई करने पर शुरूआत के वर्षों में लाभः लागत अनुपात में अधिक लाभ अर्जित हो रहा है, परन्तु यदि फौव्वारा की लागत को उसके जीवनकाल (लगभग 10 वर्ष) में विभाजित करके लाभः लागत अनुपात निकाला जाए तो निश्चित ही फौव्वारा विधि द्वारा आय में सार्थक वृद्धि होगी।

इस प्रकार, प्रक्षेत्र अध्ययन से ज्ञातव्य है कि मसूर के प्रदर्शन पर जलवायु की असामान्य स्थिति का भी इसकी उत्पादकता पर प्रभाव पड़ता है। वर्तमान परीक्षण का सार्थक परिणाम यह रहा कि फौव्वारा सिंचाई का मसूर की उत्पादकता एवं प्राकृतिक संसाधनों की उपयोगिता दक्षता पर सार्थक प्रभाव दर्ज किया गया।

QkOokjk fl apkbZ ,oa Qly T;kfefr dk xh"edkyhu eq x ij izHkko

फसल उत्पादन विभाग के द्वारा मूँग की दो प्रजातियों का प्रदर्शन करने हेतु मूँग की सम्राट एवं आईपीएम 2–3 का चुनाव किया गया। जिसकी पाँच तरह से अलग–अलग दूरी पर बुवाई की गई। इसमें एक उपचार में फौव्वारा तथा अन्य में बाढ़ विधि द्वारा सिंचाई की गई। इस परीक्षण में सस्य तकनीकी को ध्यान में रखते हुए लाइन की दूरी को सिंचाई तकनीकी के साथ प्रयोग करते हुए कार्य किया गया तथा उसमें उन्नत सिंचाई एवं सस्य तकनीकी पर सम्मिलित रूप से परीक्षण किया गया।

ijh{k.k i{k= d vUrxZr eq j dh fLFkfr ¼ck,¡ ls nk,½ eq j i{k=] 'kU; d"k.k ,oa Qkokjk fl apkbZ ¼'kk[kk ,oa dyh cur le;½ ,oa 'kU; d"k.k

ijh{k.k i{k= d vUrxZr eq j Qly ¼ck,¡ ls nk,½] 'kk[kk,¡ cur le; 'kU; d"k.k e ck< fl apkbZ ,oa 'kk[kk,¡ cur le; 'kU; d"k.k e Qkokjk fl apkbZ

lkj.kh 11% fofHkUu lL; rduhd dk vrxZr xh"edkyhu ex dh of) ,oa mit

mipkj	cht mit ¼fd-xk-@g-½	Hkwlk mit ¼fd-xk-@g-½	dy tSoHkkj ¼fd-xk-@g-½
fdLe			
सम्राट	1145	1910	3055
आईपीएम 02–3	934	1560	2495
क्रान्तिक अन्तर (पी=0.05)	185	293	477
lL; rduhd			
फौव्वारा+पंक्ति की दूरी (22.5×10 से.मी.)	1125	1877	3001
बाढ़+ पंक्ति की दूरी (22.5×10 से.मी.)	1054	1759	2813
बाढ़+ पंक्ति की दूरी (15–30×10 से.मी.)	1035	1727	2762
बाढ़+ पंक्ति की दूरी (15×10 से.मी.)	1110	1854	2964
बाढ़+ पंक्ति की दूरी (30×10 से.मी.)	874	1459	2333
क्रान्तिक अन्तर (पी=0.05)	72.9	120	192

अध्ययन में यह भी दर्ज किया गया कि पूरे फसलकाल (ग्रीष्मकालीन मूँग) में कुल वाष्पीकरण 453 मि.मी. (मार्च से मई, 2016) की अपेक्षाकृत कुल वर्षा 132.4 मि.मी. दर्ज की गई। अतः मूँग की अच्छी वृद्धि एवं दाने की उपज लेने हेतु वर्षा जल की कमी की आपूर्ति हेतु पूरक सिंचाई (फौव्वारा एवं बाढ़ सिंचाई) की गई ताकि मृदा नमी बनी रहे। परीक्षण द्वारा ज्ञात हुआ कि मूँग की विभिन्न किस्मों की उपज औसतन 934–1145 कि.ग्रा./हे. तक दर्ज की गई (सारणी 11)। इस परीक्षण से यह भी पाया गया कि आईपीएम 02–3 की तुलना में सम्राट की उपज में 22.6 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह ग्रीष्मकालीन मूँग की बुवाई 30 से.मी. (किसान द्वारा प्रचलित) की अपेक्षा 22.5 से.मी. पर करने पर उपज में 161–251 कि.ग्रा./हे. तक वृद्धि पाई गई।

सभी उपचारों की तुलना में ग्रीष्मकालीन मूँग की बुवाई 22.5×10 से.मी. पर एवं सिंचाई फौव्वारा विधि द्वारा करने पर उपज 1125 कि.ग्रा./हे. पाई गई जो सार्थक वृद्धि रही।

lalk/ku lajf{k.k ikS|ksfxdh

nygu vk/kkfjr Qly i.kkyh esa lajf{kr trkbZ ,oa vo'k"k izca/ku

संसाधन संरक्षण प्रौद्यौगिकी का दलहन आधारित फसल प्रणाली पर प्रभाव के अध्ययन के लिए दो जुताई प्रणाली (शून्य जुताई एवं परम्परागत जुताई), तीन फसल प्रणालियाँ (धान–गेंहूँ, धान–चना, धान–गेंहूँ–मूँग) और दो फसल अवशेष प्रबंधन (फसल अवशेष रखना एवं फसल अवशेष हटाना) को सम्मिलित किया गया। अध्ययन के अन्तर्गत सभी कारकों का फसल प्रणाली के उत्पादकता पर प्रभाव मिला है। पिछले वर्ष धान उत्पादकता में जुताई (6.1) फसल अवशेष अवधारण

QkSokjk }kjk flfpr ex ¼vkbZih,e 02&3 ,oa lekV½

xh"edkyhu ex ij fofHkUu Qly T;kfefr ,oa fl apkbZ le;&lkj.kh ¼QkSokjk ,oa ck<+½ dk izHkko

(6.0) एवं धान–गेंहूँ–मूँग (9.0) कारकों द्वारा उपज में वृद्धि दर्ज किया गया, जबकि संरक्षित कृषि प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत 26.3% की वृद्धि देखी गयी। इस प्रकार की प्रवृत्ति गेंहूँ, चना एवं मूँग के फसल में भी देखने को मिला। फसल अवशेष अवधारण की वजह से मूँग के उत्पादन में 19.1% की वृद्धि प्राप्त हुई है। फसल प्रणाली की उत्पादकता में शून्य जुताई की वजह से 4.6% की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि फसल अवशेष अवधारण की वजह से 13.9% अधिक प्राप्त हुई। फसल प्रणालियों में सबसे ज्यादा उत्पादकता (5,113 कि.ग्रा. चना समतुल्य/हे.) धान–गेंहूँ–मूँग में तथा सबसे कम धान–चना में (2,501 कि.ग्रा. चना समतुल्य/हे.) में पाया गया। धान–चना में कम उत्पादकता का कारण रबी में मौसम का गड़बड़ होना है जिसकी वजह से चना उत्पादकता में कमी आयी है। शुद्ध लाभ (₹ 76,785/हे.) एवं लाभः लागत अनुपात (2.01) धान–गेंहूँ–मूँग में अधिक पाया गया जबकि धान–चना में सबसे कम प्राप्त हुआ। शुद्ध लाभ शून्य जुताई एवं फसल अवशेष अवधारण में अधिक मिला। स्थिरता सूचकांक भी



fofHkUu ic/ku i)fr;k d rgr /kku dh mit ¼fd-xk-@g-½



fofHkUu ic/ku i)fr;k d rgr xg vkj puk dh mit ¼fd-xk-@g-½



fofHkUu ic/ku d vUrxr enk fMgkMkftuu dh xfrfofk ¼fe-xk- Vhih,Q@xke enk@fnu½

धान–गेंहूँ–मूँग (0.74) एवं फसल अवशेष अवधारण (0.57) में अधिक प्राप्त हुआ है। मृदा डिहाड्रोजनेज की गतिविधि भी धान–गेंहूँ–मूँग एवं फसल अवशेष के अन्तर्गत अधिक प्राप्त हुआ। संरक्षित जुताई के अन्तर्गत मृदा की रसायनिक गुणों में भी सुधार दर्ज किया गया।

/kku&xg Qly i.kkyh e lj{k.k df"k d rgr xh"edkyhu ex dk in'ku

संरक्षण कृषि के अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन मूँग का धान–गेंहूँ फसल प्रणाली में प्रदर्शन का परीक्षण वर्ष 2015 में खरीफ में शुरू किया गया। उपर्युक्त अध्ययन को तीन प्रतिकृति के साथ विभाजित भूखंड योजना के तहत आयोजित किया गया। मुख्य भूखंड में धान के अवशेष के तीन प्रबंधन (30 से. मी. धान की खूँटी, धान अवशेष को जलाना एवं बिना अवशेष), उप–भूखण्ड में दो जुताई प्रथा (संरक्षित जुताई एवं पारम्परिक जुताई) एवं उप–उप–भूखण्ड में ग्रीष्मकालीन मूँग की पांच प्रजातियों (आईपीएम 2–14 (65 दिन), आईपीएम 2–3 (60 दिन), एचयूएम 16 (58–60 दिन), सम्राट (55–58 दिन), आईपीएम 205–7 (50–52 दिन) को परीक्षण में शामिल किया गया। प्रथम वर्ष के दौरान धान (एनडीआर 359) की सामान्य फसल लगाई गयी जिसमें 4,875 कि.ग्रा./हे. धान का उपज मिला। रबी में गेंहूँ की सबसे कम उपज फसल अवशेष जलाने (4,155 कि.ग्रा./हे.) एवं सबसे अधिक फसल अवशेष अवधारण (5,145 कि.ग्रा./हे.) में मिला। ग्रीष्मकालीन मूँग में आईपीएम 205–7 और आईपीएम 2–3 का सबसे अच्छा रहा है।



fofHkUu vo'k"kk vkj tjkbZ ic/ku iFkkvk d rgr xg dh mit ¼fd-xk-@g-½

[kjirokj ic/ku

[kjhQ ex e [kjirokj ic/ku

खरीफ मूँग में घास के प्रबंधन के लिए अंकुरण पश्चात वाले खरपतवारनाशी रसायनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण में पेन्डिमिथेलीन (0.75 कि.ग्रा./हे.) के बाद फेनाक्साप्रोप–पी–इथाइल (100 और 150 ग्राम/हे.), क्लोडिनाफॉप–प्रोपर्जिल (100 और 150 ग्रा./हे.), प्रोपाक्युजाफॉप (100 और 150 ग्रा.

/हे.) एवं इमाजेथापर (100 ग्रा./हे.), पेन्डिमिथेलिन (1.0 कि.ग्रा./हे.), खरपतवार मुक्त और खरपतवार युक्त नियंत्रित को प्रयुक्त किया गया। परीक्षण को तीन प्रतिकृति के साथ या दृच्छिक भूखण्ड योजना के तहत आयोजित किया गया। परीक्षण के परिणामों से यह पता चलता है कि मूँग की अधिकतम उपज (908 कि.ग्रा./हे.) खरपतवार मुक्त उपचार में मिला जिसके बाद यह पेन्डिमिथेलीन के बाद इमाजेथापीर उपचार में (824 कि.ग्रा./हे.) में तथा सबसे कम खरपतवार युक्त नियंत्रण (435 कि.ग्रा./हे.) में प्राप्त हुआ। दो साल के आंकड़ों के विश्लेषण में तीन नये खरपतवारनाशी रसायनों में सबसे ज्यादा पेन्डिमिथेलीन के बाद क्लोडिनफॉप–प्रोपर्जिल (799 कि.ग्रा./हे.) में प्राप्त हुआ। मृदा परीक्षणों में उपर्युक्त खरपतवारनाशी रसायनों का मृदा सूक्ष्मजीवों की गतिविधियों पर प्रभाव नगण्य था।

Pkuk e [kjirokj i;c/ku

अंकुरण पश्चात प्रयुक्त होने वाली खरपतवारनाशी रसायनों का चना के ऊपर परीक्षण किया गया। परीक्षण में पेन्डिमिथेलीन (0.75 कि.ग्रा./हे.) के बाद फेनॉक्साप्रोप–पी–इथाइल (100 और 150 ग्रा./हे.), क्लोडिनाफॉप–प्रापर्जिल (100 और 150 ग्रा./हे.) और प्रोपाक्युजाफॉप (100 और 150 ग्रा./हे.) के साथ पेन्डिमिथेलीन (1.0 कि.ग्रा./हे.) के बाद क्युजालोफॉप–इथाइल (100 ग्रा./हे.) को सम्मिलित किया गया। परीक्षण के परिणामों से यह पता चलता है कि चना की अधिकतम उपज (1,695 कि.ग्रा./हे.) खरपतवार मुक्त उपचार में प्राप्त हुआ और इसके बाद पेन्डिमिथेलीन (0.75 कि.ग्रा./हे.) के बाद प्रोपाक्युजाफॉक (150 ग्रा./हे.) में क्युजालोफॉप–इथाइल (150 ग्रा./हे.) में मिला। जबकि न्यूनतम उपज खरपतवार युक्त नियंत्रित उपचार (975 कि.ग्रा./हे.) में मिला। परिणामों के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि प्रयुक्त तीनों खरपतवारनाशी रसायन घास कुल के खरपतवारों को अच्छी तरह नियंत्रित करने में सक्षम है। दो वर्ष के परीक्षणों में अधिकतम चना उपज (1,248 कि.ग्रा./हे.) खरपतवार मुक्त नियंत्रित उपचार में मिला तथा उसके बाद पेन्डिमिथेलीन (0.75 कि.ग्रा./हे.) के बाद क्युजालोफॉस–इथाइल (1117 कि.ग्रा./हे.) एवं क्लोडिनाफॉस–प्रोपर्जिल (150 कि.ग्रा./हे.) तथा न्यूनतम खरपतवार युक्त नियंत्रित उपचार (624 कि.ग्रा./हे.) में मिला। प्रभावकारी खरपतवार नियंत्रण के कारण मृदा में सूक्ष्मजीवों की गतिविधियों पर सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिला।

ljf{kr df"k d vUrxr /kku&puk Qly i.kkyh e [kjirokj i;c/ku

खरीफ 2016 में संरक्षित कृषि के अन्तर्गत धान–चना फसल प्रणाली में खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न खरपतवारनाशी रसायनों के उपचारों के साथ एक परीक्षण किया गया। परीक्षण में धान एवं चना की चार जुताई एवं फसल स्थापित करने की विधियाँ जैसे, (1) धान रोपाई–परंपरागत जुताई, (2) धान रोपाई–संरक्षित जुताई (30 से.मी. खुँट), (3) शून्य जुताई में बुवाई वाली धान–संरक्षित जुताई में चना और (4) परंपरागत जुताई में बुवाई वाली धान–परंपरागत जुताई में चना को तीन खरपतवार प्रबंधन विधियाँ –

(1) बुक्टाक्लोर 1.25 कि.ग्रा./हे. या पेन्डिमिथेलीन 1.0 कि.ग्रा./हे. के बाद बिसपाइरिबेक सोडियम 20 ग्रा./हे. (2) बुक्टाक्लोर 1.25 कि.ग्रा./हे. या पेन्डिमिथेलीन 1.0 कि.ग्रा./हे. के बाद ऑलमिक्स 4.0 कि.ग्रा./हे. (3) बुक्टाक्लोर 1.25 कि.ग्रा./हे. या पेन्डिमिथेलीन/हे. के बाद निराई–गुडाई धान की फसल मे तथा () पेन्डिमिथेलीन 1.0 कि.ग्रा./हे. के बाद क्युजालोफॉप–ईथाइल 100 ग्रा./हे., ऑक्सीफ्लुरफेन 150 ग्रा./हे. के बाद प्रोपाक्यूजाफॉप 100 ग्रा./हे., पेन्डिमिथेलीन 1.0 कि.ग्रा./हे. के बाद निराई–गुड़ाई को चना में प्रयोग किया गया।

/kku% धान में मुख्य रूप से मोथा, जंगली धान, कारपेट घास एवं हजार दाना का प्रकोप अधिक पाया गया। खरपतवारों की संख्या एवं शुष्क भार दोनों ही संरक्षित जुताई के अन्तर्गत अधिक मिला। खरपतवार नियंत्रण उपायों में सबसे अधिक प्रभावशाली बुटाक्लोर या पेन्डिमिथेलीन के बाद बिसपाइरिबेक सोडियम का रहा है जिसमें खरपतवारों की संख्या एवं शुष्क भार प्रति वर्ग मीटर सबसे कम मिला है। यह बुटाक्लोर या पेन्डिमिथेलीन के बाद निराई–गुड़ाई के बराबर रहा है।

puk% चने में मोथा, जंगली गाजर, कृष्णनील और सेंजी मुख्य खरपतवार थे। संरक्षित जुताई में खरपतवारों की संख्या एवं शुष्क भार जुताई किये गये उपचार से कम थे। चना के सभी वृद्धि मानकों जैसे पौधे की ऊँचाई एवं शुष्क भार, जड़ों में राइजोबियम गाँठों की संख्या एवं शुष्क भार तथा जड़ों के पास की संरचना संरक्षित जुताई में अधिक पायी गयी। खरपतवार नियंत्रित उपचारों में पेन्डिमिथेलीन के बाद क्युजालोंफॉप तथा पेन्डिमिथेलीन के बाद निराई–गुड़ाई में चना की अच्छी उपज प्राप्त हुई।

dVkbZ mijkr rduhdh

vkbZvkbZihvkj feuh nky fey dh vi?k"kd r`'kdj.k bdkbZ dk n{krk lo/ku

आईआईपीआर मिनी दाल मिल के मुख्य रूप से तीन इकाईयों से मिल कर बनी है, 1) सफाई और वर्गीकरण इकाई, 2) अपघर्षक तुशकरण इकाई, 3) रबर–स्टील डिस्क तथा चक्रवात विभाजक इकाई। सफाई और वर्गीकरण इकाई

से साबुत दानों को साफ और वर्गीकृत करने के उपरान्त प्राप्त एक बराबर दानों को अपघर्षक एमरी रोलर से पारित किया जाता है। वाणिज्यिक और अन्य दाल मिलों में छिलका उतारने के लिए दानों को उपचार से पूर्व और बाद अपघर्शी सतह के रोलरों से कई बार पारित किया जाता है। कई बार घर्षण के कारण छिलके के साथ दाल की ऊपरी सतह, जिसमें प्रोटीन अधिक मात्रा में होती है, चूर्ण के रूप में भूँसी में मिल जाती है। इस प्रकार मिलिंग में होने वाली हानि से कम दाल की प्राप्ति होती है। आईआईपीआर मिनी दाल मिल में दानों को मिलिंग से पूर्व उपचार हेतु केवल एक बार एमरी रोलर से पारित किया जाता है। आंशिक रूप से छिलका उतरने व दानों पर खरोंच के कारण तेल या पानी उपचार एक समान रूप से कम समय में लगता है। सूर्य ऊर्जा से दानों को सुखाने की क्रिया में दो से तीन दिन लगते हैं। इस क्रिया में दिन में विस्तारण और रात्रि में संकुचन के कारण छिलके की पकड़ दाल पर कम हो जाती है। इस प्रकार उपचारित दानों को रबर–स्टील डिस्क प्रणाली से पारित किया जाता है। जहाँ दालों का विभाजन और छिलके का निस्तारण दोनों प्रक्रियाएं साथ–साथ होती हैं। रबर–स्टील डिस्क के द्वारा नरम विधि से छिलका उतरने के कारण पाउडर के रूप में हानि कम होती है और अधिक मात्रा में दाल प्राप्त होती है। बड़े आकार की टूटन को भी मानव उपयोग में लिया जा सकता है। नरम तुशकरण विधि के कारण 5–10% अधिक दाल प्राप्त होती है। एमरी या अपघर्षक विधि से प्राप्त दाल में छिलके का निस्तारण अधिक कुशलता से होता है, जबकि नरम विधि से दाल पर छिलके की मात्रा भले ही अधिक हो किन्तु दाल भी अधिक प्राप्त होती है। रेशे के अधिकता के कारण छिलका युक्त दाल अधिक पौष्टिक होती है किन्तु विपणन के दृष्टिकोण से इसको कम पसंद किया जाता है। ग्रामीण उद्यमी भी मिल की तरह बनाने वाली दाल की माँग प्रायः किया करते हैं। आईआईपीआर मिनी दाल मिल से अधिक दाल प्राप्ति के साथ छिलके को समुचित रूप से उतारने के उद्देश्य से एमरी अपघर्षक तुशकरण इकाई की दक्षता को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। भिन्न माप की एमरी बजरी के रोलर के प्रयोग से प्रथम पास में ही छिलके की अधिकाधिक मात्रा को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय कारीगरों की सहायता से विभिन्न मापवाले संयुक्त एमरी बजरी के रोलर तैयार किये गए हैं। एक ऐसी प्रयोगात्मक दाल मिल का निर्माण करने की योजना है जिसमें बिना किसी अधिक श्रम के रोलरों को बदला जा सके।

puk dh çtkfr;ksa esa fefyax }kjk nky çkfIr dh fHkUurk

दलहनी फसलों में सदैव माँग उपलब्धता से अधिक रही है। इस कारण अधिकांश दलहन शोध का मुख्य रूप से फसलों का उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि तक ही केन्द्रित रहा। पादप प्रजनन की प्रक्रिया में मुख्यतः जैविक और अजैविक तनावों के प्रतिरोधी गुणों को को लक्ष्य कर के ही पैतृक प्रजातियों का चयन किया जाता है। अधिकांशतः दलहनों का उपयोग छिलका निस्तारण के उपरांत दाल बना कर किया जाता है। दाल बनाने हेतु साबुत दानों को उपचार के उपरान्त चक्की या मिल में दर लिया जाता है। इस प्रक्रिया को दाल मिलिंग कहते हैं। अरहर के अतिरिक्त सभी दलहनी फसलों का उपयोग छिलके सहित या छिलका रहित अवस्था में भारतीय व्यंजनों में होता रहा है। किन्तु द्वितीयक या तृतीयक स्तर के प्रसंस्कृत उत्पादों में केवल छिलका रहित दालों का ही उपयोग होता है। इसलिये दलहन प्रसंस्करण, आटा और चावल उद्योग के बाद तीसरे स्थान पर स्थापित है। छिलके, अंकुर और बीजपत्र की मात्रा विभिन्न प्रजातियों में भिन्न होती है। बीजपत्रों और छिलके के बीच उपस्थित गोंद जैसे पदार्थ की मात्र और प्रकृति भी मिलिंग में दाल प्राप्ति को प्रभावित करती है। चूँकि मशीन के मानदंड, जैसे रोलर और जाली के बीच की दूरी, रोलर का व्यास, अपघर्षण, घूर्णन गति आदि तथा उपचार की विधियाँ स्थिर व पूर्व निर्धारित होती हैं, दाल की प्राप्ति में प्रजातियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। दलहनी फसलों को अधिकांशतः दाल बनाने के उपरांत ही उपयोग में लिया जाता है इसलिए पैतृक प्रजातियों के मिलिंग व्यवहार का ज्ञान होना आवश्यक है।

उन्नत किस्मगत परीक्षण–2 में चिन्हित सात चना जीन प्रारूपों जैसे, एनबीईजी 452, जीएजी 1107, जेजी 36, बीजी 3043, आईपीसी 2010–62, पंत जी 109 और फूले जी 0405, के छिलके, अंकुर, बीजपत्र तथा दाल प्राप्ति का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकित प्रजातियों में स्पष्ट अन्तर पाया गया। 100 बीज वजन, भूसी, अन्कुर तथा बीजपत्रों में अन्तर क्रमशः 16.08–27.04 ग्राम, 11.19–16.03%, 0.53–1.09% और 82.90–88.25% प्राप्त हुआ। मूल्यांकित जननद्रव्यों से दाल की प्राप्ति में 68.06–76.25% की भिन्नता पाई गयी। दाल प्राप्ति में विविधता के आँकड़ों को घटते क्रम में निम्न चित्र में दर्शाया गया है :



Qly lqj{kk

mdBk izcU/ku

puk

ik"kd vojkf/krk

चना के कुल 374 जीनप्रारूपों का उकठाग्रस्त खेत में उकठा फंफूद प्रभेद'–2 के विरूद्ध प्रतिक्रिया का अवलोकन किया गया। उकठाग्रस्त खेत में संवेदनशील प्रजाति जेजी 62 में उकठा प्रकोप शत–प्रतिशत पाया गया।

काबुली चना के कुल 35 जीनप्रारूपों में केवल एक जीनप्रारूप आईपीसीके 2016–138 में अवरोधिता आंकी गयी। देशी चना की कुल 235 जीनप्ररूपों का अवलोकन किया गया, जिनमें 41 जीनप्रारूप (डीआर 1541, 1542, 1505, 1540, 1501, आईपीसी 2016–186, 36, 50, 14, 31, 74, 101, 04, 217, 15, 40, 98, 119, 233, 82, 209, 96, 210, 30, 26, 81, 9, 32, 173, 123, 162, 219, 94, एवं 224) में अवरोधिता पायी गयी।

इसके अतिरिक्त, चना की 39 स्थायी विशिष्ट प्रजनक लाइनों का अवलोकन उकठाग्रस्त खेत में किया गया। जिनमें कि 16 प्रजनक लाइनों (आईपीसी 2015–151, 207, 271, 99, 75, 115, 263, 171, 155, 78, 47, 148, 156, 203, 147 एवं आईपीसी 2015–273) में उकठा रोग के प्रति अवरोधिता पायी गयी।

¼d½ ¼[k½ ¼x½

¼d½ lonu'khy ekud tkrh 62 dh lkFk jkxxLr [kr dk n'; ¼[k½ mdBkjks/kh thuk:i rFkk ¼x½ mdBk ihHkkfor ik/k

एनबीपीजीआर से प्राप्त 50 जीनप्रारूपों का अवलोकन किया गया, जिनमें 13 जीनप्रारूप (ईसी 498818, ईसी 489845, आईसी 83539, आईसी 83551, ईसी 489882, ईसी 489905, ईसी 441725, ईसी 489919, ईसी 267308, ईसी 83538, आईसी 83569 एवं 83757) में अवरोधिता दर्ज की गयी।

vjgj

ik"kd vojkf/krk

उकठा अरहर में लगने वाला महत्वपूर्ण मृदाजनित बीमारी है। जोकि *फ्यूजेरियम उडम* कवक द्वारा होता है। वर्ष 2016–17 में कुल 750 जीनप्रारूपों का अवलोकन उकठाग्रस्त प्रक्षेत्र में किया गया। उकठाग्रस्त प्रक्षेत्र में उकठा संवेदनशील प्रजाति 'बहार' का इस्तेमाल किया गया जिसमें इस रोग का प्रकोप शत–प्रतिशत पाया गया।

अवलोकन के आधार पर कुछ उन्नतशील जीनप्रारूपों जैसे कि, डीपीपीए 85–3, डीपीपीए 85–3, 7, 8, 11, 12, 13, 14, 16, और आईपीए 38, आईपीए 16 एफ एवं आईपीए 15 एफ में उकठा रोग के प्रति अवरोधी प्रतिरोधिता आंकी गयी।

विगत वर्ष इक्रीसेट के कुल 31 जीनप्रारूपों का अवलोकन किया गया, जिनमें पाँच जीनप्रारूप (आईसीपीएल 99044 आईसीपीएल 20095, 87051, 99009 एवं 99055) में अवरोधिता पायी गयी।

mdBk lonu'khy o jkxjks/kh thuk:ik dh lkFk mdBk jkxxLr [kr dk n';

अखिल भारतीय अरहर परियोजना के अन्तर्गत कुल 84 जीनप्रारूपों का अवलोकन किया गया। जीनप्रारूप डब्ल्यूआरजीई 90, आरवीएसए 07–31, बीडब्ल्यूआर 133, जीआरजी 140, जीआरजी 160, 177, डीआरजी 107, केडीवीपी 935, एलआरजी 15 टीआरजी 59 उकठा रोग के प्रति अवरोधी पाये गये जिनमें 10 प्रतिशत तक उकठा अवरोधिता पायी गयी। जबकि बीआरजी 3, 4, 5, बीएसएमआर 736, 853, आईपीए 204, केपीएल 43 एवं महाबीज 105 में मध्यम स्तर की अवरोधिता पायी गयी।

इसके अलावा, अरहर के 79 जंगली जीनप्रारूपों की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन किया गया जिनमें 35 जीनप्रारूप में उकठा रोग के प्रति अवरोधिता पायी गयी।

QkbVkWFkkjk ruk vxsrkjh ik"kd vojks/krk

अरहर की कुल 146 अगेती एवं मध्यम जीन प्रारूपों का अवलोकन किया गया। अगेती प्रजाति उपास 120 को संवेदनशील प्रजाति के रूप में लगाया गया। कुल 166 अवलोकित जीनप्रारूपों में आईपीएसी 3–2, आईपीएसी 42, आईपीएसी 79, आईपीएपीवी 7–2–1–7, आईपीएसी 66–9, डब्ल्यूडीबीसीई 5–4, आईपीए 14–4, आईपीए 38ए, पीएच 1063 एवं डब्ल्यूडी 4 में अवरोधिता देखी गयी जिसमें 10 प्रतिशत तक अवरोधिता दर्ज की गयी।

¼d½ QkbVkWFkkjk jksxxzLr ikS/ks ¼[ksr ih,lch lqjf{kr thuiz:i ¼x½ ihlhch jksxjks/kh thuiz:i

eVj

mdBkxzLr [ksr dk fodkl

जीनप्रारूपों के चयन के लिए मसूर का उकठाग्रस्त खेत के विकास में इसकी सहनशील प्रजातियों के 75 एल 9–12 एवं सीहोर 74–3 की बुवाई की गयी एवं उकठाग्रस्त पौधों से *फ्यूजेरियम* कवक को भी खेत में प्रयोग किया जिसके फलस्वरूप उकठाग्रस्त खेत में बीमारी का स्तर काफी बढ़ गया।

eVj esa mdBk izcU/ku

उकठा मसूर में लगने वाली महत्वपूर्ण मृदाजनित बीमारी है। यह एक कवक *फ्यूजेरियम आक्सीपोरम* प्रजाति *लेन्टिस* के द्वारा होता है। इसके प्रबन्धन के लिए विभिन्न ट्राइकोडर्मा की प्रजातियों एवं उनका रसायनों के साथ मिश्रण के रूप में प्रयोग किया गया। खेत में बुवाई के समय बीजोपचार के रूप में प्रयोग किया गया। सभी प्रयोग किये गये 10 समन्वयों ने उकठा रोग को प्रभावी प्रबन्धन किया।

eqx ,oa mnM+ esa ihr fprdh jksx ds izfr vojks/khrk thuiz:ikas dh igpku

क्वान्टम उपज का कम से कम विचलन (एफवी/एफएम), सामान्य विकिरण के अन्तर्गत अधिकतम प्रतिदीप्ति के साथ जीनप्रारूप कोशिकीय स्तर पर शुष्क सहिष्णु माना गया। अरहर के विभिन्न जीनप्रारूपों के बीजों/ऊतकों से कुल 247 जीवाणु *एन्डोफाइट* पृथक किये गये। बीज *एन्डोफाइट* (82) एवं जड़ *एन्डोफाइट* अरहर के विभिन्न जीनप्रारूपों से पृथक किये गये। जीवाणु कोशिकाओं को तनाव के अलग–अलग स्तरों (–0.30, –0.49, –0.74 एवं –1.03 एमपीए) के लिये पीईजी 6000 के उचित सान्द्रण की मात्रा डालकर उत्प्रेरित किया गया, इसके पश्चात तनाव सहनशील *एन्डोफाइट्स* (–1.03 एमपीए) की पहचान की गयी। समूह–1 ($> 10^6$ सीएफयू/एमएलएट–1.03 एमपीए) में चार पृथक है और समूह–2 ($> 10^2$ सीएफयू/एमएलएट–1.03 एमपीए) में आठ पृथक चिन्हित किये गये। बीज *एन्डोफाइट* पृथकों में से कोई भी खनिज फास्फेट को घुलनशील नहीं कर पाया। प्रक्षेत्र में अरहर की दो प्रजातियों (आईपीए 203 एवं नरेन्द्र अरहर 1) एवं मूंगफली के तीन *एन्डोफाइट्स* (*बैसिलस टेन्कूलेन्सिस* एसईएन 15, *बैसिलस सबटिलिस* आरईएन 51 एवं *बैसिलस फरमस* जे 22) में इनका प्रयोग किया जा रहा है।

वृद्धि के मानकों (पौध जैविकभार, ऊँचाई, जड़ग्रंथियों का बनना) एवं पादप कार्यिकी मानको (विशिष्ट पत्ती क्षेत्र, एसपीएडी का मान, पर्णहरिम की मात्रा एवं सापेक्ष जल की मात्रा) का निर्धारण किया गया। *बैसिलस सबटिलिस* एवं आरईएन 51 के उपयोग से जीनप्रारूप आईपीए 203 एवं नरेन्द्र अरहर 1 में एसएलए का मान क्रमशः 13.5 और 30% कम हो गया। इस जीवाणु *एन्डोफाइट* के टीका से आईपीए 203 एवं नरेन्द्र अरहर 1 में क्रमशः 68.6% एवं 10.9% के प्ररोह तंत्र के ऊँचाई में वृद्धि हुई। मूंगफली की जड़ों से पृथक किए गए *एन्डोफाइट बैसिलस सबटिलिस आरईएन* 51 के उपयोग से पौधों की ऊँचाई एवं परिधि में वृद्धि पायी गयी। (चित्र 18)।



fp= 17%dkf'kdh; Lrj ij de ueh ruko dh voLFkk e ifrjks/kdrk d fy;s vjgj d tuik:ik dk p;u

fp= 18%flfpr voLFkk e cfl y l lcfVfy l vkjbl,u 51 d mi;kx l vjgj dh Åpkbl ,oa ruko dh ifjf/k e of) ij iHkko

lkekftd foKku

lLFkku }kjk foRrikf"kr

in'ku vkj if'k{k.k }kjk vuqlfpr tu tkrh; lenk; d ykxk d fy, ik"k.k ,o [kk| lqj{kk gr nygu mRiknu dk c<kok nuk

इस परियोजना का संचालन मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के 10 जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में किया जा रहा है। संस्थान द्वारा इन समुदायों के लोगों हेतु क्षेत्रीय परियोजना निदेशालय, जोन 5 (जबलपुर) के सहयोग से उपलब्ध संसाधन आधारित तकनीकीयों के प्रयोग हेतु सहायता प्रदान की जा रही है। (खरीफ ऋतु) कुल 230 प्रदर्शनी अरहर एवं उर्द में (खरीफ ऋतु) मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में प्रदर्शित किये गये तथा उर्द में 1190 कि. ग्रा./हे. की दर से उत्पादन प्राप्त किया गया। (आईपीयू 2–43) जो की क्षेत्रीय प्रजाति से 112% तक अधिक था। उसी प्रकार अरहर में एलआरजी 41, जेकेएम 1892, जेटी 50। का प्रदर्शन केवीके, कबीरधाम, झबुआ, डिनडोरी और बदवानी में किया गया। जिसमें अधिकतम उत्पादन 1500 कि.ग्रा./हे. दर्ज किया गया जो कि सामान्य उगायी जाने वाले प्रजातियों से 17.64% अधिक था। रबी फसलों में चना, मसूर एवं मटर फसलों के कुल 860 प्रदर्शनी लगाये गये जो कि काकेर, कबीरधाम, बलरामपुर, दन्तेवाड़ा और बस्तर, कृषि विज्ञान केन्द्रों (छत्तीसगढ़) तथा मध्य प्रदेश राज्य के दिदोरी, बढ़वानी, धार, झबुआ, एवं शाहडोल कृषि विज्ञान केन्द्रों में प्रदर्शित किये गये।

चना में जेएकेआई 9218, वैभव, जेजी II, जेजी 63, जेजी 14 प्रजातियां प्रदर्शिनी में सम्मिलित की गयीं थी। जिसमें सबसे ज्यादा उत्पादन बस्तर, कबीरधाम एवं धार कृषि विज्ञान केन्द्रों में जेएकेआई 9218 और वैभव प्रजातियों से प्राप्त किये गये। इन प्रजातियों द्वारा बस्तर में 42.26%, कबीरधाम में 30.17% एवं धार में 34.22% अधिक उपज अन्य सामान्य प्रजातियों की अपेक्षा दर्ज किये गये।

प्रदर्शनी में मटर की पारस तथा आईपीएफडी 1–10 प्रजातियों का वितरण कृषकों को प्रदर्शन हेतु दिया गया तथा इन प्रजातियों द्वारा मध्य प्रदेश के धार जिले में 34% अधिक उपज प्राप्त की गयी। उसी प्रकार मसूर में एचयूएल 57 एवं जेएल 3 प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया और उपज वृद्धि दर्ज दर लगभग 34% अन्य क्षेत्रीय प्रजातियों की अपेक्षा दर्ज की गयी इन प्रजातियों द्वारा 1160 कि.ग्रा./हे. की दर से किसान को उपज प्राप्त हुई।

Ckk<+ foRrikf"kr ifj;kstuk

QkeZ QkV ifj;kstuk&mRrj izn'k d Qrgiqj fty e xkehk.kk dh l?ku ,oa ik"k.k lqj{kk inku djuk

इस परियोजना का संचालन उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में किया जा रहा है। एक आधारीय सर्वेक्षण का आयोजन परियोजना संचालित गाँवों जैसे, करचालपुर, खरौली में किया गया था। 300 किसानों पर आँकड़े संग्रहण एक प्रश्नावली के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक विभिन्नताओं पर जो कृषि एवं कृषि आधारित क्रिया–कलापों, जो ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है, पर आधारित था।

आँकड़ों का विश्लेषण *डिस्केपंटिव स्टेटिस्टिक* एवं *फ्रीड्मैन टेस्ट* जैसे सांख्यिकीय तरीकों द्वारा किया गया ताकि विश्लेषण का तार्किक निष्कर्ष निकाला जा सके।

puk d i{k=k dk in'ku

vjgj d i{k=k dk in'ku

विश्लेषण के अध्ययन से यह पता चला कि कृषकों की ज्यादा संख्या (64%) मध्यम आयु वाले समूह (30–50 वर्ष) के अन्तर्गत है तथा जिनकी शिक्षा का स्तर उच्चतर माध्यमिक तक है (लगभग 30%)।

अध्ययन में यह पाया गया कि किसानों की औसत भूमि जोत लगभग 1.2 हेक्टेयर है तथा 80% तक सिंचित क्षेत्र है। इन गाँवों में मुख्य रूप से गेहूँ, धान, चना, अरहर, सरसों, बाजरा, ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उर्द उगायी जाती है।

बागवानी फसलों में मुख्य रूप से मिर्च, भिण्डी, लहसुन, प्याज, लौकी तथा अमरूद उगायी जाती है। गाँवों में भैस, गाय तथा बकरी मुख्य रूप से पाली जाती हैं। किसानों की मुख्य समस्याओं का *फीडमैन टेस्ट* द्वारा श्रेणीबद्ध किया गया। किसानों की मुख्य समस्याओं में कम उत्पादकता, कम आमदनी, गुणवत्तायुक्त इन्पुट की कमी, कीड़े मकोड़े तथा रोग प्रबन्धन और गाँवों में प्रसंस्करण संयत्र की कमी जैसी समस्यायें प्रमुख है।

आगे यह भी महसूस किया गया कि किसानों तथा विकास एजेसियों के बीच सम्बन्ध का स्तर निम्न कोटि का है। अभी भी कृषकों द्वारा गेहूँ की बुआई छिड़कवा विधि (90%) द्वारा की जा रही है। जिसका उत्पादन दर कम होने के साथ लागत भी ज्यादा होती है। जिससे किसानों को फायदा कम मिलता है।

चिन्हित समस्याओं के आधार पर कृषकों हेतु कुछ उपयुक्त रणनीतियां तैयार की गयीं जिसके द्वारा किसानों की आय को बढ़ाया जा सकता है। मुख्य रूप से प्रमुख बातें निम्नवत हैं।

1. गेहूँ की बुआई पंक्तियों में की जाये।
2. चना में फली भेदक का नियंत्रण किया जाए।
3. किसानों की आमदनी को बढ़ाने हेतु विविध खेती को अपनाया जाये। जिसमें पारम्परिक खेती के साथ सब्जी उत्पादन तथा कुक्कट पालन को भी खेती में शामिल किया जाये ताकि किसानों की आय में स्थिरता लायी जा सके।
4. गाँवों में प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना हेतु आईआईपीआर, कानपुर द्वारा विकसित आईआईपीआर–मिनी दाल यूनिट स्थापित की जाए जिससे गाँवों में ही प्रसंस्करण को बढ़ावा मिल सके तथा रोजगार भी उपलब्ध कराया जा सके। अंगीकृत गाँव में प्रचलित फसल प्रणाली निम्नवत हैं :

धान – गेहूँ

अरहर – गेहूँ

मक्का – चना

उर्द – सरसों

बाजरा – मटर

गेहूँ – मिर्च

Qkeyl QLV ifj;kstuk d vUrxZr dk;kfUor ekM;wy

अंगीकृत गाँवों में इस परियोजना के अर्न्तगत चार *माड़यूल* कार्यान्वित किये जा रहे हैं ताकि उत्पादन और उत्पादकता के साथ किसानों की आय को भी बढ़ाया जा सके। पहला *माड़यूल* गेहूँ के उन्नत बीज पर लागू किया गया जो देर से बोने जाने वाली गेहूँ की प्रजाति उन्नत हलना (के 9423) पर आधारित था। गाँव वाले कृषक देर से बोये जाने वाली गेहूँ के प्रजाति के बारे में परिचित नहीं थे। इस माड़यूल में कुल 50 कृषक शामिल किए गये थे।

यह भी पाया गया कि गाँव वाले गेहूँ की फसल लेने के बाद खेत को परती छोड़ देते हैं। इस परियोजना के अन्तर्गत गाँवों में ग्रीष्मकालीन मूँग और उर्द को फसल प्रणाली में शामिल किया गया ताकि कम क्षेत्र से अधिक उत्पादन और अधिक आय अर्जित की जा सके। कुल 136 हे. क्षेत्रफल में इस परियोजना का प्रयोग किया गया तथा कुल 550 किसान लाभान्वित हुए।

उसी प्रकार शाकभाजी वाली फसलें जैसे भिण्डी तथा लौकी/कद्दू को भी गेहूँ की खेती के बाद फसल प्रणाली में

nj lcku oky xgw dk vkfFkd eY;kdu

Átkfr dk uke	mRiknu ¼d-@g-½	mRiknu % c<kRrjh	dy ykxr ¼₹-½	Dy vk; ¼₹-½	dy cpr ¼₹-½	oh- lh- x.kkd
क्षेत्रीय प्रजाति	38	–	14000/–	57000/–	43000/–	1:1.32
उन्नत हलना (के 9423)	45	18.42	20000/–	67500/–	47500/–	1:1.42
शताब्दी गेहूँ (के 307) अरहर की फसल कटने के बाद	50	31.57	20000/–	750000/–	55000/–	1:3.60

गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹ 1500/कि.ग्रा.

शामिल किया गया। ताकि अधिक आय उतने ही भूमि से अर्जित की जा सके। इस परियोजना के अर्न्तगत कुल 274 कृषकों को शाकभाजी फसलों (तरोई, लौकी, कद्दू और भिण्डी) के संकर बीज प्रदान किये गये।

मक्का ग्रीष्मकालीन ऋतु में उगायी जाने वाली फसलों में दूसरे स्थान पर है। जिससे अधिक आय अर्जित की जा सकती है। कुल 7.5 हे. क्षेत्रफल में मक्का की फसल को लगाया गया था तथा कुल 47 कृषक इस परियोजना में सम्मिलित किये गये थे।

सभी अंगीकृत गाँवों के कृषकों का दलहन संदेश पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है ताकि समय–समय पर दलहनी फसलों से सम्बन्धित सूचनायें कृषकों तक पहुँचायी जा सके।

nkyk d fy, *oc* vk/kkfjr *dekfMVh* *ikQkby* dk fodk l

इस परियोजना के अंतर्गत एक *पोर्टल* विकसित किया जा रहा है जिसे *सी.पी.पी. पोर्टल* नाम से लोकप्रिय किया गया है। इस *पोर्टल* में दालों से सम्बंधित *डाटाबेस* (जैसे–उत्पादन सांख्यिकी (क्षेत्र, उत्पादन, उत्पादकता और रुझान), व्यापार सांख्यिकी (आयात और निर्यात), मूल्य सांख्यिकी (मूल्य प्रवृत्तियाँ), न्यूनतम समर्थन मूल्य, त्रैमासिक फसल कैलेण्डर, मंडी की कीमतें, सरकारी योजनाएं, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, जनक बीज उत्पादन, *सीड हब* सम्बंधी जानकारी, *फीडबैक* आदि) समाहित/जोड़े गए हैं। दालों के लिए इस *पोर्टल* में दो मुख्य कार्यात्मक मॉड्यूल है, जैसे सेवा मॉड्यूल और रिपोर्ट पीढ़ी मॉड्यूल सेवा मॉड्यूल में आंकड़े प्रविष्टि, *डेटा अपडेटिंग* और *डाटा सबमिशन* के लिए काम करना शामिल है जबकि रिपोर्ट पीढ़ी मॉड्यूल में गुणात्मक रिपोर्ट, मात्रात्मक रिपोर्ट, क्वेरी–आधारित रिपोर्ट और विस्तार रिपोर्ट

तैयार की जा सकती है। भविष्य में दलहन संस्थान द्वारा पहले से विकसित की गयी सूचना संचार तकनीकियों (जैसे *पल्सएक्सपर्ट* प्रणाली, दलहन संदेश, दलहन ज्ञान मंच आदि) को इस *पोर्टल* से जोड़ा जायेगा।

bu&dEiyhV Cy,d fMtkbu dk fy, fe=or fo'y"k.kRed e,MÎy dk fodk l

कभी–कभी उपचार की संख्या बहुत बड़ी होती है और बड़ी संख्या में उपचार के लिए ब्लॉक एकरूपता में बनाए रखना मुश्किल होता है, इसलिए अधूरा *ब्लॉक डिजाइन* का उपयोग प्रयोगों के संचालन के लिए किया जाता है। अधूरे *ब्लॉक डिजाइन* के सरल और सुविधाजनक तरीके से *डेटा* का विश्लेषण करने के लिए एक मित्रवत् विश्लेषणात्मक मॉड्यूल को कुशल और सही डेटा प्रविष्टि के लिए *इंटरैक्टिव यूजर इंटरफेस* की सुविधा के साथ विकसित किया गया है। इस प्रक्रिया में, *औगमेंटेड् डिजाइन, लैटिस डिजाइन,* पंक्ति स्तंभ डिजाइन और संवर्धित विभाजित भूखंड डिजाइन के लिए एक एसएएस प्रोग्राम को *डाटा एंट्री यूजर इंटरफेस* से जुड़ा गया है। *डेटा* के *इंट्री* किये जाने के बाद फाइल को -sas फाइल के रूप में सहेजा जाएगा और यह फाइल एसएएस *प्रोग्राम एडिटर* में खोली जा सकती है और *रन कमांड* से *डेटा* का विश्लेषण कर और इच्छित स्थान पर *आउटपुट* को *सेव* किया जा सकता है।

Hkkjr d çe[k nky e fodk l vkj vfLFkjrk dk fo'y"k.k ¼2012&16½

भारतीय कृषि में दलहनी फसलें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं क्योंकि वे हमारे मुख्यतः शाकाहारी देश में आहार में प्रोटीन का मूल स्रोत हैं। भारत सबसे बड़ा उत्पादक है और दालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है। प्रमुख चिंताओं में से एक इस आहार के साथ इस देश के 1.2 अरब लोगों को खिलाने और बढ़ती आबादी के साथ दालों के उत्पादन को बनाए रखने के लिए है। इस अध्ययन का लक्ष्य प्रमुख उत्पादक राज्यों में दालों के उत्पादन और क्षेत्र में विकास *पैटर्न* और अस्थिरता को समझना है। बाजार संरचना और स्थितियों को समझने के लिए, उत्पादन, क्षेत्र और उपज में वृद्धि का अध्ययन करना बहुत महत्वपूर्ण है। कुल दलहनों के त्रिकोणीय–दशकों के विश्लेषण से पार अनुभागीय आंकड़ों से यह पाया गया कि उत्पादन और उपज में अस्थिरता में कमी आई है, लेकिन क्षेत्र में वृद्धि हुई है जो इस निष्कर्ष पर जोर देती है कि आज भी किसानों का दलहनी फसलों के अन्तर्गत क्षेत्र बढ़ाने का निर्णय जलवायु से काफी प्रभावित है। या बाजार में कारक शामिल हैं जो क्षेत्र के घटक में उच्च अस्थिरता ला रहे हैं ।

cg&i;koj.k ijh{k.k e puk d thuik:i dh mi;ärk dk eY;kdu djuk

आईआईपीआर, कानपुर में आधारित चना पर अखिल भारतीय समन्वय अनुसंधान परियोजना, 35–40 परीक्षण स्थानों के *नेटवर्क* के साथ चने की राष्ट्रीय उपज परीक्षणों का समन्वय करने के लिए *नोडल* केंद्र है। बहु–पर्यावरणीय परीक्षणों में आम तौर पर महत्वपूर्ण जीनप्रारूप मुख्य प्रभाव और जीनप्रारूप एक्स पर्यावरण इंटरैक्शन (जीईआई) प्रभाव होता है और इसलिए जीईआई का अध्ययन करने के लिए अलग–अलग *यूनिवेरिएट* और *मल्टीवेरिएट* स्थिरता के तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है। विभिन्नरूपी *मल्टीवेरिएट* तरीकों में, जीईआई जांच के लिए मुख्य प्रभाव और गुणन संबंधी संवाद (एएमएमआई) का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। यह विधि प्रभावी रही है क्योंकि यह जीईआई वर्गों का एक बड़ा हिस्सा कब्जा करता है। यह स्पष्ट रूप से मुख्य और पारस्परिक प्रभाव को अलग करता है और प्रायः एक प्रजनन कार्यक्रम जैसे जीनप्रारूप स्थिरता को विश्लेषणा कर डेटा का अर्थपूर्ण व्याख्या प्रदान करता है। जीईआई के ध्यान में रखते हुए, जीनोटाइप का औसत उपज और स्थिरता घटक के आधार पर चुना जाना चाहिए न कि केवल औसत उपज के आधार पर। इस संबंध में एमएमआई आधारित चयन इंडेक्स का इस्तेमाल *जीनोटाइप रैंक* करने के लिए किया गया है। यह सूचकांक स्थिरता और औसत उपज का भार है और उच्च सूचकांक मूल्य बेहतर जीनप्रारूप है।

nygu vk/kkfjr fVdkÅ *ck;kfVyt ekMy* dk fodkl

जैव प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा पोषित परियोजना का शुभारम्भ खरीफ 2016 से किया गया। इसके अन्तर्गत दो गाँव, कुचारम व बारापुर क्रमशः चित्रकूट व शहजहाँपुर जनपद में चयनित किये गये। खरीफ दलहनी फसलों मूँग (पीडीएम 139), उर्द (उत्तरा) व अरहर (आईपीए 203) को कुल 7.0 हेक्टेयर क्षेत्र में 25 कृषकों की सहभागिता से प्रदर्शन किये गये। मूँग और उर्द की औसत उपज 10.15 व 9.1 कु./हे. प्राप्त हुई। रबी दलहन बीज उत्पादन व प्रदर्शन हेतु कुल 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल व 40 कृषकों की सहभागिता से 10 हेक्टेयर में चना (उज्जवल) व मटर (आदर्श, विकास, आईपीएफ 4–9, आईपीएफडी 10–12) को चयनित किया गया। फसल को उ.प्र. बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा प्रमाणित कराया गया। चने के फली भेदक कीट की रोकथाम हेतु जैविक कीटनाशी स्पाइनोसाड व नीम तेल का उपयोग किया गया। जायद दलहन प्रदर्शन हेतु 4.0 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 12 कृषकों की सहभागिता से मूँग (आईपीएम 2–3) व उर्द (आईपीयू 2–43) का प्रदर्शन किया गया है। इन प्रदर्शनों के अलावा चना, मटर व मसूर की कुल 26 प्रजातियों का कृषि विज्ञान केन्द्र स्तर पर फसल कैफेटेरिया (गृह वाटिका) में स्थान दिया गया।

कृषकों को रोजगार सृजन व दलहन प्रसंस्करण हेतु आईआईपीआर मिनी दाल मिल दी गयी है, राष्ट्रीय जैवउर्वरक विकास केन्द्र द्वारा निर्मित अपशिष्ट अपघटक *(वेस्ट डिकम्पोस्ट)* का प्रदर्शन 25 कृषकों के यहाँ किया गया। इसके अतिरिक्त दो वर्मीकम्पोस्ट इकाईयाँ निर्मित की गयीं। वैज्ञानिक व कृषकों की गोष्ठी का आयोजन कर कृषकों के शान व कौशल में वृद्धि की गयी।

nygu vk/kkfjr vkn'k xkso dk fodkl

इसके अन्तर्गत सर्वेक्षेण के उपरान्त पाया गया कि चयनित गाँव में 2005 में चना व मटर का क्षेत्रफल 182 हे. व 140 हे. था जो 2015 में घटकर शून्य व 60 हे. के स्तर पर आ गया। इसी प्रकार दीर्घकालीन अरहर का क्षेत्रफल 135 से 62 हे. तक आ पहुँचा। इसके विपरीत बंसत/गर्मी की मूँग पिछले 5–6 साल में शून्य से 80 हेक्टेयर तक जा पहुँची।

दलहन आधारित फसल चक्र पेठा/तिल–लाही–मूँग, अगेती अरहर–गेहूँ, धान/मक्का–चना, दीर्घकालीन अरहर–खाली/व (परती), तिल + उर्द/पेठा/मिर्च/ज्वार–गेहूँ/आलू/धनिया प्रमुख थे।

मटर पर गहराई से अध्ययन करने पर पता चला कि एक समय था जब शिवधारी गाँव को मटर की खेती के लिए क्षेत्र में ख्याति प्राप्त थी। ऊँचे कद वाली मटर की खेती होती थी जो कालान्तर में बौनी प्रजाति तक आ गयी। इसके उपरान्त जड़ सड़न व उकठा की बीमारी तथा फली में सड़न रोग आने से कृषकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा व धीरे–धीरे इसकी खेती गाँव में बन्द हो गयी। उन कारको का अध्ययन किया जो दलहनी फसलों की खेती को प्रभावित करते हैं। इसके अन्तर्गत मूँग में पाया गया कि यह अन्य दलहनी फसलों से कम जोखिम वाली फसल है। गर्मी के मौसम में इसकी खेती लाभकारी है। माहवार बिजली का बिल आने से कृषक सिंचाई भी भरपूर करते हैं। उनको बाजार में अच्छा भाव भी मूँग का मिल जाता है व मूँग की उन्नतशील प्रजातियों की जानकारी भी कृषकों को है। खरीफ में हरा उर्द लोगों की चाहत है व काले उर्द को पसन्द नहीं करते हैं। उर्द की फली मूँग की अपेक्षा खरीफ में वर्षा से प्रभावित नहीं होती अतः उर्द का क्षेत्रफल अधिक रहता है। हरी मिर्च के खेत के चारों ओर अरहर को बार्डर फसल के रूप में भी उगाते हैं। अरहर की खेती कुछ कृषकों के यहाँ बहुत ही अच्छी होती है इनकी प्रेरणा से बहुत लोग इसकी बुआई करते हैं। चना को

विभिन्न रूप जैसे गेहूँ के आटे में मिलाकर, सत्तू, बेसन आदि के रूप में उपयोग किया जाता है। चना के बीज की उपलब्धि ब्लाक स्तर से हो जाती है व केन्द्र सरकार की योजना में छूट भी रहती है। यह भी देखने में आया कि गाँव में *सीडड्रिल* की कमी इसकी वजह से लाइन में बुवाई में अवरोध आता है व पौधों की संख्या उचित नहीं रहती। कृषकों में दलहनी कीट व बीमारी के प्रति जानकारी व शान का अभाव है, समय पर कीटनाशी का छिड़काव नहीं हो पाता। बीज की उपलब्धता समय से नहीं हो पाती इससे या तो फसल की विलम्ब से बुवाई होती है या फिर नहीं भी हो पाती। दलहन आधारित *थ्रेशर* की कमी होने से उसके भूसे/अवशेष को जलाया भी जाता है जो कि पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है।

ifj;kstuk 1% mRrj izn'k dh dkuiqj ngkr o tkykSu tuin dh nygu d"kdksa dk lkekftd] vkfFkd o rduhdh l'kfDrdj.k

vof/k% 3 lky ¼2015&18½ tSo ikS|kfxdh; foRrikf"kr

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश राज्य के जालौन व कानपुर देहात जनपदों में दलहन उत्पादक क्षेत्रों में आदर्श दलहन ग्रामों को स्थापित कर उन्हें दलहन प्रौद्योगिकी के प्रसार केन्द्रों के रूप में विकसित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2016–17 में परियोजना ग्रामों के पंजीकृत कृषक समूहों को कृषक भागीदारी बीज उत्पादन के लिए तकनीकी रूप से सक्षम बनाया गया। खरीफ ऋतु 2016 में परियोजना गांवों में गठित कृषक समूह ने उर्द की प्रजाति आई.पी.यू. 2–43 का 33 कु. सत्यापित बीज का उत्पादन किया तथा अरहर (प्रजाति आई.पी.ए. 203) के अंतर्गत लगभग 25 हे. क्षेत्र को आधारीय बीज के लिए पंजीकृत किया गया। इसी प्रकार रबी ऋतु 2016–17 में परियोजना गांवों में सहभागी कृषकों द्वारा मटर (प्रजाति अमन, आई.पी.एफ.डी. 10–12, आई.पी.एफ. 4–9 तथा प्रकाश) का लगभग 19 हेक्टेयर क्षेत्र को आधारीय बीज के उत्पादन के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। सहभागी कृषकों ने बीज उत्पादन प्रक्षेत्रों में नियंत्रित प्रक्षेत्रों की तुलना में 4.9 कु./हे. की अतिरिक्त उपज प्राप्त की। वर्ष 2016–17 में, परियोजना ग्रामों से कुल 138 कृषकों ने बीज उत्पादन में भागीदारी की। परियोजना जिलों में दलहनी फसलों की औपचारिक और अनौपचारिक बीज प्रणाली को मजबूत करने और दलहनी फसलों के बीज उत्पादन में कृषकों में उद्यमिता विकास के लिए 13 भागीदार कृषकों की एक पंजीकृत बीज समिति **Þlyeiq cht fodkl lfefrÞ** का गठन किया गया। वर्तमान में भागीदार कृषकों की पंजीकृत बीज समितियाँ भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर द्वारा संचालित कृषक भागीदारी बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़ी हुई हैं।

इसके अतिरिक्त कानपुर देहात जनपद के परियोजना ग्रामों–सिलहरा व सलेमपुर के 20 सहभागी कृषकों की भागीदारी में चना की उन्नत प्रजाति जे.जी. 16 का 9.3 हे. क्षेत्र में सफल प्रदर्शन किए गए, जिससे सहभागी कृषकों ने 3.9 कु./हे. की उपज लाभ तथा ₹ 22,287/हे. का आर्थिक लाभ अर्जित किया।

fdlkuksa ls fdlkuksa rd mUur'khy vjgj ¼iwtkfr vkbZ-ih-,- 203½ dh cht dk izlkj

इस परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2015–16 में जालौन जनपद के बैरई गाँव में 2 हे. क्षेत्र में पहली बार अरहर की उन्नत प्रजाति आई.पी.ए. 203 प्रजाति का 5 कृषकों की भागीदारी में सफल प्रयोग किया गया। भागीदार कृषकों ने इस प्रजाति के प्रदर्शन प्रक्षेत्रों से स्थानीय प्रजाति की तुलना में 17.1 कु./हे. की अतिरिक्त उपज प्राप्त की। इसके अतिरिक्त परियोजना ग्रामों के कृषकों ने इस उन्नत प्रजाति को स्थानीय प्रजाति की तुलना में अंकुरण क्षमता, फसल की बढ़वार, फलियों की संख्या, दानों का आकार तथा उकठा प्रतिरोधिता के गुणों में बेहतर समझा। इस प्रजाति के सफल प्रयोग से वर्ष 2016–17 में परियोजना ग्राम व आस–पास के गांव में इस प्रजाति की बीज की अत्यधिक मांग उभरी। परियोजना गाँवों में किसानों से किसानों तक प्रसार में अरहर प्रजाति को बढ़ावा दिया गया है। सहभागी कृषकों ने प्राप्त उत्पाद का आधे से अधिक भाग यानि 20.76 कु. उत्पाद को बीज के रूप में आस–पास के 26 गाँवों में 39 किसानों को वितरित किया जिसमें आई.पी.ए. 203 उन्नत प्रजाति को जालौन जनपद के 138 हे. क्षेत्र में फैलाने में अपना योगदान दिया। साथ ही उन्होंने इस उत्पाद को बेचकर बाजार भाव से 41 प्रतिशत (₹ 72,660) अधिक लाभ अर्जित किया।

ifj;kstuk 2% vk/kqfud lpkj ik|kfxfd;ksa }kjk mRrj izn'k jkT; dh nygu mRikndksa dks rd miYkC/k Kku lsok/kuksa dk lgHkkstu ifj;kstuk

¼vof/k % 2014&17½ foÙk ikf"kr % midkj] y[kuÅ

दलहन कृषकों को दलहन उत्पादन तकनीकों की समसमायिकी जानकारी देने के उददेश्य से इस परियोजना के अंतर्गत आवाज आधारित मोबाइल सलाहकार सेवा– **nygu lan'kk** को शुरू किया गया। वर्ष 2016–17 में उत्तर प्रदेश

lkj.kh 1% o"k 2016 e xh"e@clrdkyhu ex dh mUur itkfr;k d in'kuk dk fooj.k

Xkke	Cykd	{k= ¼g-½	fu;f=r i{k= ¼d-@g-½	lkn'ku i{k= ¼d-@g-½	mit ykHk ¼d-@g-½	vfrjDr vk; ¼d-@g-½ ¼₹ 6000@d- dh nj l½
पारादान	खजुआ	4	4.56	8.07	3.51	21,060
फरीदपुर	मालवा	5	4.69	7.88	3.20	19,200
dy		**9**	**4-63**	**7-98**	**3-36**	**20]130**

राज्य के 7 जिलों में फैले लगभग 2800 किसानों को 44458 सलाह भेजी गयी है। इसके अलावा कृषकों के लिए "खरीफ दलहनी फसलों की उन्नत रोपण तकनीकों" पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म (4 मिनट) को तैयार किया गया।

वर्ष 2016 में बसंत/ग्रीष्मकालीन मूंग की कम अवधि की उन्नत प्रजातियों (सम्राट व मेहा) को प्रदेश के फतेहपुर जनपद के खजुआ व मलवां ब्लॉक में कृषक भागीदारी में कुल 14 प्रदर्शन (9 हे. क्षेत्र) में करवाए गए, जिससें पारंपरिक फसल पद्धति धान–आलू तथा धान–धनिया की सकल उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की गयी तथा भागीदार कृषकों ने ₹ 20,130 प्रति हेक्टेयर की दर से अतिरिक्त आय प्राप्त की (सारणी 1)।

वर्ष 2016–17 में कानपुर देहात जनपद के परियोजना ग्राम के कुल 21 कृषकों को संगठित कर **Þck<kij cht fodkl lLFkkuß**, के नाम से पंजीकृत करवाया गया। पंजीकृत समिति के सहभागी कृषकों की भागीदारी में अरहर (प्रजाति आई.पी.ए. 203) और चना (प्रजाति उज्जवल) को क्रमशः 8.2 व 2.5 हेक्टेयर क्षेत्र को आधारीय बीज उत्पादन के लिए पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त मसूर (प्रजाति आई.पी.एल 316) का कृषक भागीदारी में चित्रकूट जनपद में 9 हे. क्षेत्र में सत्यापित बीज उत्पादन किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य के कानपुर देहात और चित्रकूट जनपद के परियोजना ग्रामों के कुल 66 कृषकों ने बीज उत्पादन में भागीदारी की। सहभागी कृषकों ने काबुली चना (प्रजाति उज्जवल) के बीज उत्पादन में 18.4 कु./हे. की औसत उपज प्राप्त की। इसके अतिरिक्त 4 सहभागी कृषकों द्वारा 3 हेक्टेयर क्षेत्र में चना की उन्नत प्रजाति (जे.जी. 16) का सफल प्रदर्शन किया गया, जिसके अतंर्गत स्थानीय प्रजाति की तुलना में लगभग 4 कु./हे. की अतिरिक्त उपज प्राप्त की गयी।

ifj;kstuk 3% nygu mRiknd d"kdk dk Kku ic/ku dh fy, lpuk lpkj çk|kfxdh ¼vkbZ-lh-Vh-½

vof/k% 2014&2017

कृषक समुदाय तक उपलब्ध कृषि तकनीकों से संबंधित ज्ञान प्रवाह को प्रभावी व सुगम बनाने में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अहम महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रभावी ज्ञान सहभाजन के लिए पर्याप्त ज्ञान मॉडयूल के निर्माण और प्रसार की आवश्यकता होती है। इस दिशा में दलहन कृषकों के लिए ज्ञान सहभाजन पटल विकसित करने के उद्देश्य से इस परियोजना का क्रियान्वयन किया गया।

वर्ष 2016–17 में, दलहन उत्पादक कृषकों के लिए ऑनलाइन वेबसाइट के रूप में **Þb&nygu Kku epß** तैयार किया गया है। इस वेबसाइट पर दलहनी फसलों आधारित प्रजाति सूचना प्रणाली, कीट/रोग और खरपतवारों की छवि आधारित सूचना प्रणाली उपलब्ध है। इस वेबसाइट पर दलहनी फसलों से संबंधित अक्सर पूंछे जाने वाले प्रश्न व ज्ञान मॉडयूल उपलब्ध है।

कृषकों, प्रसार कार्यकर्ताओं एवं अन्य हितधारकों के उपयोग के लिए एंड्रॉयड आधारित द्विभाषी एप **ßpuk fe=Þ** तैयार किया गया है। यह एप देश में चना उत्पादकों को बृहद स्तर पर चना उत्पादन संबंधित नवीनतम सूचना देने के लिए इंटरनेट आधारित पहल है। यह एप क्षेत्र विशेष आधारित चने की उन्नत प्रजातियों, उत्पादन तकनीकों, कीट व रोग प्रबंधन के लिए फसल संरक्षण प्रौद्योगिकियों, बाजार मूल्य और मौसम से संबंधित जानकारी प्रदान करता है।

ifj;kstuk 4% *Vkfidy yX;e* III] NkVs tkr d fdlkuk dh vkthfodk e lq/kkj% mi&lgkjk vÝhdk ,o nf{k.kh ,f'k;k e nygu dh mRikndrk o mRiknu e c<kok

वर्ष 2016–17 में परियोजना के उददेश्यों और गतिविधियों के प्रति कृषकों को संवेदनशील बनाने के लिए बांदा व हमीरपुर जनपद के परियोजना ग्रामों में परियोजना टीमों के द्वारा दो बैठकों का आयोजन किया गया। बांदा और चित्रकूट जनपद में परियोजना ग्रामों में "**mUur puk mRiknu rduhdhß** संबंधित दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा सहभागी कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा, फरवरी 2017 में **ÞmUur'khy nygu mRiknu rduhdhß** पर भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर में तीन प्रशिक्षण

कार्यक्रमों (दो दिवसीय) का आयोजन किया गया, जिसमें तीन जनपद बांदा, चित्रकूट एवं हमीरपुर के छः परियोजना गाँवों के 89 कृषकों ने भाग लिया। कृषकों द्वारा चने की उपयुक्त प्रजाति की पहचान के लिए जे.जी. 14, जे.जी. 16, शुभ्रा तथा उज्जवल प्रजातियों के साथ–साथ उन्नत प्रजनन लाइन आई.पी.सी.04–01, आई.पी.सी. 04–98, आई.पी.सी. 5–62 तथा आई.पी.सी. 6–77 को कुल 18 कृषक सहभागी प्रजाति परीक्षण के लिए 16.5 एकड़ क्षेत्र में लगाया गया। इसके अलावा 31 कृषकों की सहभगिता में उन्नतशील चना की रोगरोधी प्रजातियों (जे.जी. 14, जे.जी. 16, शुभ्रा तथा उज्जवल) के 33 प्रदर्शन लगाए गये। चने की संस्तुत रोगरोधी प्रजाति के प्रसार के उद्देश्य से परियोजना ग्रामों के 170 कृषकों को चने की जे.जी. 14, जे.जी. 16, शुभ्रा तथा उज्जवल प्रजाति के बीज दिए गए।

çf'k{k.k

Hkkjrh; [kk| fuxe] mÙkj çn'k dh xq.koÙkk vk'oklu vf/kdkfj;k vkj çc/kdk dk çf'k{k.k

गत वर्ष में देश की घरेलू दाल आवश्यकता को पूरा करने के लिए 30 लाख टन दालों का आयात किया गया है। दालों की उपलब्धता और बाजार मूल्य में अस्थिरता को देखते हुए, भारतीय खाद्य निगम, भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर खरीफ मौसम से दालों की खरीद और भण्डारण करने जा रहा है। उर्द और अरहर के साथ शुरू होने वाली इस सुविधा को, भविष्य में अन्य दलहनी फसलों पर भी लागू किया जा सकता है। संसथान में एफसीआई के गुणवत्ता आश्वासन के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया ताकि उन्हें मंडियों से खरीद के समय उर्द और अरहर के गुणवत्ता मानकों के बारे में जानकारी मिल सके। इस उद्देश्य से 23 सितंबर 2016 को एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों को उक्त दो फसलों के विषय में गुणवत्ता और भण्डारण के व्यावहारिक पक्ष से अवगत कराया गया। इससे पूर्व में एफसीआई अधिकारी धान और गेहूँ का क्रय और भण्डारण ही करते रहे हैं। यह पहली बार है जब एफसीआई दलहन भण्डारण के क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है।

अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में डॉ. एन.पी. सिंह, निदेशक, आईआईपीआर, कानपुर ने वर्तमान परिदृश्य में दलहन भण्डारण के महत्व पर प्रकाश डाला। न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और निश्चित क्रय नीतियों के कारण दलहन उत्पादन आने वाले वर्षों में नए उच्च स्तर को प्राप्त करेगा। उन्होंने एफसीआई से आग्रह किया कि प्रोटीन समृद्ध दालों के भंडारण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये उन्हें भंडारण प्रणाली में उचित परिवर्तन करना आवश्यक है। प्रशिक्षण में दलहनी फसलों की प्रजातियों में भिन्नता, अनाज क्रय के समय उचित गुणवत्ता, दालों के प्रमुख कीटों और उपयुक्त कीटनाशकों, भंडारण से पूर्व और बाद के प्रबंधन, एफसीआई और एगमार्क द्वारा निर्धारित विशिष्टताओं, दालों की भण्डारण विधियों और संरचनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। डॉ शिवा कांत सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) और इंजी. प्रसून वर्मा, वैज्ञानिक (खाद्य प्रसंस्करण) ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Hkkjrh; [kk| fuxe] >kj[k.M dh xq.koÙkk vk'oklu vf/kdkfj;k vkj çc/kdk dk çf'k{k.k

घरेलू बाजार में दलहन की माँग और उपलब्धता के बीच बड़ा अन्तर होने के कारण गत वर्ष भारत सरकार ने दलहनों के आयात का निश्चय लिया। कृषि योजनाओं में दलहन उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए न्यनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के साथ–साथ सरकार ने धान और गेंहूँ की तरह ही दलहनों की सुनिश्चित खरीद का निर्णय भी लिया है। देश की आन्तरिक आवश्यकता, पौष्टिक सुरक्षा और दाल के मूल्यों में अनियंत्रित वृद्धि को देखते हुये ये कदम उठाने अवश्यम्भावी हो गए थे। दलहन की खरीद और भण्डारण का उत्तरदायित्व सरकारी संस्थाओं, जैसे भारतीय खाद्य निगम, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ आदि को दिया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, भारतीय खाद्य निगम न्यूनतम समर्थन कीमतों पर दालों की खरीद और भण्डारण करने जा रहा है। अभी तक सभी भण्डारण संस्थाएं गेंहूँ और धान की खरीद और भण्डारण तक ही सीमित थीं। यह इस दिशा में एक नया प्रयास है। एफसीआई, झारखण्ड ने उर्द और अरहर दालों के क्रय का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य से उन्होंने आईसीएआर–आईआईपीआर, कानपुर से अपने गुणवत्ता आश्वासन अधिकारियों और प्रबंधकों को दालों की खरीद के समय गुणवत्ता और भंडारण के बारे में प्रशिक्षण देने के लिये संपर्क किया। संस्थान में 9 नवंबर, 2016 को एफसीआई, झारखंड

के गुणवत्ता आश्वासन प्रबंधकों और अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को अरहर और उर्द दालों के मंडियों से खरीद के समय कच्चे अनाज के गुणवत्ता के व्यावहारिक मानकों तथा सुरक्षित भण्डारण विधियों से अवगत कराया गया।

अपने आरम्भिक परिचयात्मक भाषण में संस्थान के कार्यकारी निदेशक, डॉ. आई.पी. सिंह ने वर्तमान परिदृश्य में दलहन भण्डारण के महत्त्व पर विचार रखे। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और सरकारी संस्थाओं द्वारा सुनिश्चित खरीद नीतियों से आने वाले वर्षों में दलहन उत्पादन नए उच्च स्तर को प्राप्त करने की आशा व्यक्त की। उन्होंने एफसीआई से प्रोटीन समृद्ध दालों की भंडारण आवश्यकताओं हेतु धान–गेहूँ भंडारण प्रणाली में आवश्यक परिवर्तन करने पर भी बल दिया। इस प्रशिक्षण में दलहनी फसलों के प्रजातीय अन्तर, क्रय के समय फसल गुणवत्ता, एफसीआई और एगमार्क मानकों, दालों की भण्डारण संरचनाओं और विधियों के बारे में जानकारी दी गयी। डॉ. एस.एस. सिंह, विभागाध्यक्ष ने क्षेत्रीय स्तर पर दलहन भण्डारण और कृषक बंधुओं को मंडी की आवश्यकता अनुसार तैयार फसल की गुणवत्ता के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर प्रतिभागियों का ध्यान आकृष्ट किया। डॉ. एस.के. चतुर्वेदी, प्रधान वैज्ञानिक (पादप प्रजनन) ने अपनी प्रस्तुति में एक ही दाल की भिन्न प्रजातियों में मुख्य अन्तर के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया। डा. पी.के. कटियार, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी जनक बीज उत्पादन, ने प्रतिभागियों को दलहनों में उपस्थित अशुद्धियों, अन्य बीजों की मात्रा, घुने और अपरिपक्व बीजों की पहचान करने के हेतु प्रतिभागियों को क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया। भंडारण के दौरान लगने वाले कीटों, परिस्थितियों और उनके प्रबन्धन विषय पर डॉ. शिवा कान्त सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) ने प्रकाश डाला। इंजी. प्रसून वर्मा, वैज्ञानिक (खाद्य प्रसंस्करण) ने साबुत तथा दालों की भंडारण विधियों और संरचनाओं के विषय में बताया। डॉ. शिवकांत सिंह और इंजी. प्रसून वर्मा ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

ejk xko ejk xkjo

फतेहपुर, कानपुर देहात एवं कानपुर नगर एवं जालौन जनपदों के विभिन्न ग्रामों में विभिन्न बहु–विषयी के ज्ञान के विस्तार हेतु भ्रमण किया गया। ग्रामों में निवास करने वाले विभिन्न नौजवान युवतियों एवं युवकों के अतिरिक्त आजीविका एवं रोजगार हेतु चना, मटर, अरहर, मूँग व उर्द का खेती में प्रदर्शन कराया गया। इसके अतिरिक्त किसानों की दलहनों से सम्बन्धित सूचना, विभिन्न विषयों के बारे में किसानों से सहभागिता, विस्तार साहित्य का वितरण एवं खेतों में फसलों का प्रदर्शन भी कराया गया और आपसी तालमेल का भी बोध कराया गया। 'दहलन सन्देश' के अन्तर्गत बहुत से किसानों को प्रदर्शित कराया गया जिससे समय–समय पर उन्हें नवीन से नवीन दलहन सम्बन्धी सूचनायें प्रदान की जा सकें।

{k=h; 'kks/k dsUnz] Qjdkckn

Qly lq/kkj

e/;e vof/k vjgj e mit of) ,oa jksx izfrjks/kdrk dh fy;s vkuqoa'kd lq/kkj

fodflr mPp mit izkfr;ksa

आईपीए 16–बी1 लाइन जो कि आईसीपीएल 20335 × आईपीएसी 3 के संकरण से उत्पन्न हुई, 161 दिनों में दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में पक गयी जिससे गेहूँ की समय से बुआई के लिये उपयुक्त समय मिल जाता है। इसका पौधा बहुत ही *काम्पैक्ट* होता है। सूखे की अवस्था में, प्रारम्भिक उपज के परीक्षण के दौरान मेड़ों में बोयी गयी आईपीए 16–बी–1 की उपज लगभग 24 कुन्टल/हेक्टेयर पायी गयी।

LFkkuh; ijh{k.k

तीन केन्द्रों पर परीक्षण के दौरान अरहर को पाँच पंक्तियाँ, आईपीए 15–02, आईपीए 16–बी2, आईपीए 16–बी3, आईपीए 16–बी4 एवं आईपीए 16–बी5 ने चेक के सापेक्ष अच्छा प्रदर्शित किया जो एआईसीआरपी (अरहर) में आईवीटी परीक्षण के लिये चयनित की गयी।

वन्य संकरण से व्युत्पन्न संकरण को छठी पीढ़ी ($एफ_6$) के लिये परीक्षण के लिये उन्नत किया गया।

चुनी हुई लाइनों एवं *कैजानस स्काराबियोडिस* से व्युत्पन्न $एफ_3$ लाइनों अर्थात एनडीए 1 × डब्ल्यूडीएन 100, पूसा 2001 × बेन्नूर लोकल, आईपीएसी 79 × डब्लू डी 5, मारूती × डब्लूडी 5–1, मारूती × डब्लूडीएन 100, डब्लूडीबीसीयू 5–2 × डब्लूडीबीसीयू 5–1 को सेल्फिंग द्वारा चयनित किया गया। पाँचवी पीढ़ी ($एफ_5$) के लिये *कैजानस स्कारबोयोडिस* (आईपीएसी 8 × डब्लूडीएन 2–258, आईसीपी 88039 × आईपीएसी 3, आईसीपी 88039 × डब्लूडी 3, डब्लूडीएन 1–95 × आईपीएसी 3, आईपीएसी 79 × डब्लूडी 4, आईपीएसी 79 × डब्लूडी 5, आईपीएसी 79 × डब्लूडी 3, आईपीएसी 70–1 × डब्लूडीएन 2–288) के चौथी पीढ़ी (एफ4) से व्युत्पन्न संकरणों से चयनित किये गये।

बीसी$_1$एफ$_5$ एवं एफ$_6$ पीढ़ी के व्युत्पन्न पौधे, जो कि तीन संकरणों अर्थात अर्ली 3 (*डिटरमिनेट,* अल्पावधि परिपक्वता एवं गुच्छों में फलियाँ) × *सी. स्कारबोयोडिस* (आईसीपी 15685), यूपीएएस 120 × *सी. स्कारबोयोडिस* (आईसीपी 15761), आईपीएसी 64 × *सी. कैजानीफोलियस* (आईसीपी 15629), आईसीपी 12195 × वीके एस 11/24–2 × बहार, आईपीएसी 67 × आईपीएसी 68, आईपीएसी 68 × बहार, आईपीएसी 79 × डब्ल्यूआरपी 1, आईसीपीएल 20135 × बहार, आईसीपीएल 20135 × आईपीएसी 72, आईपीएसी 66 × आईपीए 8 एफ, मारूती × आईपीएसी 68, मारूती × आईपीएसी 66, मारूती ×आईपीएसी 67, आईपीएसी 79 × आईपीएसी 70, बहार × आइपीएसी 79, आईपीएसी 24 × आईपीएसी 72, आईसीपी 10958 × आईपीएसी 70, आईपीए 8 एफ × बहार, आईपीए 8 एफ × 56/2010, आईपीएसी 70 × आईपीए 8 एफ, एसईएल 14 × आईपीए 8 एफ, आईपीए 7 एफ × आईपीए 8 एफ, उपास 120 × आईसीपीएल 88039, आईसीपी 7366 × आईसीपी 7148, आईपीएसी 24 × आईपीएसी 64 एवं आईपीएसी 66 × आईपीएसी 67 से प्राप्त हुए जिन्हे बीसी$_1$ एफ$_5$ एवं एफ$_7$ के पीढ़ी के पौधों को पौधों उत्पादन के लिये रोपित किया गया। एफ$_5$ पीढ़ी से व्युत्पन्न विभिन्न अंतःसंकरणों, अर्थात टीटीबी 7, आईपीएसी 80, आईपीएसी 79, बीएसएमआर 853, आईपीए 8 एफ एवं जेकेएम 189 को आगे छठी पीढ़ी ($एफ_6$) के लिये चयनित किया गया।

बीसी$_1$एफ$_4$ एवं एफ$_5$ आबादी वाले (आईपीएसी 79 × आईआईपीएसी 80, जेएपी 10–50 × आईपीए 203, मारूती × आईपीए 8 एफ, एनए 1 × आईसीपीएल 87154, आईपीएसी 80 × आईसीपीएल 87154, आईपीएसी 79 × आईसीपीएल 87154, प्रभात × आईपीएसी 64, एलआरजी 30 × धोली लोकल, आईसीपी 970 × जेएपी 10–52, बहार × मारूती, एनडीए × आईपीए 8 एफ एवं एनडीए 1 × आईपीएसी 68) के संकरणों को आगे के पीढी के लिये प्रक्षेत्र में बोया गया।

e[; lidj.k

lidj.k	ih<h
अर्ली 3 (परिमित, शीघ्र) × *सी.स्कारबियोड्स* (आईसीपी 15685)	एफ$_6$ एवं बीसी$_1$एफ$_5$
उपास 120 × *सी. स्कारबियोड्स* (आईसीपी 15761)	एफ$_6$
आईपीएसी 67 × आईपीएसी 68, आईपीएसी 64 × सी कैजानीफोलिपस (आईसीपी 15629), आईपीएसी 66 × आईपीए 8 एफ, मारूती × आईपीएसी 68, जेएपी 10–50 × आईपीए 203 एवं एनडीए 1 × आईपीए 8 एफ	एफ$_6$
उपास 120 × आईसीपीएल 88039	एफ$_7$
जेकेएम 189 × बीएसएमआर 853 एवं जेकेएम 189 × टीटीबी 7	एफ$_7$

cká foRrikf"kr ifj;kstuk;s

df"k tyo fofo/krk ij lhvkjih

tuun0;ksa dk y{k.k o/ku

जननद्रव्यों के लक्षण वर्धन के लिये एनबीपीजीआर, नई दिल्ली से प्राप्त कुल अरहर के 400 जननद्रव्यों को 3 राष्ट्रीय मानक किस्मों एवं एक स्थानीय मानक किस्म के साथ बोया गया। विभिन्न लक्षणों एवं कुछ सस्य गुणों, अर्थात पौधे के प्रारम्भिक शक्ति, पौध वृद्धि, प्रवृत्ति, पौध प्रवृत्ति, 50% पुष्पन के दिन, मुख्य शाखाओं की संख्या, रंग आधारित पुष्प, पुष्प में धारियों का स्वरूप, तने का रंग, पत्तियों में रोम, फली मे रोम, फलियों के 80% पकने का समय, बीजों का रंग, कुल 100–बीज भार, बीज उपज/पौध, बीज के आँखों की चौड़ाई, बीज का आकार इत्यादि के आधार पर अवलोकन किया गया। बीज उपज से सम्बन्धित गुणों को अभिलेखित किया गया। प्रति क्यारी उपज के आधार पर 50 पंक्तियों को अगले मौसम के मूल्यांकन के लिये चयनित किया गया।

mi;qDr o'kkuqØe dh lwph

o'kkuqØe	idu dh fnuksa dh l[;k	vuekfur inkokj ¼d-@g-½
आईसी 74150	165	21.5
आईसी 74155	168	21.8
आईसी 74159	175	23.2
आईसी 73783	180	22.8
आईसी 74005	186	32.5
आईसी 74077	184	29.3
आईसी 73738	190	25.0
आईसी 73974	180	24.7
आईसी 73326	188	24.1
आईसी 74143	182	23.7

l[kk lgu'khyrk dk eY;kdu

सिंचित एवं असिंचित अवस्था में अरहर की मध्यम अवधि की 17 पंक्तियों को 3 मानक किस्मों के साथ मूल्यांकित किया गया। सिंचित अवस्था में जेएसए 59–2 पंक्ति ने सर्वाधिक उपज दी उसके पश्चात क्रमशः आईसीपी 3451, जेएसए 59–1 एवं आशा पंक्ति का स्थान रहा।

puk

tuun0;ksa dk y{k.k o/ku

विभिन्न स्रोतों से प्राप्त चने के कुल 2314 जननद्रव्यों की पंक्तियों को 20 लक्षणों के आधार पर मूल्यांकित एवं लक्षण वर्धित किया गया। कुछ मुख्य लाइनों को चिन्हित किया गया जो कि शीघ्र पकने वाली (90–100 दिन) (आईसी 244557, आईसी 268257, आईसी 327597 एवं आईसी 2271435), नीले फूलों का रंग (डीसी 408825, ईसी 408825, ईसी 484995, आईसी 328047, आईसी 408198, आईसी 487002, आईसी 299206, आईसी 328175, आईसी 270969 एवं आईसी 328080) पत्तियों में उत्परिवर्ती (आईसी 83336), बहु–डंठल वाली पत्तियाँ (आईसी 328146, आईसी 270944, एवं आईसी 270944), साधारण पत्तियाँ (आईसी 487344, आईसी 270959, आईसी 486882, आईसी 84021, आईसी 244181, आईसी 551991, आईसी 328034 एवं आईसी 275224), बैगनी तना (आईसी 484995, आईसी 487357, आईसी 408198 एवं ईसी 555401), आकर्षक तनों (आईसी 244613 एवं आईसी 424391) एवं मौलिक फसल कटान के लिये उपयुक्त (ईसी 223490, ईसी 23507, ईसी 223488, ईसी 267159, आईसी 83999, आईसी 209238, आईसी

vfl fpr voLFkk e e/;e vof/k okyh p;fur thuik: ik dk ikn'kZu

mPp mit ifDr;k ¼vfl fpr voLFkk½	70% idu dh l[;k	mit@D;kjh ¼fd-xk-½ 4-8 oxZ eh-	vkSlr D;kjh mit ¼d-@g-½ ifjofrZr vuekfur mit
जेएसए 59–2	178	1.42	29.5
जेएसए 59–1	183	1.34	27.9
आईसीपी 3451	209	1.38	28.7
आरवीके 284	182	1.28	26.6
आरवीके 275	210	1.19	24.7
आशा (चेक)	183	1.32	27.5

244325, आईसी 244340, आईसी 244173, ईसी 382406, आईसी 84003, आईसी 83775, आईसी 83796, आईसी 209239, आईसी 209441 एवं आईसी 409212) थी।

cxuh ruk dh lkFk uhyk Qy] mRifjorh ifÙk;k] cgMBy ifÙk;k

yky ru dh lkFk ykfyek ;Dr ifÙk;k] 6 ifÙk;k ;Dr] lk/kkj.k ifÙk;k

pu e ifÙk;k dh vkdkj] uke ,o jxk e fofof/krk

pu e ik/kk e fofo/krk ¼,½ 3 i"i@MBy ¼ch½ nk Qyh@MBy ¼lh½ Qfy;k e fofo/krk ¼Mh½ vkd"kd ruk

pu e fofHkUu Qyh mRiUu dju oky ik/k

Qyh Hkknd dk foLrkj l eY;kdu

सहनशील जीनप्रारूपों की पहचान के लिये एनबीपीजीआर से प्राप्त कुल 1195 जननद्रव्यों को मूल्यांकित किया गया। तीन मुख्य लक्षणों के आधार पर अर्थात कुल क्षतिग्रस्त पत्तियाँ/पौध, कुल क्षतिग्रस्त फलियाँ/पौध एवं कुल लार्वा की संख्या/पौध की जानकारी अभिलेखित की गयी। मौसमी सप्ताह के आधार पर फली भेदक संक्रमण का आकलन किया गया। जिसमें यह पाया गया कि चने की पत्तियाँ जनवरी के दूसरे एवं तीसरे सप्ताह में सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त हुई, उसी तरह, सर्वाधिक लार्वा की संख्या फरवरी के दूसरे सप्ताह में देखी गयी, जबकि सर्वाधिक क्षतिग्रस्त फलियाँ फरवरी के दूसरे, तीसरे एवं चौथे सप्ताह में पायी गयीं। एक पंक्ति आईसी 83336 में फली भेदक संक्रमण सहनशीलता को चिन्हित किया गया।





ifÙk;k ,o Qfy;k e lØe.k ¼,,uch½ ,o QyhHknd thu lgu'khy thuik:i ¼lh ,o Mh½

pu dh ituu ifDr;k ¼,Q$_{2@3}$,o ,Q$_{7@8}$½ dk eY;kdu

सस्य दैहिकी मूल्यांकन के लिये एनबीपीजीआर के शिमला स्थित क्षेत्रीय शोध केन्द्र पर चने की कुल 493 प्रजनन पंक्तियों में (215 पंक्तियों के संकरण पूसा 256 × आईएलडब्लूसी 46, से, 120 पंक्तियों के संकरण पूसा 1103 × आईएलडब्लूसी 46 से एवं, 78 पंक्तियों के संकरण पूसा 372 × आईएलडब्लूसी 229 से एवं 80 पंक्तियों के संकरण पीबी 5 × आईएलडब्लूसी 229 से प्राप्त किया गया। चार पंक्तियों का जल्दी पकने वाली (105–107 डी) के संकरण पूसा 1103 × आईएलडब्लूसी 46, मानक किस्मों शुभ्रा एवं जेजी 16 मानक किस्मों के सापेक्ष की पहचान की गयी।

elj

elj dh ituu lkexh ¼,Q$_{7@8}$½ dk eY;kdu

एनबीपीजीआर, शिमला से प्राप्त कुल 260 प्रजनन

सामग्री का जिसमें (100 पंक्तियों के संकरण आईएलएल 8006 × आईएलडब्लूएल 62 से एवं 160 पंक्तियाँ के संकरण आईएलएल 10829 × आईएलडब्लूएल 30 से) क्षेत्रीय शोध केन्द्र पर सस्य दैहिकी मूल्यांकन किया गया। दो मानक अर्थात आईपीएल 316 एवं जेएल 3 पंक्तियों के सापेक्ष 85% पंक्तियों शीघ्र पकने वाली पायी गयी।

vfxe mRifRr dk eY;kdu

[kslkjh

[kslkjh e de vkMh,ih dh ek=k dk ipU/ku ,o lekkj

विभिन्न स्रोतों से प्राप्त खेसारी के कुल 452 जननद्रव्यों का सस्य आर्थिक गुणों का मूल्यांकन किया गया। जीनप्रारूपों को शुद्धीकरण के अलावा पराग नियंत्रण की अवस्था में एकल पौध का चयन किया गया। फूलों के रंगों, पत्तियों के आकार एवं नाम, शीघ्रण, बीज रंग, बीज का आकार एवं बीज की माप, कुल फली/पौधे, कुल शाखायें/पौध, कुल बीज/फली एवं पौधे की ऊँचाई में बहुत ज्यादा विविधता पायी गयी।

[kslkjh dh ipe[k :i ls fpfUgr lkexh

cM+ ,o lQn cht;Dr thuk:i% एसइएल 453, एसइएल 471, आईसी 296745ए, बायोआर 219, बायोआर 239 एवं ईसी 3।

gj ekt+d cht oky thuk:i% आरएलके 195 जल्दी पकने वाले जीनप्रारूप (110–115 दिन) – आईसी 296745 ए एवं आरएलके 195।



ijkx fu;=.k fLFkfr;k e fd;k x;k eY;kdu

[kslkjh e mRifjorZu dk v/;;u

खेसारी में ओडीएपी की मात्रा में विविधता उत्पन्न करने के लिये खेसारी के तीन जीनप्रारूपों रतन, महातेवदा एवं प्रतीक के बीजों को 0.2 केजीवाई (1000 बीज), 0.3 केजीवाई (2000 बीज) एवं 0.4 केजीवाई (3000 बीज) को नई दिल्ली के आईएआरआई के एनआरएल प्रयोगशाला में गामा विकिरण से उपचारित किया गया। बीजों के अंकुरण एवं वृद्धि बीजों की अवस्था में मरने वाले बीजों में बहुत ज्यादा विविधता पायी गयी।

क्लोरोफिल की मात्रा, पत्तियों का मुड़ना, वृद्धि में रूकावट एवं मोड़ मुख्य रूप से उच्च उपभरित मात्रा (0.4 के जीवाई) में पायी गयी। 0.4 केजीवाई उपचारित जीनप्रारूपों के एकल पौध में बीजों की संख्या/पौध बहुत कम प्राप्त हुई। सामान्य

of) dh voLFkk e mRifjorZu

vdj.k dh voLFkk e mRifjorZu

of) e n[kh xbZ fodfr;k

रूप में उपचारित जीनप्रारूपों में महातेवदा सबसे ज्यादा प्रभावित हुई जबकि रतन जीनप्रारूप बहुत कम प्रभावित हुआ। एम$_1$ संतान (एम$_2$ पीढ़ी) को अगले मौसम में बोया जायेगा।

cht mRiknu

ituu cht mRiknu

cht dUnk d vUrxZr x.koÙkk;qDr chtk dk mRiknu

किसानों की सहभागिता से बीज उत्पादन योजना के तहत कुल 84.72 कुन्तल उच्च गुणवत्तायुक्त मूंग का बीज (सम्राट, आईपीएम 203 एवं आईपीएम 2–14) एवं 52.47 कु. उर्द का बीज (उत्तरा एवं आईपीयू 2–43) पैदा किया गया। अरहर में उच्च गुणवत्तायुक्त बीजों का अनुमानित उत्पादन 360 कु. (आईपीए 203, जेकेएम 189, टीजेटी 501 एवं आशा) है। रबी मौसम में चने की बुआई 45.09 हे. (उज्जवल, शुभ्रा, जेजी 14, जेजी 16, जेजी 11 एवं जाकी 9218) क्षेत्रफल में की गयी। मसूर (आईपीएल 316) 9.40 हेक्टेयर क्षेत्र में बोयी गयी जबकि मटर की बुवाई क्षेत्र 19.70 हे. (अमन, आईपीएफडी 10–12, प्रकाश एवं आईपीएफ 9) रहा। चने का अनुमानित उत्पादन 460 कु., मसूर का 70 कु. एवं मटर का 210 कु. क्रमशः रहा।

fodkl dkRed xfrfof/k;k¡

- डब्लूबीएम रोड का निर्माण पूरा किया गया।
- दो पुलिया की स्थापना
- रेलवे पटरी के किनारे जंजीर युक्त बाड़ का निर्माण कराया गया।
- दो दरवाजों वाले बीज अंकुरण उपकरण एवं रेफ्रीजरेटर क्रय किया गया।
- जल शोधन प्रणाली की स्थापना
- 75 एचपी ट्रैक्टर जेसीबी के साथ क्रय किया गया।
- बीज प्रसंस्करण एवं बीज भण्डारण भवन का निर्माण कार्य जारी है।

nygu fodkl foHkkx] Hkkiky d lgk;d fun'kd u d"kd i{k= ij ex d chtk d mRiknu dk vuJo.k fd;k

{k=h; 'kks/k dUnz&lg&xzke&ekyeh uslkjh] /kkjokM+

ikni vkuoaf'kd lalk/ku % lxg.k] eY;kdu ,oa lj{k.k

खरीफ में मूंग के 150 जननद्रव्यों का उनके बाह्य आकारीय गुणों का पुनर्जीवन एवं मूल्यांकन किया गया। जिसमें मूंग की जेबीटी 37/150 (66 दिन), एलएम 16–1 (69 दिन) एवं एलएम 19 (70 दिन) शीघ्र पकने वाले पाये गये। मूंग की ज्यादातर लाइनें प्रक्षेत्र अवस्था में *सरकोस्पोरा लीफ स्पाट* रोग के प्रति बहुत ज्यादा संवेदनशील रहे।

खरीफ में उर्द के 150 जननद्रव्यों का विभिन्न गुणों के आधार पर उनका पुनर्जीवन एवं मूल्यांकन किया गया। उर्द की पीयू 30, पीजीआरयू 95016 एवं आईपीयू 99–43 (71 दिन) एवं यूपीयू 93–3 एवं आईपीयू 99–79 (72 दिन) शीघ्र पकने वाले पाये गये।

रबी में मूंग के 50 और उर्द के 50 जननद्रव्यों का उनके प्रति चूर्णी फफूंदी सहनशील बीमारी एवं अन्य गुणों का मूल्यांकन किया गया। मूंग की डीएमजी 110–5–2, एफएम 131 एवं एलएम 90 सहनशील पाये गये एवं उर्द की टीयू 91–2, डब्लूबीयू 137–2, आईसी 10666 एवं आईसी 16511 सामान्य प्रक्षेत्र अवस्था में बीमारी के प्रति सहनशील पाये गये।

foxuk esa p.kh feYM;k jkx dh tkp

foxuk esa ,eokb,eoh vkj ljdkLikjk jkx dh tkp

ykfc;k

खरीफ एवं रबी में लोबिया के 93 जननद्रव्यों का उनके विभिन्न बाह्य आकारीय गुणों का पुनर्जीवन एवं मूल्यांकन किया गया। विभिन्न बाह्य आकारीय गुणों में बहुत ज्यादा विविधता पायी गयी। लोबिया की आईसी 97767 एवं आईसी 402166 (75 दिन), जीपी 37 (78 दिन) एवं पन्त लोबिया 4 (80 दिन) शीघ्र पकने वाले पाये गये, जबकि गोवा लोबिया 3 एवं एमपी 2 (110 दिन) देर से पकने वाले रहे।

dqYFkh

रबी में कुल्थी के 102 जननद्रव्यों के विभिन्न गुणों का पुनर्जीवन एवं मूल्यांकन किया गया। कुल्थी की जीपीएम 48 (79 दिन) एवं जीपीएम 66 एवं एके 42 (80 दिन) जल्दी पककर तैयार हुई।

रबी में 72 कुल्थी के 72 जननद्रव्यों को प्रक्षेत्र अवस्था में चूर्णी फफूंदी बीमारी के प्रति जाँच की गयी। कुल्थी की ज्यादातर पंक्तियाँ इसकी बीमारी के प्रति बहुत ज्यादा संवेदनशील रही। कुल्थी की जीपीएम 18, जीपीएम 24, जीपीएम 59, जीपीएम 44–4 एवं जीपीएम 4 बहुत ज्यादा सहनशील पाये गये।

ykfc;k ,oa dqYFkh dk th.kk)kj

oU; *foxuk* tuu0;

खरीफ में वन्य प्रजाति *वी. अम्बलेटा* (टीसीआर 90), *वी. मूंगो सिल्वेस्ट्रिस* (टीसीआर 262) एवं *वी. मूंगो सबलोबाटा* (टीसीआर 218) को आगे के लिये बनाये रखा गया।

puk ,oa eyj dh xjekyk e o'kkuxr mUufr

एफ,एस एवं/या पृथक् बीजों के वंशानुगत उन्नति के

लिये अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना, चना के 9 केन्द्रों श्रीगंगानगर (5 लाइन), कोटा (5 लाइन), सेहोर (80 लाइन), राहुरी (18 लाइन), लुधियाना (394 लाइन), जूनागढ़ (19 लाइन), अकोला (7 लाइन) इलाहाबाद (2 लाइन) एवं हिसार (15 लाइन), भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर से प्राप्त किये गये एवं वंशानुगत वृद्धि के लिये बोए गए तथा इनकी वंशानुगत वृद्धि करके प्रजनन सामग्री को उनके केन्द्रों पर वापस भेजा गया। गैर मौसम में भी कुछ संकरणों का सफलतापूर्वक प्रयास किया गया।

pu% e xjekleh o'kkuxr mUufr

tud@lR;fu"B cht mRiknu

खरीफ में जनक बीज मूंग आईपीएम 2–14 (350 कि.ग्रा.) एवं उर्द आईपीयू 2–43 (230 कि.ग्रा.) पैदावार असिंचित अवस्था में लगभग 3 हे. में बोया गया। किसानों द्वारा सहभागिता से बीज उत्पादन के कार्यक्रम के तहत, 1100 कि.ग्रा. मूंग (आईपीएम 2–14) एवं 1000 कि.ग्रा. उर्द (आईपीयू 2–43) के बीज का उत्पादन किया गया। रबी में देशी चना जेजी 11 एवं काबुल चना आईपीसी के 2002–29 उत्पादन हेतु क्रमशः 1 एकड़ एवं 2 एकड़ में बोया गया जिसमें जेजी 11 का 160 कि.ग्रा. एवं आईपीसी के 2002–29 का 150 कि.ग्रा. बीज असिंचित अवस्था में पैदा हुआ। कुल्थी में क्रीडा 18 से 40 कि.ग्रा. बीज का उत्पादन हुआ।

LFkkuh; ,e,yVh e iof"V;k

मूँग की दो मुख्य प्रविष्टियों (आईपीएम 14–28 एवं आईपीएम 406–1) एवं उर्द (आईपीयू 11–2 एवं आईपीयू 12–30) को कर्नाटक के विभिन्न सस्य जलवायु क्षेत्रों में बहुस्थानिक स्तर पर मूल्यांकन किये गये।

Qly lq/kkj

ex e cgr ifrcy vojks/k ,o mit e of) gr vkuoa'kd lq/kj

mn% खरीफ में 10 प्रविष्टियों को मूल्यांकित किया गया। प्रवृष्टि आईपीयू 11–2 (69 दिन) आईपीयू 10–33 (72 दिन) जल्दी पककर तैयार हुई आईपीयू 11–2 (1531 किग्रा/हे.), आईपीयू 2–24 (1486 कि.ग्रा./हे.) एवं आरपीयू 94–1 (1400 कि.ग्रा./हे.) सबसे ज्यादा उपज दी।

ex% खरीफ में मूंग की कुल 20 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया। जीन प्रारूप आईपीएम 9901–8 (1486 कि.ग्रा./हे.), आईपीएम 307–3 (1390 कि.ग्रा./हे.) एवं आईपीएम 99–125 (1360 कि.ग्रा./हे.) में क्रमशः सर्वाधिक उपज पायी गयी।

ex ,o mn dk LFkkuh; ijh{k.k

puk% सिंचित अवस्था में देशी चनें 20 लाइनों को रबी के मौसम में मूल्यांकित की गयी। जेजी 11 (90 दिन), आईपीसी 2011–30 (93 दिन) एवं आईपीसी 2006–127 (94 दिन) शीघ्र पकने वाली रही। प्रविष्टि आईपीसी 2012–99 ने सर्वाधिक उपज (1568 कि.ग्रा./हे.) मानक प्रविष्टि जेजी 11 (1427 कि.ग्रा./हे.) एवं जेजी 16 (1237 कि.ग्रा./हे.) के सापेक्ष दिया।

Qly mRiknu

nygu vk/kkfjr Qly i.kkyh e lq/ku lq/k.k izcU/ku }kjk mRikndrk c<kuk

इसके लिये चार फसल चक्रों (मूंग–ज्वार, मक्का–चना, सोयाबीन–चना एवं मूंगफली–चना) का 16 परीक्षणों तथा दो

lhbokb ¼fd-xk-@g-½



Qly i.kkyh] lj{k.k i)fr rFkk mojd icU/kd dk i.kkyh mRikndrk ¼fd-xk-@g-½ ij iHkko ,e,l&ex&Tokj ,elh&eDdk&puk] th,ulh&exyh&puk ,loh&lh lk;kchu&puk] ,e&iyokj] ,e,e&fcuk iyokj] ,Qth&Ñf"k i)fr] vkj&ih fu/kkfjr i)fr

संरक्षण क्रियायें (पलवार एवं बिना पलवार) और दो उर्वरक प्रबन्धन क्रियायें निर्धारित मात्रा एवं कृषक पद्धति में प्रयोग किया गया। मक्का–चना फसलचक्र में सर्वाधिक चना समतुल्य उपज (8572 कि.ग्रा./हे.) रही। इस प्रणाली से उत्पादकता में सामान्य प्रणाली से 18% अधिक उपज प्राप्त की गयी। उर्वरक के प्रयोग में निर्धारित पद्धति कृषि पद्धति से ज्यादा कारगर पायी गयी।

mn ij rjy tSo mojd ,oa mojd dk iHkko

उर्वरक की निर्धारित मात्रा (100% एवं 75%) का प्रयोग करके खरीफ में उर्द (आईपीयू 2–43) का प्रक्षेत्र में तरल राइजोबियम एवं तरल फास्फेट धुलनशीलता का मूल्यांकन किया गया। उर्द की सर्वाधिक उपज (1780 कि.ग्रा./हे.) 100% उर्वरक की निर्धारित मात्रा, आरडीएफ तरल जैव उर्वरक में रही जो की 75% आरडीएफ तरल जैव उर्वरक के समकक्ष (1760 कि.ग्रा./हे.) रही।

mn ij rjy tSo mojd dk iHkko

ex ij tLrq dh ek=k ,oa mi;ksx dh fof/k dk iHkko

मूंग (आईपीएम 2–14) पर जस्ते की उचित मात्रा एवं उपयोग की विधि की विधि का मूल्यांकन किया गया। पुष्पन की अवस्था में, भूमि में 10 कि.ग्रा. जिंक सल्फेट/हे. 0.5% जस्ते की मात्रा का पत्तियों में छिड़काव करने पर सर्वाधिक उपज (1520 कि.ग्रा./हे.) पायी गयी।

ex ij ftad ¼tLrq½ dh ek=k dk iHkko

iklkj xfrfof/k;k

fdlku eyk esa Hkkxhnkjh

यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइन्सेज, धारवाड़ में 24–27 सितम्बर 2016 के मध्य आयोजित किसान मेला में क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने, आईआईपीआर द्वारा विकसित प्रजातियों के बीजों का प्रदर्शन किया एवं दलहनी फसलों के रखरखाव एवं सुरक्षा हेतु बोर्ड एवं चार्टों से प्रदर्शित करके दिखाया गया।

fdlku eyk esa vkbvkbihvkj&vkjvkjlh dh Hkkxhnkjh

fdlku dk [ksrk ij yxk, x, vfxe ifDr in'kZu

रबी में विभिन्न किसान के खेतों पर चना (जेजी 11) के पाँच प्रदर्शन धारवाड़ जिले के व्याहट्टी, नरेन्द्रा, गोविनाकोप्पा, आरे कुराहत्ती मंगलागट्टी सालवाडी, रापुर एवं यतिंगुडा में

लगाये गये एवं दलहन उत्पादन करने वाले किसानों से संवाद किया गया।

i{k= fodkl dh fØ;k&dyki

- सेरीकल्चर भवन के नीचे के तल को पुनर स्थान का पूरा किया गया।

vkbZvkbZihvkj&vkjvkjlh Hkou dk dk;kZYi

- प्रक्षेत्र की सफाई एवं मिट्टी का समतलीकरण
- पीने के पानी की सुविधा का विकास
- कम्प्यूटर के फर्नीचर की खरीद की गई।
- *स्प्रिंकलर* सिंचाई को ऐच्छिक किया गया।
- नये कार्यालय प्रयोगशाला एवं सीजी रोड
- एएफ ब्लाक निर्माण कार्य जारी है।

ifj{k= dh pkjdh vkj lhesaVM lMd dk fuekZ.k ,oa ?kjk@ckM

- *हाइड्रोलिक ट्राला, ब्लेड हैरो, सिंगल एमबी प्लाऊ* एवं *सीड ड्रिल* यंत्रों ट्रैक्टर एवं टाटा सूमो की खरीद की गयी।
- इन्टरनेट लाइनों के लिये कार्य जारी है।

x.kekU; 0;fDr;ksa }kjk dUnk dk Hkze.k

Mk- ,u-ih- flag] funs'kd] vkbZvkbZihvkj ,oa D;wvkjVh Vhe us dUnk dk Hkze.k fd;k

vf[ky Hkkjrh; lefUor 'kks/k ifj;kstuk,a

puk

Qly lq/kkj

fpfUgr iztkfr;k

iztkfr	izdkj	vkSlr mit ¼fd-@g-½	izLrkfod jkT;	fo'ks"krk
बीजी 3043	देशी	1604	पूर्वी उ.प्र., बिहार झारखण्ड, पं. बंगाल, असम एवं पूर्वोत्तर राज्य	उत्तर पूर्वी मैदानी राज्यों के लिए प्रस्तावित यह प्रजाति समय से बुवाई एवं सिंचित परिस्थितियों के लिए उपयुक्त है। इस प्रजाति के 100 दानों का वजन लगभग 21.4 ग्रा. है एवं यह प्रजाति उकठा रोग के लिए मध्यम अवरोधी है।
पंती जी 109 (पंत चना 05)	देशी	2215	उत्तराखण्ड, पंजाब, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, जम्मू एवं कश्मीर के मैदानी भागों के लिए	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित यह प्रजाति देर से बुवाई के लिए उपुयक्त है। इस प्रजाति के 100 दानों का वजन लगभग 16.2 ग्रा. है और यह प्रजाति उकठा, शुष्क जड़ विगलन एवं कालर राट (घूसर रोग) रोग के लिए मध्यम अवरोधी है।

vkuqokf'kd lLk/ku izc/ku

देश के 19 विभिन्न केन्द्रों पर 14,659 जननद्रव्यों का अनुरक्षण एवं मूल्यांकन कायिकी गुणों के आधार पर अनुरक्षित करने के लिये किया गया।

tud cht mRiknu

कृषि एवं सहकारिता विभाग की 7184.34 कुन्तल जनक बीज की कुल माँग के आधार पर चना की 67 प्रजातियों का 7722.07 कुन्तल जनक बीज उत्पादित किया गया जो कि कुल माँग की अपेक्षा 537.73 कुन्तल अधिक रहा।

Qly mRiknu

lL; foKku% गुलबर्गा, धारवाड़ एवं राहुरी केन्द्रों पर चौड़ी शैय्या एवं कूँड पर अन्तःफसली बुवाई का प्रयोग किया गया (चौड़ी शैय्या + कूँड़ पर अन्तःफसल) जिसमें अधिक उत्पादन की संभावना महसूस की गई।

गुलबर्गा (कर्नाटक) – चना + कुसुम

धारवाड़ (कर्नाटक) – चना + गेहूँ

राहुरी (महाराष्ट्र) – चना + सरसों

- प्रयोग द्वारा पौधों के विकास के समय एवं दूसरी फलियां विकसित होने के समय एक अतिरिक्त सिंचाई देने से अच्छी पैदावार देखी गई।
- राहुरी और जूनागढ़ केन्द्रों पर किये गये प्रयोगों में 80% फसल वाष्पोत्सर्जन (जो कि 100 फसल वाष्पोत्सर्जन के समकक्ष है) पर सिंचाई करना सिंचाई कार्यक्रम के अनुसार फसल वाष्पोत्सर्जन पर सिंचाई करने की तुलना में अधिक लाभप्रद देखा गया।
- विभिन्न संरक्षण पद्धतियों के प्रयोग में से सेहोर केन्द्र की अपेक्षा बदनापुर एवं साम्बा कम जुताई का प्रयोग प्रभावी देखा गया। इसी सन्दर्भ में ढोली, गुलबर्गा एवं नन्दयाल केन्द्रों पर धान के बाद परती छोड़े गये खेतों में एक जुताई करके चना की बुवाई की गई जिससे कि पारम्परिक जुताई के बराबर उपज देखी गई जो कि अपेक्षाकृत फायदेमंद रही।
- अवशेष अवरोधक के प्रयोग साम्बा, ढोली, बदनापुर, सेहोर, गुलबर्गा एवं नान्दयाल केन्द्रों पर किये गये जो कि पारम्परिक प्रक्षेत्रों की अपेक्षा अधिक उत्पादकता वाले देखे गये।
- रायपुर और राहुरी में खरवतवार नियंत्रण प्रबन्धन हेतु

पेन्डीमिथैलीन 30 ई.सी. के साथ इमेजाथापर 2% का तैयार मिश्रण को बुवाई के बाद जमाव से पहले प्रयोग तथा 35 दिन के बाद हाथ से निकाई–गुड़ाई से सभी प्रकार के खरपतवार नियंत्रित हुए। जब कि श्रीगंगानगर, ढोली, पंतनगर, जूनागढ़ एवं धाड़वाड़ में बुवाई के तुरंत बाद केवल पेंडामिथेलीन 38.7 सी एस अथवा 30 ई.सी. का बुवाई के तुरंत बाद प्रयोग एवं 30–35 दिन बाद हाथ द्वारा निराई–गुड़ाई से खरपतवार नियंत्रण का प्रयोग किया गया।

- धान के बाद परती छोड़ी गई भूमि में विभिन्न जुताई की विधियों द्वारा चना उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रयोग किये गये जिसमें कि फैजाबाद एचं राँची केन्द्रों में पारम्परिक जुताई के बाद पंक्ति में बुवाई का प्रयोग प्रभावी देखा गया। इसी सन्दर्भ में रायपुर और शिलौंगनी में बिना जुताई के सीधे हल द्वारा चना की बुवाई से अच्छे परिणाम देखे गये। वही शिलौंगनी केन्द्र में धान की खड़ी फसल में 50% फूल आने के 15 दिन बाद चने की छिड़कवां विधि से बुवाई करने पर बिना जुताई किये खेत में हल द्वारा सीधी बुवाई की अपेक्षा और अच्छी उपज देखी गई।
- धान के परती खेतों में चने की उपज बढ़ाने के लिए चना आधारित फसल चक्र का प्रयोग मकणपुर राज्य के इम्फाल केन्द्र पर किया गया जहाँ चना + अलसी (75:25) अन्तःफसल में चने की उपज में सार्थक बढ़ोत्तरी देखी गई।
- जैव–पौष्टीकरण के परीक्षण साम्बा, लुधियाना, दुर्गापुरा, गुलबर्गा एवं धारवाड़ केन्द्रों पर किए गये जिसमें कि जस्ता और लौह तत्व (0.5 जस्ता + 0.1 लौह तत्व) का छिड़काव फसल की क्रान्तिक अवस्था पर प्रभावी देखा गया।

ikni dkf;dh

- अपारम्परिक क्षेत्रों (उत्तर पूर्वी पर्वतीय भाग) में चने की खेती को बढ़ावा देने के लिए मेघालय, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में प्रयोग किये गये जिनमें – आरएससी 807, जेजी 16, जेजी 130, एनबीईजी 03, आरएसजी 902, बीजीडी 112, विराट, आईसीसीवी 10 प्रजातियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।
- लुधियाना केन्द्र पर शीत सहनशीलता के ऊपर किए गए प्रयोग में निम्नलिखित जीन प्रारूपों एवं प्रजातियों में 50 सें.ग्रे. तापमान से कम पर भी फूल और फलियां निकलते एवं बनते हुए देखी गई – जीएनजी 663, आरएसी 143–1, जेजी 74, बीजीडी 72, जीपीएफ 2, के 850, बीजीडी 75, आईसीसीवी 96030, जीएल 769, आईसीसी 4958, जेजी 14 और आईसीसीवी 88506।
- कुछ आशाजनक जीनप्रारूपों एवं प्रजातियों में अधिक तापमान सहनशीलता के प्रयोग में अधिक तापमान पर भी उपज में तापमान का कम प्रभाव देखा गया जैसे जेजी 218, जीजी 2, आरएसजी 888, सीएसजेडी 884 एवं फूले जी 05।

l{e tho foKku% लुधियाना केन्द्र पर चने में 167 ना आइसोलेट्स मीजोराइजोबिया चने में नोडयलेशन के लिए प्रयोग किये गये जिनमें – एलआरजी 88, एलआरजी 128 व एलआरजी 154 तीन आइसोलेट्स चिन्हित किये गये।

Qly lqj{kk

ikni jksx

- देशी एवं काबुली चना के निम्नलिखित जीनप्रारूप उकठा अवरोधी एवं मध्यम अवरोधी देखे गये –

  n'kh% फूले जी 12110, जीएनजी 2207, जेजी 16, एकेजी 1109, जीएनजी 1581, पीजी 212, एकेजी 1201, जेजी 74315–2, जीजेजी 1320, जीएल 12021, बीजी 30674, जीएनजी 2261, आईपीसी 2010–134, आईपीसी 2012–98, पीजी 158, जीएल 29098, सीएसजे 515, जीएनजी 2263, बीजी 3062।

  dkcyh% सीएसजेके 96, एचके 4 और एचके 13–109।
- निम्नलिखित जीनप्रारूप शुष्क जड़ गलन के लिए मध्यम अवरोधी देखे गये – जीएनजी 2207, फुले जी 08108, बीजी 1053 और जीसीपी 105।
- एच 12–01 जीन प्रारूप कुछ केन्द्रों पर कालर राट (घूसर रोग) के लिए अवरोधी एवं कुछ पर मध्यम अवरोधी देखा गया।
- दो जीनप्रारूप, जीएल 29095 और पीजी 160 चाँदनी रोग के लिए अवरोधी देखे गये।
- जीनप्रारूप सीएसजे 872, जीएनजी 2264 और सीएसजे 515 बौनेपन रोग के लिए मध्यम अवरोधी देखे गये।
- निम्नलिखित जीनप्रारूप लगातार कई वर्षों के प्रयोगों में विभिन्न रोगों के लिए अवरोधी देखे गये –

  mdBk% एससीजीपी–डब्ल्यूआर 28, बीसीपी 60, जीजेजी 0814, आईपीसीके 2004–29, जीजेजी 0922, जीजेजी 0921, एससीजीपी–डब्ल्यूआर 342, जीजेजी 904, आईपीसी 2008–69।

जड़ गलन – जेजी 24

चाँदनी या अंगमारी – आईपीसी 104

घूसर रोग – आईपीसीके 2004–29

उकठा + शुष्क जड़ गलन – जीएनजी 2207

- जलवायु परिवर्तन के कारण चने में विभिन्न रोगों के प्रभाव को देश के नौ केन्द्रों पर प्रयोग द्वारा देखा गया कि उकठा रोग का प्रभाव उत्तर पश्चिमी मैदानी एवं उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में चने की बुवाई अगर नवम्बर के मध्य में की जाती हैं तो उकठा रोग का प्रभाव इन क्षेत्रों में अधिक होता है। मध्य भारत में अक्टूबर में बुवाई करने पर उकठा रोग का प्रभाव सबसे अधिक होता है। जब कि शुष्क जड़ गलन एवं धूसर रोग का प्रभाव अगेती बुवाई करने पर अधिक होता है और दक्षिण भारत में देर से बुवाई करने पर इनका प्रभाव अधिक होता है। वही बौनापन या विषाणु रोग का प्रभाव जूनागढ़ एवं साबोर केन्द्रों पर अगेती बुवाई करने से अधिक होता है।

dhV foKku

- फली भेदक कीट की रोकथाम के लिए जैविक/अजैविक कीटनाशकों के मिश्रण का छिड़काव किया गया जिसमें कि नीम सोप + राइनाक्सीपाइर 18 जी ए आई + इण्डोक्साकार्व 15.8 ईसी @ 62 सक्रिय तत्व प्रति हे. का प्रभाव दूसरे या तीसरे छिड़काव उत्तरी पश्चिमी मैदानी क्षेत्र अच्छा देखा गया।
- दक्षिण भारत में मोड्यूल डीपेल + एसीफेट, एचएएनपीवी, प्रोफीनोफोस और राइनोक्सापाइर को फलीभेदक कीट के लिए प्रभावी देखा गया।
- फली भेदक कीट का प्रभाव समय से बोई गई फसल की अपेक्षा देर से बोई गई फसल के प्रयोग में अधिक देखा गया।
- चना के मोटे छिलके एवं हल्के भूरे रंग के बीजों में भण्डारण घुन का प्रकोप अपेक्षाकृत सफेद रंग के छिलके वाले दोनों से कम देखा गया।

vfxe ifDr in'ku

- उन्नतशील प्रजातियों एवं नवीनतम प्रबंधन तकनीकी पर 490 प्रदर्शन 35 केन्द्रों पर आयोजित किए गए। नवीनतम प्रबंधन तकनीकियों पर 372 प्रदर्शन किए गए जिसमें कि औसत उपज 1441 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर प्राप्त की गई जो कि किसानों द्वारा अपनाई गई पद्धतियों से प्राप्त उपज (1186 कि.ग्रा./हे.) से 21.4% अधिक देखी गई। वही प्रबंधन तकनीकियों द्वारा किये गये प्रदर्शनों जैसे धान के बाद उगाई गई चने की उन्नतशील प्रजातियों के प्रदर्शनों में पुरानी प्रजातियों की अपेक्षा 32.2% अधिक उपज देखी गई। इसके अलावा कीट प्रबंधन एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्रबन्धनों का प्रदर्शन भी पुरानी पद्धति की अपेक्षा 23.1% एवं 28.1% अधिक रहा।
- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, और महाराष्ट्र की अनुसूचित जनजातियों की आबादी वाले क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकी एवं उन्नतशील प्रजातियों का प्रयोग करके 319 प्रदर्शन आयोजित किये गये। प्रदर्शनों की औसत उपज 1301 कि.ग्रा./हे. देखी गई जबकि पारम्परिक पद्धति से प्राप्त उपज (1050 कि.ग्रा./हे.) से 23.9% अधिक पाई गई।

vjgj

1- Qly lq/kkj

अखिल भारतीय समन्वित अरहर विविधता मूल्यांकन कार्यक्रम (2016–17) में उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र और उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में सात परीक्षण जैसे, आई.वी.टी (अतिरिक्त जल्दी: 110–120 दिन); उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र, उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र, उत्तर पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र और दक्षिणी क्षेत्र में आईवीटी + एवीटी 1 (जल्दी: 121–140 दिन); सीवीटी और एसजेड में आईवीटी + एवीटी 1 (मध्य जल्दी: 141–160 दिन); मध्य क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र में आईवीटी (मध्यम: 161–180 दिन); दक्षिण क्षेत्र में एवीटी 1 (मध्यम 161–180 दिन); उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में एनईपीजेड और एवीटी 1 (देर : > 200 दिन) में आईवीटी (देर : > 200 दिन) पांच क्षेत्रों के 96 स्थानों पर निष्पादित की गईं। इन परीक्षणों के तहत, कुल 73 जीनप्रारूप का मूल्यांकन उचित मानक के साथ किया गया था और इन परीक्षणों के अंतर्गत आने वाले आशाजनक जीनप्रारूप दिए गए संबंधित सारांश सारणी 1 में हैं।

vkuqof'kd lalk/ku

खेती योग्य और वन्य प्रजातियों सहित 4756 जननद्रव्य अभिग्रहण 22 केंद्रों पर उगाये गए थे। इनमें से 314 अन्वेषण और खरीद के माध्यम से नए संग्रह किये गए हैं। उपज और उपज घटकों, रोग प्रतिरोध, सूखा सहिष्णुता और आकारिकी वर्णों के लिए 1145 जननद्रव्य लाइनों का मूल्यांकन विभिन्न केंद्रों पर किया गया। इनमें से कुछ प्रारूपों का उपयोग प्रजनन कार्यक्रम में भी किया गया ताकि सबसे अच्छा सस्य आधार में वांछित गुणों को स्थानांतरित किया जा सके। पूर्व

प्रजनन कार्यक्रम भी अफ्रीकी सामग्रियों/डेरिवेटिव से जुड़े छह केंद्रों पर उठाए गए थे जो इक्रीसेट से आपूर्ति किए गए थे।

çtuu lkexh

अखिल भारतीय समन्वित अरहर परियोजना केंद्रों में अलग–अलग सामग्री, स्थानीय और राष्ट्रीय संकरण कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए अखिल भारतीय समन्वित अरहर परियोजना की बैठक आयोजित की गयी थी। राष्ट्रीय और स्थानीय संकरण कार्यक्रम के तहत इस क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न केंद्रों ने 303 से अधिक संकरण बनाने का प्रयास किया। एआरएस, बदनापुर (08), यूएएस, बैंगलोर (05), टीएनएयू, कोयम्बटूर (14), टीसीए, ढोली (6), एआरएस, गुलबर्गा (07), बीएचयू, वाराणसी (10), एआरएस, वारंगल (13), जेएयू, जूनागढ़ (5) एआरएस, लाम (10), लुधियाना (40), पंतनगर (19) एआरएस, कोटा, (2), एमपीकेवी, राहुरी (4), कृषि कॉलेज, सेहोर (4) और एनपीआरसी, वंबान (4) ने राष्ट्रीय सकरण कार्यक्रम के तहत क्रॉस सकरण बनाने का प्रयास किया। इन सकरण के बीज उन्नत होंगे और अलग–अलग सामग्री विविधता के विकास के लिए विभिन्न केंद्रों में साझा की जाएगी।

çtud cht mRiknu

47 किस्मों के लिए कुल 385.72 कुंतल प्रजनक बीज के उत्पादन के खिलाफ 308.31 लाख के समेकित इंडेंट उत्पादन की योजना बनाई गई थी, जिसके लिए इंडेंट कृषि और सहकारिता विभाग, भारत सरकार के कृषि मंत्रालय, से प्राप्त हुआ था। बीएसपी IV के आधार पर अखिल भारतीय समन्वित अरहर परियोजना केंद्रों से प्राप्त किया गया, जो प्रारंभिक, मध्यम और लंबी अवधि के अरहर किस्मों के जनक बीज उत्पादन में शामिल थे, कुल 653.12 क्विंटल थे। खरीफ 2016–17 के दौरान जनक बीज का उत्पादन किया गया था।

lkfj.kh 1% vjgj d vk'kktud thuik:i

ijh{k.k	{k=	ijh{k.k ifof"V;k	nkuk mRiknu (fd-xk-@g-)		50% i"i d fnu	ifjiDork d fnu	100 cht dk Hkkj (xk-)
			e.Myh; vkl r	ekud fdLe e ikIr of) (%)			
आईवीटी (शीघ्र 121-140 दिन)	एनडब्लूपीजेड	पीए 421	1610	15.82	99	155	8.71
		पीए 414	1576	13.38	98	149	7.63
		एएसजे 1009	1491	7.26	93	151	7.67
आईवीटी+एवीटी 1 (शीघ्र 121-140 दिन)	एनईएचजेड	पीए 421	1534	27.62	95	138	10.16
आईवीटी+आईवीटी 1 (मध्यम–शीघ्र: 141-160 दिन)	सीजेड	आरवीएसए 16-4	2385	6.66	104	164	10.28
		जीआरजी 152	2505	12.03	113	167	9.80
	एसजेड	डब्लूआरजीई 93	1635	5.07	112	154	10.01
आईवीटी (मध्यम 161-180 दिन)	सीजेड	एमपीवी 106	2065	5.46	125	186	10.02
		आरकेपीवी 527-01	2200	12.35	116	175	9.54
	एसजेड	आरवीएसए 16-1	1628	10.89	208	164	10.45
		एलआरजी 133-33	1578	7.49	111	164	10.34
		जीआरजी 150	1542	5.04	115	166	10.54
		टीडीआरजी 58	1635	11.37	99	152	10.46
		एमपीवी 106	1595	8.65	114	165	10.91
		आरवीएसए 16-2	1606	9.40	109	1596	10.06
आईवीटी 1 (मध्यम 161-180 दिन)	एसजेड	सीआरजी 2012-25	1945	10.88	114	164	9.11
आईवीटी 1 (बिलम्ब से >200 दिन)	एनईपीजेड	पूसा 163	2146	5.04	15.1	247	12.13
		एमएएल 45	2155	5.53	158	251	11.48
आईवीटी 1 (बिलम्ब से >200 दिन)	एनईपीजेड	पूसा 153	1920	11.17	163	251	11.82
		डीए 15-1	1924	11.40	161	251	11.17

2- Qly mRiknu

¼I½ lL; foKku

Qly ç.kkyh

- मूँग और उर्द की अन्तर्सस्य खेती में उठी हुई शैय्या प्रणाली के तहत अरहर की यांत्रिक बुवाई से गुलबर्गा में काफी अधिक अरहर समतुल्य उपज प्राप्त हुई।
- सेहोर में, अरहर के विभिन्न किस्मों में सोयाबीन आधारित अन्तर्सस्य प्रणाली की कोशिश की गई। अरहर की समानता सोयाबीन अन्तर्सस्य प्रणाली (1:6) में पीएयू 881 किस्म के साथ काफी अधिक अच्छी उपज प्राप्त हुई।
- राहुरी में, अरहर (एएल 201) + सोयाबीन (2:4) गेहूँ के साथ आधारित अन्तर्सस्य आधारित अनुक्रमिक फसल प्रणाली में काफी अधिक अरहर समतुल्य उपज, सकल मौद्रिक आय, शुद्ध मौद्रिक आय और उच्चतम बी:सी अनुपात दर्ज किया गया।

ik"k.k çca/ku

- जिस परीक्षण में बताई गयी 125% खाद की मात्रा का प्रयोग करने से अरहर के अनाज के अधिक उपज प्राप्त हुआ है। शुद्ध आय और लाभ:लागत अनुपात में अरहर + तिल अन्तर्सस्य प्रणाली सबसे अच्छा चित्रकूट में दर्ज किया गया है।

fl apkbZ çca/ku

- 50% पैन वाष्पीकरण स्तर पर टपक सिंचाई ने बदनापुर और राहुरी में अरहर की सर्वाधिक उपज दर्ज की।
- राहुरी में, उच्च शुद्ध मौद्रिक आय और लाभ लागत अनुपात 50% पैन वाष्पीकरण स्तर पर सिंचाई के साथ और 120×60 सेमी की दूरी रखकर खेती करने से पाया गया है।

inkokj c<+kjh

- कुल मिलाकर क्षेत्रीय औसत विश्लेषण प्रदर्शित करता है कि मध्य और उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में (आईएनएम + आईडब्ल्यूएम + आईपीएम) प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने से उच्च अरहर समतुल्य उपज दर्ज की गयी है।
- आर्थिक रूप से, आईएनएम + आईडब्ल्यूएम + आईपीएम की संयुक्त पद्धतियों को अपनाने से एस.के नगर में उच्च लाभ लागत अनुपात दर्ज किया गया। कोटा में भी आईडब्ल्यूएम + आईपीएम के संयुक्त पैकेज को अपनाने से उच्च लाभ लागत अनुपात दर्ज किया गया है।

l[kk 'keu

- मध्य क्षेत्र (बेरहमपुर, चित्रकूट, राहुरी और बदनपुर) में जैविक अवशेषों के साथ पुसा हाइड्रोगेल के प्रयोग के साथ 1834 कि.ग्रा./हे. की उच्च औसत उपज प्राप्त हुई।
- दक्षिणी क्षेत्र (वम्बन, गुलबर्गा, बेंगलुरु, लाम और वारंगल) में गोबर की सड़ी खाद और पूसा हाइड्रोगल के प्रयोग के बाद KH_2PO_4 और KNO_3 के पर्णीय छिड़काव के बाद 1723 कि.ग्रा./हे. की उच्च औसत पैदावार दर्ज की गई।

ik"kd rRo vkj dhV çca/ku

- कानपुर में, आर.डी.एफ और इंडोसाकार्ब के फूल के आने के बाद और पहले छिड़काव के 15 दिनों बाद एक प्रणालीगत कीटनाशक के प्रयोग से प्रति हेक्टेयर में सर्वोच्च उपज दर्ज किया की गयी।
- आरडीएफ के प्रयोग तथा 50% फूल आने पर सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव और 15 दिनों बाद फूलों पर इंडोसाकार्ब के एक प्रणालीगत कीटनाशक के छिड़काव से राहुरी, जूनागढ़ और पंतनगर में उच्च उपज प्राप्त की गई।
- बेरहामपुर और नागालैंड केन्द्रों के मामले में 50% फूल आने पर आरडीएफ का प्रयोग और 0.5% बोरेक्स छिड़काव करने से उच्च उपज प्राप्त हुई।
- वाराणसी में, 50% फूल आने पर 2% यूरिया के छिड़काव के बाद उर्वरक की संस्तुत मात्रा देने से 1230 कि.ग्रा./हे. की उच्च अनाज उपज दर्ज की गयी।
- ढोली में, 50% फूल आने पर आरडीएफ 1% यूरिया + 0.25% जस्ता + 0.25% बोरान छिड़काव से उल्लेखनीय रूप से उच्च अनाज उपज (2755 कि.ग्रा./हे.) दर्ज की गयी। 50% फूल आने पर बहु सूक्ष्म पोषक तत्वों के पर्णीय छिड़काव @ 2 मि.ली./लीटर पानी और कीटनाशकों के दो छिड़काव यानी 15 दिनों के बाद फूलों पर इंडोक्सैक्रब के बाद प्रोन्नोफोस के छिड़काव से अधिकतम (2755 कि.ग्रा./हे.) उत्पादन प्राप्त हुआ।

ik/k of) fu;ked d lkFk dhVuk'kdk dh lxrrk

- कोटा और कानपुर में, फूल आने के 15 दिनों बाद

इंडोसाकार्ब और रिनैक्सिपिर + एनएए के टैंक मिश्रण प्रयोग से अरहर की अधिक उपज दर्ज की गई।

- रैनैक्सीपियर प्रयोग के 15 दिनों के बाद इंडॉक्सकार्ब और टीएनएयू पल्स के टैंक मिक्स प्रयोग से बेंगलुरु और एस.के. नगर में उच्च अनाज पैदावार हुई।

fufix vkj fjä dk çHkko

- लाम और राहुरी में 180×30 से.मी. की दूरी के साथ बुवाई के 45 दिन बाद निपिंग से अरहर की उच्चतम अनाज उपज मिली है।
- वारंगल में और 120×20 से.मी. की दूरी पर 45 दिन बाद निप्पिंग से अरहर की उच्च उपज दर्ज की गयी।
- बेरहमपुर में परीक्षण ने दिखाया है कि 120×30 सें.मी. के दूरी से के साथ 45 दिनों में निप्पिंग प्रति हेक्टेयर उच्च उपज प्राप्त हुई।
- बेंगलुरू केंद्र 90×30 से.मी. की दूरी के साथ बुवाई के 45 दिनों बाद निपिंग उच्च अनाज उपज प्राप्त किया गया था।

¼II½ ekbØkck;kyk th

1. तापमान सहिष्णुता अध्ययन के लिए कोयंबटूर, कालाबुरागी, लुधियाना, वंबन और वाराणसी केंद्रों से कुल मिलाकर साठ सात अरहर के रजोजील उपभेदों को अलग किया गया। कोयंबटूर में चार अलग–अलग इलाकों में सी.ओ.आर–2 को सी.ओ.आर–3 और सी. ओ.आर–4 द्वारा तापमान सहिष्णु के रूप में पाया गया है। कालाबुरागी में 35 नए राइजोबिअल आइसोलेट को अरहर की जड़ गाँठ से अलग किया गया है। लुधियाना में दस नए आइसोलेट्स में केवल तीन ही उच्च तापमान पर बढ़ने में सक्षम थे। जबकि वंबन में पांच में से 2 राइजोबियम आइसोलेट्स वीपीआर 3 और वीपीआर 4 को तापमान सहिष्णुता पाया गया। वाराणसी केंद्र के 12 अलग–अलग हिस्सों में से केवल छह 40° सेल्सियस से ऊपर तापमान में उभरने में सक्षम थे। आरए 16–13 ने 35 डिग्री तापमान पर भी सबसे अधिक गाँठें प्रदर्शित की।
2. अरहर के राइजोबिअल प्रारूप का प्रदर्शन विभिन्न कृषि–पारिस्थितिक क्षेत्र अर्थात अकोला, कालाबुरागी और वाराणसी में परीक्षण, विभिन्न कृषि–पारिस्थितिक स्थानों में विकसित छह कुशल राइजोबियल उपभेदों के साथ किया गया था। विभिन्न प्रभेदों ने जीएकेपीआर और जीपीआर 12–21 ने अकोला में नोड्यूलेशन और अनाज उपज के संबंध में बेहतर प्रदर्शन किया। इसी तरह, क्रमशः कोयंबटूर और कालाबुरागी में जीपीआर 12–21 और जीआरआर 15–21 में उच्चतम फली संख्या और अनाज उपज दर्ज की गयी। जबकि, वाराणसी में आरए 15–18 में संख्यात्मक रूप से श्रेष्ठ नोडल्यूशन और अरहर की उपज दर्ज की गई।
3. अरहर की पैदावार में सुधार के लिए एंडोफिटिक राइजोबैक्टेरिया का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न स्थानों, जैसे कोयम्बटूर, कलाबुरगी, और वाराणसी में एक परीक्षण किया गया। कोयम्बटूर में राइजोबियम और एंडोफिटिक राइजोबैक्टेरिया पीओई 7 के संयुक्त प्रयोग ने अनाज उपज बढ़ायी। जबकि, कालाबुरागी में एंडोफिटिक राइजोबैक्टेरिया पीकेई 8 में राइजोबियम के साथ नॉड्यूलेशन और अनाज उपज में सुधार हुआ। वाराणसी में आरए 5 स्थानीय उपचार द्वारा अधिक अनाज उपज प्राप्त की गयी।
4. अकोला, कोयंबटूर, कलाबुरूगी और वम्बन में अरहर की पैदावार को बढ़ाने में पोषक गतिमानता राइजोबैक्टेरिया अर्थात, जीएनएम 11, सीएनएम, वीएनएम और पीएनएम ने अधिक गाँठ बनाने तथा अरहर की अधिक उपज में मददगार पाए गए।
5. अकोला, कलाबुरगी, पंतनगर व कोयम्बटूर में पीएसबी और राइजोबियम के संयुक्त प्रयोग ने नोड्यूलेशन और अनाज उपज में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शायी।
6. अरहर राइजोबियम की दक्षता में सुधार करने के लिए प्रयोग किया गया था, जिसके लिए और राइजोबियम (पीजीपीआर) के विशेष रूप से अलग–अलग पाइबोपेरिअल प्रजातियों को बढ़ावा देने वाले छह कुशल संयंत्र विकास विभिन्न केंद्रों जैसे कोयम्बटूर (सीआरबी 2 और पीपीएफएम) लुधियाना एलपी 13 और एलपी 14) और कलाबुरगी (जीपीजीआर 18 और जीपीजीआर 25) और राइजोबियम के साथ प्रयोग किया गया है। परिणाम बताते हैं कि राइजोबियम के साथ लागू पीजीपीआर ने अनाज उपज बढ़ाया है। विभिन्न उपभेदों में, जीपीआरआर 25 ने कलाबुरगी और वम्बन में अनाज उपज में वृद्धि की। जबकि वाराणसी जीपीआरआर 18 ने उच्चतम गाठ और अनाज उपज दर्ज किया गया।

3- Qly lq{k.k

¼I½ ikni jkx funku

I- gkLV lykV çfrjks/k

1. **mdBk jkx** बीडीएन 13–41, बीआरजी 16–1, जीआरजी 152, जीआरजी 177, आईसीपीएल 15084,

आईसीपीएल 15028, आईसीपीएल 15036, एलआरजी 133–33, आईपीए 16एफ, आईपीए 20–121, केपीएल 43, केपीएल 44, एमएएल 45, एमएएल 46, एमएएल 47, टीडीआरजी 58 और टीडीआरजी 60 तथा इक्रीसेट के 12 जीनप्रारूप नामतः आईसीपीडब्लूएस 1602, आईसीपीडब्लूएस 1603, आईसीपीडब्लूएस 1607, आईसीपीडब्लूएस 1608, आईसीपीडब्लूएस 1609, आईसीपीडब्लूएस 1610, आईसीपीडब्लूएस 1611, आईसीपीडब्लूएस 1612, आईसीपीडब्लूएस 1617, आईसीपीडब्लूएस 1624, आईसीपीडब्लूएस 1626 और आईसीपीडब्लूएस 628 उकठा प्रतिरोधी पाए गए।

2. ckÁ% बीडीएन 13–41, बीडीएन 711, बीआरजी 16–1, बीआरजी 16–2, आईपीए 9एफ, आईसीपीएल 15028, केपीएल 43, एमए 6, एमएएल 13, पूसा 151, पीटी 711–1–1–2, टीडीआरजी 60, आईसीपीडब्लूएस 1617, आईसीपीडब्लूएस 1618 और आईसीपीडब्लूएस 1622 ने लगभग सभी परीक्षित स्थानों पर बाह्य रोग के प्रति प्रतिरोधकता दिखलायी।

3. QkbVk¶Fkkjk ruk vxekjh% बीडीएन 2008–7, एनटीएल 30, जीजेपी 15028 और पीटी 711–1–1–2 ने फाइटोप्थोरा तना अंगमारी के विरूद्ध प्रतिरोधी पायी गयी।

4. eÙkkQkfeuk ruk vxekjh% पांच प्रविष्टियाँ, एकेटीई 12–02, आईपीए 9 एफ, आईपीए 16 एफ, केपीएल 43 और केपीएल 44 मैकोफोमिना तना अंगमारी रोग के खिलाफ कोयम्बटूर में प्रतिरोधी पाई गयीं।

5. yhQ Li,V% प्रविष्टियाँ, बीडीएन 711, सीआरजी 2013–12, आईपीए 9 एफ, आईपीए 16 एफ, एलआरजी 133–33, एमए 6, एनटीएल 30 और वीआरजी 06–03 ने लीफ स्पॉट बीमारी के लिए प्रतिरोधी पाई गयीं।

B. egkekjh foKku

1. बाँझ रोग तापमान से नकारात्मक सम्बंध रखता है जबकि यह हवा की गति तथा आपेक्षिक आद्रता से सकारात्मक सम्बन्ध रखता है।

2. मैक्रोफोमिना ब्लाइट की महामारीः गर्मी के मौसम में वायुमंडलीय तापमान और मिट्टी का तापमान क्रमशः 0.852 और 0.981 के सहसंबंध गुणांक के साथ मैक्रोफोमिना ब्लाइट के आपतन के साथ सकारात्मक सहसंबद्ध पाया गया। अपेक्षाकृत आर्द्रता –0.307 के सहसंबंध गुणांक के साथ रोग के आपतन से नकारात्मक संबंध मिला।

3. चूर्णी फफूंदी रोग की एपिडेमियोलॉजीः चूर्णी फफूंदी रोग का आपतन –0.1805 सहसंबंधक गुणांक के साथ अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान के लिए सकारात्मक रूप से सम्बंधित पाया गया और कोयंबटूर में –0.1652 के सहसंबंध गुणांक के आपेक्षिक आर्द्रता के साथ नकारात्मक रूप से सम्बंधित पाया गया।

ब. फ्यूजेरियम ऊडम के अलग–अलग प्रभेदों की निगरानीः विभिन्न स्थानों पर अलग–अलग विकृत बीमार भूखंडों पर अरहर के अलग–अलग पोषक डिफरेंशियल को लगाया गया तथा फ्यूजेरियम ऊडम के प्रभेद 1, प्रभेद 2 और प्रभेद 3 के लिए विविधता पायी गयी।

D. अरहर के बाँझ मोजैक विषाणु की विविधता का अध्ययनः अरहर के अलग–अलग पोषक अंतरण ने बदनापुर, बेंगलुरु, कोयम्बटूर, राहुरी और वाराणसी में बाँझपन मोजेक विषाणु में परिवर्तनशीलता के अस्तित्व को दर्शाया है।

E. अरहर के उकठा रोग का प्रबंधनः मैनकोजेब 63% + कार्बेन्डाजिम 12% (एसएएएफ) @ 2.50 ग्राम/कि.ग्रा. के साथ बीज उपचार और ट्रायकोडर्मा विरीडी @ 10 ग्रा./कि.ग्रा. से बीजोपचार + गोबर की खाद टी. विरिडी @ 2.5 कि.ग्रा./500 कि.ग्रा. के साथ मिलाकर एक हेक्टर भूमि में बुआई के समय कूंडों में डालने से उकठा सभी स्थानों पर रोग में कमी तथा फसल के उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की गयी।

F. अरहर में बाँझ रोग का प्रबंधनः फेनपाइरैक्सीमेट और प्रोपरगेट की 0.1% के दो छिड़काव प्रथम बुआई के 25 दिनों बाद तथा दूसरा प्रथम छिड़काव के 15 दिनों बाद किया गया तथा बाह्य रोग को रोकने में प्रभावी पाया गया तथा उपज में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

G. सर्वेक्षण और निगरानी अध्ययनः 2016–17 के दौरान उकठा रोग, बाँझ रोग, फाइटोफथोरा तना अंगमारी और सूखे जड़ गलन रोग सभी स्थानों पर अरहर की प्रमुख बीमारियां थीं। उकठा की स्थिति उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में 5–10%, मध्य क्षेत्र में 0–45%, दक्षिण क्षेत्र में 0–55%, उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में 10–12%, उत्तर पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र में 18–19% थी। फाइटोप्थोरा तना अंगमारी का प्रकोप उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में 15%, उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में 10–12%, मध्य क्षेत्र में 12% तथा दक्षिण क्षेत्र में 9–10% दर्ज की गई। शुष्क पौध जड़ गलन रोग सभी क्षेत्रों में बहुत अधिक पाया गया था। दक्षिण, मध्य व उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में फिल्लोडी बीमारी 10% तक दर्ज की गयी है। दक्षिण व मध्य क्षेत्रों में भी देखा गया।

कुछ क्षेत्र में सर्कोस्पोरा तथा अल्टरनेरिआ कवक के द्वारा होने वाले बीमारी को भी पाया गया। वर्ष 2016–2017 में लगभग 17% तक पीतचितेरी विषाणु की समस्या भी कोयम्बटोर में पायी गई।

¼II½ dhV foKku

- खरीफ 2016–2017 में अरहर के 497 जननद्रव्यों का परीक्षण कीट प्रतिरोधकता के लिए किया गया तथा 105 जननद्रव्यों को कीटों के प्रति सामान्य प्रतिरोधी से अति प्रतिरोधी के रूप में चिन्हित किया गया है तथा इसे फिर से कीटों के प्रति प्रतिरोधकता जांच के लिए चुना गया है।
- कीटों तथा नाशी जीवों के प्रकोप के आधार पर उन्नत प्रजाति जैसे जीआरजी 2013, आरवीएसए 7–17, आईसीपी 49114, सीओ (आरजी) 9900134 और गुलयाल लोकल रेड जीन प्रारूपों को फली भेदक कीट के विरुद्ध आशाजनक पाया गया है।
- उन्नत सामग्री में, जीनप्रारूप एलआरजी 41, एच 23, आईसीपीएचएआरएल 498 9 7, आईसीपीएचएआरएल 4985–10, आईसीपीएचएआरएल 4985–11, ग्वालियाल स्थानीय रेड और जीआरजी 2013 को फली भेदक के विरुद्ध कम फलियों के क्षति के किये आशाजनक पाया गया है।
- फली निकलने के समय 10 से 15 दिनों के अंतराल पर क्लोरंट्रानिलिप्रेल 18.5 एससी/30 ग्रा. सक्रिय तत्व/हे., फ्लैबेंडियामाइड 480 एससी @ 30 ग्रा. सक्रिय तत्व/हे. और डीमेथोएट 30 ईसी @ 600 जी सक्रिय तत्व/हे., को क्रमिक रूप से छिड़कने पर फली भेदक तथा चूसने वाले कीटों से कम से कम नुकसान के साथ अधिक उपज प्राप्त की जा सकती है।
- ब्लिस्टर बीटल के खिलाफ, लैम्ब्डा–साइहालोथ्रिन 5 ईसी/25 ग्रा सक्रिय तत्व/हे. की दर से छिड़काव करने पर अधिक उपज प्राप्त होती है क्योंकि इसके छिड़काव से यह कीट पूरी तरह मर जाता है।
- मध्य क्षेत्र में, हेलिकोवर्पा और मारुका की लार्वा जनसंख्या नवंबर के प्रथम पखवाड़ा के दौरान अधिक थी, जबकि हेलिकोवर्पा की वयस्क संख्या नवंबर के दूसरे पखवाड़े से दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े के दौरान अधिक थी।
- दक्षिणी क्षेत्र में हेलिकोवर्पा की लार्वा संख्या नवंबर के दूसरे पखवाड़े के दौरान दिसंबर के पहले पखवाड़े से अधिक थी। यह कीट अधिकतम और न्यूनतम तापमान से नकारात्मक रूप से सम्बंधित था तथा आपेक्षिक आद्रता 1 और आपेक्षिक आद्रता 2 के साथ सकारात्मक रूप से सम्बंधित पाया गया।
- किसानों के खेतों में किए गए सर्वेक्षणों में संकेत मिलता है कि हेलिकॉवेपा, मारुका और पॉडफ्लाई के कारण पॉड क्षति क्रमशः 20.2, 28.8 और 38.8% तक दर्ज की गई। कोयम्बटूर में, हेलिकॉवेपा क्षति 82% तक दर्ज की गई। पंजा बग, क्लाविग्रल्ला गिबोसा पंजाब (एसडब्लू जिलों) में पहली बार 14% तक की बीज क्षति के कारण प्रमुख चूसने वाली कीट के रूप में दिखाई दिया।

¼II½ l=—fe

1. जीनप्रारूप एटीटीएम 1012 ने दो स्थानों पर प्रतिरोधी प्रतिक्रिया दी और चार परीक्षण स्थानों में से मेलोगोडाइन जावनिका के खिलाफ एक स्थान पर मामूली प्रतिरोधी प्रतिक्रिया दी।
2. तीन जीनप्रारूप, सीआरजी 2012–25, सीआरजी 17 और पीए 414 को एक स्थान पर प्रतिरोधी पाया गया और चार जगहों में से दो स्थानों पर *एम. जवानिका* के खिलाफ मामूली प्रतिरोधी देखा गया।
3. दो जीनप्रारूप, सीओ 6 और सीआरजी 2012–2 *मे इन्कॉग्नीता* के खिलाफ पांच स्थानों में से तीन जगहों पर मामूली रूप से प्रतिरोधी पाए गए।

4- vfxe ifä çn'ku

1. 2016–17 के दौरान अरहर पर 310 हेक्टेयर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का आयोजन 5 घटकों पर सोयाबीन, ट्रांसप्लांटिंग, आईपीएम, उठी हुई बीज शैय्या पर बुवाई और पैकेज प्रौद्योगिकी (सभी घटकों का एकीकरण) किया गया था, जिसमें से 335 हेक्टेयर में आवंटित किए गए प्रदर्शनों में से सभी 310 हेक्टेयर प्रदर्शनों के परिणाम बहुत अच्छे आये हैं।
2. अरहर की सोयाबीन के साथ अन्तर्सस्य खेती (2:4) के द्वारा 60 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों के द्वारा एकल फसल की तुलना में 35.1% ज्यादा उपज प्राप्त हुई है।
3. प्रत्यारोपण पद्धति में सामान्य बोने की तुलना में 63. 87% अधिक उपज के साथ 5 हेक्टेयर में लगाए गए प्रदर्शनों में 85% अधिक शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।
4. 15 हेक्टेयर में लगे प्रदर्शन परीक्षणों में कीट फली भेदक के प्रबंधन के द्वारा 15.06% अधिक पैदावार दर्ज की गयी तथा 24.8% अधिक शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है।
5. 10 हेक्टेयर में लगे प्रदर्शन परीक्षण में सपाट बुआई की

तुलना में उठी हुई शैय्या पर बुआई के द्वारा 45.13% अधिक उत्पादन प्राप्त हुआ।

6. उत्पादन प्रौद्योगिकी के सभी घटकों के एकीकरण ने अरहर की उत्पादकता 34.30% से बढ़ाकर 40.45% कर दी, 220 हे. में प्रदर्शनों में उच्च शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

eykih

vf[ky Hkkjrh; lefUor 'kks/k ifj;kstuk ¼ex] mn] elj] jktek] eVj ,oa [kslkjh½

ex

- **fojkV ¼vkbihe 205&7½** मूंग की यह प्रजाति चमकदार और 50–60 दिन में पकने वाली तथा यह आईपीएम 2–3 तथा ईसी 398889 के संकरण से विकसित हुई है। इसकी औसत उपज 10 कुन्तल/हे. तथा यह एमवाईएमवी तथा फफूंद के विरूद्ध प्रतिरोधी भी है।
- **f'k[kk ¼vkbihe 410&3½** मूंग की यह प्रजाति आईपीएम 03–3 और एनएम 1 के संकरण से विकसित हुई है। इसकी औसत उपज 11–12 कुन्तल/हे. है।
- **ikl&137** मूंग की यह प्रजाति पूसा विशाल और आईपीएम 03–1 और एनएम 1 के संस्करण से विकसित की गयी है। इसकी औसत उपज 11–12 कुन्तल/हे. है।
- **ir ex&8 ¼ih,e 09&6½** मूंग की यह प्रजाति पीएम 3 और एनडीएम 99–3 के संकरण से विकसित हुई है। इसकी औसत उपज 10 कुन्तल/हे. तथा इसकी पकने की अवधि 78–83 दिन है। यह प्रजाति उत्तराखण्ड के लिय संस्तुत की गयी है।
- **,l,e,y 115** मूंग की यह प्रजाति कम अवधि में पकने वाली तथा इसका बीज बड़ा, चमकदार और हरे रंग का है तथा मूंग पीतचितेरी विषाणु के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है तथा इसकी औसत उपज 11–12 कुन्तल/हे. और यह एसएमएल 134 और एसएमएल 715 के संकरण से विकसित हुई है। यह प्रजाति मुख्य रूप से ग्रीष्म कालीन और समय पर तथा सिंचित क्षेत्र में बोने के लिए संस्तुत की गयी है।
- **,e,y 2056** मूंग की यह प्रजाति एमएल 1165 और एमएल 1191 के संकरण से विकसित हुई है। इसकी औसतन उपज 11–12 कुन्तल/हे. है यह मूंग पीतचितेरी विषाणु के प्रति प्रतिरोधी है यह प्रजाति खरीफ मौसम के लिये पंजाब के लिये चिन्हित की गयी है।
- **;nknjh ¼MCyythth 42½** मूंग की यह प्रजाति तीनों मौसम क्रमशः रबी, खरीफ और ग्रीष्म ऋतु में बोने के लिये तेलंगाना हेतु चिन्हित और संस्तुत की गयी है। इसकी औसतन उपज 10–12 कु./हे. और पीताचितेरी विषाणु रोग के प्रति प्रतिरोधी है।
- **Jh jkek ¼,ethth 351½** मूंग की यह प्रजाति तेलंगाना प्रदेश के लिये खरीफ और धान के बाद बोने के लिये चिन्हित संस्तुत की गयी है। यह प्रजाति पीतचितेरी विषाणु रोग के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है। इसकी उपज औसतन 12–14 कु./हे. है।
- **,e,lt 118 ¼d'kokun ex 2½** मूंग की यह प्रजाति, खरीफ और जायद मौसम के लिये राजस्थान की चिन्हित किया गया है। यह पीतचितेरी विषाणु रोग के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है और इसकी औसत उपज 10–11 कु./हे. है।
- **vkj,eth 975 ¼d'kokun ex 1½** यह हरा चमकदार और बड़े दाने वाले बीज की मूंग की प्रजाति है। यह प्रजाति खरीफ मौसम में राजस्थान के लिये चिन्हित की गयी है इसकी औसत उपज 11–12 कु./हे. है और पीतचितेरी विषाणु रोग व जड़ गांठ सूत्रकृमियों के विरूद्ध के प्रति अत्यधिक सहनशील है।
- **,ycth 787** उर्द की यह प्रजाति एलबीजी 685 × आईपीयू 58-1 के संकरण से विकसित हुई है इसकी औसत उपज 1800 कि.ग्रा./हे. है और यह भी प्रजाति बड़े दाने पर तथा पीतचितेरी विषाणु रोग के प्रति प्रतिरोधी है यह प्रजाति धान के बाद बोने के लिये उपयुक्त है। यह प्रजाति मुख्यतः आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा और कर्नाटक के लिये चिन्हित की गयी है।
- **oYyHk mn 1** उर्द की इस प्रजाति की औसत उपज 10–11 कु./हे. है और इसकी पकने की अवधि 70–75 दिन है। यह प्रजाति मूंग पीत चितेरी विषाणु के प्रति सहनशील है। इस प्रजाति को उत्तर प्रदेश में मुख्यतः खरीफ मौसम में बोने के लिये चिन्हित किया गया है।
- **Vhchth 104 ¼fr:ifrfeue½** उर्द की यह प्रजाति पन्त उर्द 19 × एलबीजी 625 के संकरण से विकसित हुई है। यह प्रजाति मूँग पीत चितेरी विषाणु और चूर्णी फफूंदी रोग के प्रति सहनशील है। इस प्रजाति को आंध्र प्रदेश मुख्यतः रबी मौसम में बोने के लिये चिन्हित किया गया है।

- **ihMhdoh Cykd xkYM ¼,d;k 10&1½** उर्द की यह प्रजाति टीएयू 1 × एआरयू 18-1 के संकरण से विकसित हुई है। इसकी औसतन उपज 10 कु./हे. है। यह प्रजाति मूंग पीत चितेरी रोग और चूर्णी फफूंदी रोग के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है। इस प्रजाति को महाराष्ट्र में मुख्यतः खरीफ मौसम में बोने के लिये चिन्हित किया गया है।

eljः

- **vkjoh,y 11-6** मसूर की यह बड़े दानों वाली इस प्रजाति मध्य क्षेत्र में शामिल राज्य जैसे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और दक्षिण राजस्थान के लिये चिन्हित किया गया है।
- **vkbZih,y 220** मसूर की यह प्रजाति सर्वश्रेष्ठ मानक प्रजाति से अधिक उपज देती है और इसमें अधिक मात्रा में लौह तत्व और जस्ता होता है और इसके उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में शामिल राज्यों, पूर्वी उ.प्र., बिहार, असम और पश्चिम बंगाल हेतु चिन्हित किया है।
- **vkjd,y 607-1** मसूर की यह प्रजाति जो मानक किस्म से काफी अधिक उपज दे रही है और इसकी पकने की अवधि 104 दिन है। मसूर की इस प्रजाति को मध्य क्षेत्र में शामिल राज्यों म.प्र., छत्तीसगढ़, दक्षिण, राजस्थान और महाराष्ट्र के लिये चिन्हित किया गया है।
- **,y 4717** मसूर की यह प्रजाति जो मानक किस्म से काफी अधिक उपज दे रही है और इसकी पकने की अवध 100 दिन है। मसूर की इस प्रजाति को मध्य क्षेत्र में शामिल राज्यों म.प्र., छत्तीसगढ़, दक्षिण राजस्थान और महाराष्ट्र के लिये चिन्हित किया गया है।

eVjः

- **vkbZih,Qch 12-2** मटर की यह प्रजाति मानक किस्म से अधिक उपज प्रदर्शित करती है और यह चूर्णी फफूंदी रोग के प्रति प्रतिरोधी है। इसे मध्य क्षेत्र में शामिल राज्यों म.प्र., छत्तीसगढ़, गुजरात और दक्षिण राजस्थान के लिये चिन्हित किया गया है।

izjtud cht mRiknuः

- मूंग में कुल 42 प्रजातियों का 685.85 कु. जनक बीज उत्पादन किया गया।
- उर्द में कुल 40 प्रजातियों का 296.40 कु. बीज उत्पादित हुआ।
- मसूर में 31 प्रजातियों का 474.36 कु. प्रजनक बीज उत्पादन हुआ।
- मटर में 21 प्रजातियों का 758.60 कु. प्रजनक बीज उत्पादन हुआ है।
- खेसारी का 14 कु. जनक बीज प्रजनक बीज और राजमा का 7 कुन्तल जनक बीज उत्पादित हुआ।

ikni tuu0; izc/kuः

- मूंग के कुल 3389 और उर्द के 2493 जननद्रव्य विभिन्न केन्द्रों में अनुरक्षित हैं। 18 वन्य प्रजातियों भी विभिन्न केन्द्रों में अनुरक्षित हैं। मसूर में 4180 और मटर में 1451 और चटरी में 2424 जननद्रव्य विभिन्न केन्द्रों में अनुरक्षित है।

vfxe ifDr in'kuः

- खरीफ मूंग में पैकेज प्रौद्योगिकी पर 85 प्रदर्शन आयोजित किये गये थे। स्थानीय पद्धति की तुलना में पैकेज प्रौद्योगिकी द्वारा उपज में 26.34% वृद्धि तथा शुद्ध लाभ में 51.50% वृद्धि प्रदर्शित की गयी है।
- धान के बाद मूंग में स्थानीय प्रजाति की तुलना में पैकेज प्रौद्योगिकी द्वारा दानों की उपज में 41.10% वृद्धि व शुद्ध औसत लाभ में 61.89% वृद्धि प्रदर्शित की गयी।
- खरीफ उर्द में पैकेज प्रौद्योगिकी पर 50 प्रदर्शन आयोजित किये गये जहाँ स्थानीय प्रजातियों की तुलना में दानों की उपज में 39.10% की वृद्धि तथा का शुद्ध लाभ में 30.52% दर्ज किया गया है।
- रबी उर्द में स्थानीय प्रजातियों की तुलना में दानों की उपज में 19.82% वृद्धि तथा शुद्ध लाभ में 29.87% वृद्धि पैकेज प्रौद्योगिकी द्वारा दर्ज की गयी।
- धान से खली क्षेत्रों में पैकेज प्रौद्योगिकी द्वारा उर्द की स्थानीय प्रजातियों की तुलना में दानों के उपज में 18.22% वृद्धि तथा शुद्ध लाभ की स्थिति में 22% वृद्धि पायी गयी।
- मसूर, मटर और राजमा में पूर्ण प्रौद्योगिकी पैकेज के साथ कुल 147 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गए जिसके परिणामस्वरूप मसूर (31%) मटर (53%) तथा राजमा (37%) की उपज में वृद्धि हुई। खेती के तरीके में सुधार करके किसानों द्वारा मसूर (29%), मटर (50%) तथा राजमा (34%) उगाकर औसत मौद्रिक वृद्धि प्राप्त की गयी।

Qly mRiknu

- पेंडीमेथलीन 30 ई.सी. + इमैजेथापर 2 ईसी (तैयार मिश्रण) @ 0.75 कि.ग्रा./हे. का प्रयोग करने तथा बुवाई 25–30 के बाद हाथ से निकाई द्वारा खरपतवार के नियंत्रण में कोटा, टोली, इम्फाल, लाम, रायपुर, पन्तनगर तथा बम्बन में उर्द की उपज में वृद्धि दर्ज की गयी।
- पुष्पावस्था पर 2% यूरिया का छिड़काव + सैलिसाइलिक एसिड 75 पी.पी.एम. या एनपीके (18:18:18) 2% का छिड़काव पुष्पावस्था में करने पर मूंग की ज्यादा उपज दुर्गापुरा, कोटा व बहरामपुर में पायी गयी जबकि 75 पीपीएम सैलिसाइलिक एसिड का प्रयोग पुष्पावस्था पर और पहले छिड़काव के 7 दिन बाद एक और छिड़काव करने से धारवाड़ व इम्फाल में मूंग की ज्यादा उपज पायी गयी।
- उर्द और मक्का की अन्तर्फसलीय प्रणाली में 1:1 पंक्ति अनुपात और खरपतवार नियन्त्रण हेतु पेन्डीमेथलीन 30 ईसी @ 0.75 कि.ग्रा./हे. व बुआई के 20–25 दिनों के बाद इमैजाथापर @ 75 ग्रा./हे. का प्रयोग उर्द का अधिक उत्पादन प्राप्त हुआ।
- मसूर में बीजों के बगैर किसी उपचार की तुलना में उर्वरकों की संस्तुत मात्रा (20–17–16–20 कि.ग्रा. एनपीकेएस/हे. + 25 कि.ग्रा. जिंक सल्फेट + राइजोबियम + पीएसबी+पीजीपीआर द्वारा बीजोपचार तथा 1.0 ग्राम सोडियम मोलिब्डेट/कि.ग्रा. द्वारा बीजोपचार करने से मटर व मसूर की अधिक उपज व शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। अनुपचारित की तुलना में इसके बाद उर्वरकों की संस्तुत मात्रा (20–17–16–20 कि.ग्रा. एनपीकेएस) के साथ राइजोबियम कल्चर+पीएसबी+ पीजीपीआर+ 1.0 ग्राम अमोनियम मोलिब्डेट/कि.ग्रा. बीज की दर से बीजोपचार का स्थान रहा।
- मसूर में नियन्त्रण की तुलना में समेकित फसल प्रबन्धन क्रियाओं जैसे पोषक तत्व (पोषक तत्वों की आधी मात्रा जैविक स्रोतों द्वारा + आधी मात्रा अकार्बनिक स्रातों द्वारा) + अंकुरण के पूर्व खरपतवारनाशी (पेन्डीमीथेलीन 30 ईसी @ 0.75–1.00 कि.ग्रा./हे. के छिड़काव के उपरान्त बुवाई के 30–60 दिनों बाद हाथ द्वारा एक निकाई–गुड़ाई + कीट नियन्त्रण (थीरम 3 ग्राम/कप्तान 2 ग्राम/कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम/कि.ग्रा. बीज के बीजोपचार तथा उसके उपरान्त मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल/डाइमीथोएटा 30 ईसी + प्रोपिकोनाजोल 25 ईसी 500 मि.ली./हे.) द्वारा सार्थक रूप से अधिक उपज व शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ तथा इसके बाद पोषक तत्व प्रबन्धन + खरपतवार प्रबन्धन का स्थान रहा। एकल रूप में (प्राथमिकता की दृष्टि से) खरपतवार प्रबन्धन, पोषक तथ्व प्रबन्धन तना कीट प्रबन्धन उपज बढ़ाने में महत्वपूर्ण कारक रहे।
- 10 या 20 से.मी. धान की खूटियों की तुलना में, 30 से. मी. धान की खूटियों के सथ खेसारी के बीज को 0.5 ग्राम/कि.ग्रा. खेसारी बीज की दर से उपचार करके अगेती या मध्यम परिपक्वता अवधि वाली धान की किस्मों की कटाई के बाद खेसारी की रिले फसल के रूप में बुवाई से अधिक उपज प्राप्त हुई।
- मूँग की प्रविष्टि केएम 2241 ने मूँग पीत चितेरी विषाणु रोग, वेब ब्लाइट, यूएलसीवी तथा एन्थ्रेकनोज, जैसे कई रोगों के विरूद्ध प्रतिरोधकता दर्शाई। जबकि पूसा 1371 ने मूंग पीत चितेरी विषाणु, जड़ गलन, वेब ब्लाइट तथा एन्थ्रेकनोज रोगों तथा एमएच 2–15 प्रविष्टि ने मूंग पीत चितेरी विषाणु, जड़ गलन व एन्थ्रेकनोज रोगों तथा वीजी 10–008 व एमएल 2412 ने मूँग पीत चितेरी विषाणु, बैक्टीरियल लीफ स्पॉट तथा एन्थ्रेकनोज के विरुद्ध प्रतिरोधिता दर्शाई। प्रविष्टि पीएम 10–18 व आईपीएम 312–19 ने मूंग पीत चितेरी विषाणु व जड़ गलन तथा प्रविष्टि आईपीएम 2–14 ने मूंग पीत चितेरी विषाणु तथा वेब ब्लाइट जैसे विभिन्न रोगों के लिए अवरोधिता दर्शाई।
- मूंग व उर्द में चूर्णी फफूंदी रोग के विरूद्ध प्रोपिकोनाजोल तथा हेक्साकोनजोल में सर्वाधिक प्रभावी पाए गए।
- मूंग पीएम 10-18, आईपीएम 312-19 दोनों मूंग पीत चितेरी विषाणु व जड़ गलन रोगों के प्रति प्रतिरोधक पाए गए। और आईपीएम 2-14 के प्रति प्रतिरोधक है।
- ईमडाक्लोप्राइड के साथ बीजोपचार और पत्तियों में छिड़काव और हेक्साक्लोनोजोल के साथ पत्तियों में छिड़काव मूंग पीत चितेरी विषाणु और पत्तियों वाले रोग के प्रभाव को कम करता है।
- उर्द की आईपीयू 2-43 मूंग पीत चितेरी रोग, वेब ब्लाइट व एन्थ्रेकनोज के प्रति प्रतिरोधक है और पन्त उर्द 31 और केयू 96-3 मूंग पीत चितेरी विषाणु तथा एन्थ्रेकनोज के प्रति सभी स्थानों में प्रतिरोधी पाया गया और एक प्रविष्टि टीयू 22 पीत चितेरी विषाणु रोग तथा जड़ गलन के विरूद्ध प्रतिरोधी पाया गया। उर्द की किस्म वीबीजी 11-053 और केयूजी पीत चितेरी विषाणु रोग व वेब ब्लाइट के प्रति अधिकतम प्रतिरोधी पाई गयी।
- कवकनाशी प्रोपिकोनोजोल और हेक्साइकेनोजोल मूंग में चूर्णी फफूंदी के प्रभाव को कम करने में प्रभावी है।

- मसूर की किस्म एलएल 1375 स्टेम फाइलियम अंगमारी, रतुआ व उकठा के प्रति प्रतिरोधी है और पीएल 063 जड़ गलन, रतुआ और उकठा के प्रति प्रतिरोधकता दर्शाती है।
- मसूर पीएल 4 की किस्म रतुआ और एस्कोकाइटा अंगमारी के प्रति प्रतिरोधी है और पीएल 22 और उकठा के विरूद्ध प्रतिरोध दर्शाती है।
- कवकनाशी एमीस्टार और ट्यूब्यूकोनोजोल मसूर में रतुआ रोग के प्रभाव को कम करता है और उपज बढ़ाता है।
- प्रजातियों की अन्तप्रतिक्रिया में विभिन्नता, मटर में हाट–स्पाट का सुझाया है।
- मटर की किस्म एचयूडीपी 1502, पन्त मटर 279, पन्त मटर 266, पन्त मटर 247 और आईपीएफ 2014-13 रतुआ के प्रति प्रतिरोधी है।
- मटर की किस्म अम्बिका, प्रकाश, एचएफपी 715, वीएल 60, पन्त मटर 286, एचयूडीपी 15, आरएफपीजी 75, विकास, एचएफपी 529, आरएफपीजी–टी 8 और केपीएमआर 936 चूर्णी फफूंदी के प्रति प्रतिरोधी है।
- लुधियाना में खरीफ मूंग की किस्म एमएच 2-15, आईपीएम 510-3, पूसा 1572, पूसा 1472 और एमएच 921 सफेदमक्खी और किस्म एमएल 818, एसजीसी 20, एचयूएम 27 एवं एनवीएल 516 जैसिड के लिये आशाजनक माना गया है।
- चूषक कीटों के नियंत्रण के लिये बीजोपचार प्रारम्भिक 40–45 दिन के लिये प्रभावी था। नवीन कीटनाशी थियोमेथैक्साम @ 0.3 ग्रा./ली. और क्लोथिएनीडीन 0.1 ग्रा./ली. के रूप में अच्छा उपचार पाया गया जिससे कीटों के प्रभाव में भारी कमी व उपज में वृद्धि दर्ज की थी।
- वम्बन, कोयम्बटूर और बहरामपुर में रबी मूंग की किस्में वीबीजी 10-008, सीओजीजी 110-2, टीएआरएम 1 और वीजीजी 05-000 चूषक कीट तथा फली छेदक के प्रतिरोधी पायी गयी है।
- कीटों द्वारा फसलों की उपज में लुधियाना में 23.5–41.4%, दुर्गापुरा में 10.8–23.7% तथा फैजाबाद में 34.7% की क्षति दर्ज की गयी।
- फली भेदक के विरूद्ध लुधियाना में मसूर की प्रजातियां आईपीएल 334, आरकेएल 24–सी–59, एलएल 1318 तथा पन्तनगर में पन्त मसूर 406, पन्त मसूर 4, केएलबी 1442, एल 4710 तथा एल 4735 प्रतिरोधी पायी गयीं। इसी प्रकार, रांची में पीएल 4, आरकेएल 14–20, केएलबी 1442 व आरवीएल 14–5 तथा दुर्गापुरा में एल 4076, आरएलजी 191, केएलएस 1445 तथा एल 4726 फली भेदक के विरूद्ध प्रतिरोधी पायी गयीं।
- मटर के जीनप्रारूप, आरएफपी 11–2 व आईपीएफ 2014–13, पन्तनगर में, पन्त मटर 243 व एचयूडीपी 15 वाराणसी में, रचना, प्रकाश, एचएफपी 529 व पन्त मटर 74 शिलॉन्गनी में तथा रचना, पन्त मटर 74 तथा एचयूडीपी 1502 रांची के लिए उपयोगी पाए गए।
- मटर में अन्य उपचारों की तुलना में कार्बोफ्यूरान 3जी @ 1.5 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व/हे. के उपचार से सूत्रकृमियों की संख्या में भारी कमी तथा उपज में वृद्धि पायी गयी। इसके बाद मृदा में 500 कि.ग्रा./हे. की दर से नीम की खली मिलाने से तथा 25 डी.टी. @ 0.1% कार्बोसल्फान से बीज उपचार अधिक प्रभावी दर्ज की गयी है।

vf[ky Hkkjrh; e: nygu uVodh ifj;kstuk

fr:ifr yksfc;k ¼VhihVhlh 291½ % यह प्रजाति सीओवीयू 702 और एक स्थानीय लैन्डुरेस के संस्करण से विकसित हुई है और इसको देश के दक्षिणी राज्यों जैसे आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु अथवा ओडिसा के लिये संस्तुत किया गया है। यह प्रजाति प्रकाश के प्रति असंवेदनशील है तथा सभी ऋतुओं में उगाई जा सकती है। इसकी फली लम्बी तथा दाने बड़े आकार के होते हैं (14.2 ग्रा./100 दाने)। इसके पकने की अवधि लगभग 81 दिन है। इसकी औसत उपज 10–11 कु. प्रति हेक्टर है। यह प्रजाति शुष्क जड़ गलन एवं पीत चितेरी रोग के प्रति मध्यम सहिष्णु है।

ihlhih 0306 % यह प्रजाति पूसा दोफसली एवं वीसीएम 8 के संकरण से विकसित हुई है। इस प्रजाति को आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा ओड़िसा के लिए संस्तुत किया गया है। इसका पौधा सीधा खड़ा रहने वाला, दाना सफेद रंग का तथा मध्य आकार (10.4 ग्राम/100 दाने) का होता है। इसके पकने की अवधि 71–77 दिन तथा औसत उपज 10–11 कु./हे. है। यह प्रजाति सर्कोस्पोरा पत्ती रोग के लिये मध्यम सहिष्णु है।

MhlhlhA 15% यह प्रजाति सी 152 एवं गोआ स्थानीय के संकरण से विकसित हुई है तथा देश के दक्षिणी भागों में खेती के लिये संस्तुत की गयी है। इस प्रजाति में निर्धारित वृद्धि गुण तथा सभी फलियाँ एक साथ पकती हैं। इसके पकने की अवधि 75 से 78 दिन है तथा इसके दाने भूरे रंग के मध्यम आकार (11.8 ग्राम/100 दाने) के हैं। इसकी औसत उपज लगभग 11 से 13 कु./हेक्टर है। यह प्रजाति शुष्क जड़ गलन एवं पीतचितेरी के प्रति मध्यम सहिष्णु है।

vkj,evk 2251 ¼e:/kj¼ इस प्रजाति का विकास प्रजाति आरएमओ 225 में उत्परिवर्तन करके किया गया है तथा इसको मोंठ उगाने वालों क्षेत्रों के लिये संस्तुत किया गया है। इसका तना सीधा होता है तथा चारे के रूप में प्रयोग भी की जाती है। प्रजाति 63–67 दिनों में पककर तैयार हो जाती है तथा औसत पैदावार 5–6 कु./हेक्टर है। इसमें पीत चितेरी रोग कम लगता है तथा पत्ती संकुचन विषाणु के प्रति सहिष्णु है।

vkjth,l 3 ¼ ग्वार की यह प्रजाति आरजीसी 936 एवं आरजीसी 1002 के संकरण से विकसित की गयी है। यह प्रजाति ग्रीष्म ऋतु में ग्वार उगाने वाले क्षेत्रों के लिये चिन्हित की गयी है। इसका पौधा शाखानुमा मध्यम बढ़त वाला, अनिर्धारित वृद्धि गुण वाला होता है। यह प्रजाति 91 दिन में पककर तैयार हो जाती है तथा औसत उपज 10–12 कु./हे. है।

tud cht mRiknu

कृषि एवं सहकारिता विभाग की 268.29 क्विंटल माँग के साक्षेप ग्वार की 14 प्रजातियों का 257.25 क्वि. जनक बीज का उत्पादन किया गया। लोबिया की 10 प्रजातियों में 168.2 क्वि. बीज की माँग प्राप्त हुई तथा 71.0 क्वि. जनक बीज पैदा किया गया। मोंठ की 6 प्रजातियों की 56.0 क्वि. माँग के साक्षेप 23.30 क्वि. जनक बीज का उत्पादन किया गया। इसी प्रकार कुल्थी में 9.70 क्वि. जनक बीज की माँग प्राप्त हुई तथा 1.7 क्वि. जनक बीज का उत्पादन किया गया।

lL; foKku

ykfc;k esa mojdk ,oa lw{e rRoksa dk i;ksx

सरदार कृषि नगर अनुसंधान केन्द्र, गुजरात में लोबिया पर किए गए प्रयोग में सामान्य बुवाई (45×10 से.मी.) करने पर 373.00 कि.ग्रा./हे. की उपज प्राप्त हुई जबकि 1% जस्ता और बोरान का 1% छिड़काव फसल की वानस्पतिक अवस्था में प्रयोग करने पर 313.00 कि.ग्रा./हे. की उपज ही प्राप्त हुई।

Xokj esa mojdk ,oa lw{e rRoksa dk i;ksx

राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में 1% यूरिया और पी.पी. रसायन का फसल की वानस्पतिक अवस्था में छिड़काव करने पर 13.40 कु./हे. उपज प्राप्त हुई जो 2.5 टन गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर डालने में मिली उपज के लगभग बराबर थी।

गोवा व ग्वालियर में ग्वार पर किए गये प्रयोग में उर्वरक की संस्तुत मात्रा एवं 2.5 टन गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर डालने पर 24.40 कु./हेक्टेयर की उपज प्राप्त हुई और ₹ 1,01,525.00 का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

यूएएस, बैंगलौर में लोबिया पर घुलनशील उर्वरकों (19:19:19) का 1% घोल का फसल की वानस्पतिक अवस्था में छिड़काव किया गया जिससे 15.74 कु./हे. उपज प्राप्त हुई।

Xokj esa [kjirokj fu;a=.k

सरदार कृषि नगर अनुसंधान केन्द्र, गुजरात में खरपतवार नियंत्रित उपचार में 572.00 कि.ग्रा./हे. उपज प्राप्त हुई जो कि पेन्डीमेथलिन @ 0.75 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व प्रति हे. का प्रयोग अंकुरण पूर्व और 251 दिन के बाद एक निराई करने की उपज से अधिक थी।

गोवा व ग्वालियर में किए गए प्रयोगों में पेन्डीमेथालिन @ 0.75 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व प्रति हे. अंकुरण पूर्व छिड़काव व 25 दिनों बाद एक निराई करने पर 2079.00 कि.ग्रा./हे. प्राप्त हुई और की उपज ₹ 1,08,923.00 का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में पेन्डीमेथालिन @ 0.75 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व/हे. अंकुरण पूर्व व मेजेथाइपर + इमेजेमाक्स @ 40 ग्रा./हे. अंकुरण पश्चात करने पर 8039 कु./हे. की उपज एवं ₹ 33,895 /हे. का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

जबकि हनुमानगढ़ में पेन्डीमेथालिन @ 0.75 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व/हे. अंकुरण पूर्व छिड़काव एवं 20–25 दिन बाद एक निराई करने पर 1146 कि.ग्रा./हे. की उपज प्राप्त हुई।

ykfc;k esa [kjirokj fu;a=.k

सरदार कृषि नगर अनुसंधान केन्द्र, गुजरात में लोबिया पर किए गए प्रयोग में पाया गया कि पेन्डीमेथालिन @ 075 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व प्रति हे. का अंकुरण पूर्व व 20–25 दिन बाद एक निराई व खरपतवार नियंत्रित उपचार में (471.00 कि.ग्रा./हे.) कोई अन्तर नहीं मिला।

जबकि राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुर में पेन्डीमेथालिन @ 0.75 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर का पूर्व अंकुरण छिड़काव व 40 ग्रा./हे. अंकुरण के पश्चात छिड़काव करने पर 7.69 कु./हे. उपज प्राप्त हुई जिससे ₹ 34,365.00 का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

विभिन्न मरू दलहनी फसलों में रोगों के प्रति प्रतिरोधिता परखने के लिये नए जीनप्रारूपों का परीक्षण किया गया। ग्वार में जीनप्रारूप सीएजेडजी 15–1, एक्स 8 एवं जीएजीयू 1210 विभिन्न रोगों के लिये जीवाणु पर्ण अंगमारी तथा रोगों

के प्रति रोगरोधी पाया गया। लोबिया में विभिन्न केन्द्रों पर जीनप्रारूपों सीपीडी 183, सीपीडी 173, केबीसी 7, केबीसी 9, पीजीसीपी 27, पीटीबी 1, पीसीपी 09–72 में जड़ विगलन एवं बेब ब्लाइट के लक्षण नहीं दिखाये पड़े।

मोंठ के जीनप्रारूप, आरएमओ 257, आरएमओ 225, ज्वाला, आरएमओ 40–30 पीत चितेरी रोग के प्रति मध्य सहिष्णु पाए गए। कुल्थी के 9 जीनप्रारूप सर्कोस्पोरा पर्ण अंगमारी के प्रति मध्य प्रतिरोधक पाये गये।

विभिन्न केन्द्रों पर प्रयोगों से ज्ञात हुआ है कि ग्वार में स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 500 पीपीएम (एसएस) + स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 250 पीपीएम + कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (0.2%) के दो बार छिड़काव से जीवाणु पर्ण अंगमारी की रोकथाम होती है तथा 11–12 क्वि./हे. की उपज प्राप्त होती है।

